* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

* पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* रजि.नंबर : 52290/90 * वर्ष :37, * अंक: 58 * पृष्ठ: 12 * औरंगाबाद, शनिवार, 25 जुलाई 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



प्रदेश के खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

### हर पंचायत में चलेगा खेल प्रतिभा खोज अभियान

## खिलाड़ियों को मिलेगा विश्वस्तरीय मंच : मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक पंचायत में विशेष अभियान चलाकर खेल प्रतिभाओं की पहचान करेगी और उन्हें विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराएगी, ताकि बिहार के खिलाड़ी ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, विश्व कप और आईपीएल जैसे बड़े मंचों तक पहुंच सकें। ऊर्जा ऑडिटोरियम, राजवंशीनगर में खेल विभाग की ओर से आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना' के तहत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आकाश दीप और मुकेश कुमार सहित 19 खिलाड़ियों को नियुक्ति-पत्र तथा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के चयनित खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को सरकारी सेवा में नियुक्ति देकर सरकार ने यह संदेश दिया है कि उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मान और अवसर दोनों मिलेंगे। उन्होंने बताया कि पहली बार किसी खिलाड़ी को डीएसपी जैसे उच्च पद पर नियुक्ति दी गई है, जो राज्य के



खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं के विकास, आधुनिक प्रशिक्षण और खेल अवसंरचना के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि 15 सितंबर से पंचायत स्तर पर खेल प्रतिभा खोज अभियान शुरू किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।,



उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में राज्यभर में 5,000 खेल मैदानों का निर्माण पूरा किया गया है। वहीं, पटना के मोइनुल हक स्टेडियम का विश्वस्तरीय पुनर्विकास कराया जा रहा है, जिसकी संचालन जिम्मेदारी बीसीसीआई को सौंपी गई है। लगभग 40 हजार दर्शकों की क्षमता वाला यह स्टेडियम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के योग्य बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नालंदा में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना और राज्य में तीन विश्व कप स्तर की प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन से बिहार की खेल पहचान मजबूत हुई है। उन्होंने खिलाड़ियों से राष्ट्रीय खेलों में बिहार को देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। समारोह में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर मुकेश कुमार और आकाश दीप को पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) तथा एथलीट पियूष राज को पुलिस अवर निरीक्षक (एसआई) पद पर नियुक्ति दी गई। इसके अलावा पांच पैरा खिलाड़ियों सहित विभिन्न खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। खेल सम्मान योजना के तहत एथलीट सेतु मिश्रा को एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में स्वर्ण और रजत पदक जीतने पर 37.50 लाख, विभास्कर कुमार को उसी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर 2 लाख तथा शतरंज खिलाड़ी मरियम फातिमा को कॉमनवेल्थ यूथ शतरंज चैंपियनशिप-2026 की ब्लिट्ज स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर 9 लाख का सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने उत्कर्ष, सक्षम और प्रेरणा स्कॉलरशिप योजनाओं के तहत चयनित खिलाड़ियों को भी प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, खेल विभाग के सचिव दीपक आनंद तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने भी संबोधित किया। समारोह में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह सहित खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## वज्रपात से चार की मौत, दो महिलाएं झुलसीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के नारदीगंज प्रखंड के सांगोवर गांव में शुक्रवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं। घायलों का इलाज नारदीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में चल रहा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, मृतकों में तीन किसान और एक 12 वर्षीय बालक शामिल हैं। सभी खेत में काम कर रहे थे। दोपहर बाद अचानक मौसम खराब होने और बारिश शुरू होने पर वे बचाव के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ और सभी उसकी चपेट में आ गए। मृतकों की पहचान शंभू कुमार (45), पिता स्व. चंद्रिका यादव, मदन राजवंशी (50), पिता मुनेश्वर राजवंशी, भुवनेश्वर राजवंशी (50), पिता दुखन राजवंशी तथा सोनू कुमार (12), पिता मिथिलेश



प्रसाद के रूप में हुई है। वहीं, घायल महिलाओं की पहचान सुनीता देवी, पति स्व. गोविंद यादव और शोभी देवी, पति ललित यादव के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी को तत्काल नारदीगंज पीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद चार लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों झुलसी महिलाओं का उपचार जारी है। घटना के बाद सांगोवर गांव में कोहराम मच गया। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन ने हादसे की पुष्टि करते हुए मृतकों के आश्रितों को नियमानुसार सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। साथ ही लोगों से खराब मौसम के दौरान पेड़ों के नीचे शरण नहीं लेने और सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग ने भी अगले कुछ दिनों तक जिले में वज्रपात की आशंका को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है।

## समस्तीपुर रेल मंडल के एपीओ-2 को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते सीबीआई ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय में गुरुवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कार्मिक विभाग के सहायक कार्मिक पदाधिकारी (एपीओ-2) अरुण कुमार मंडल को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद सीबीआई टीम उन्हें अपने साथ ले गई। गिरफ्तारी से पहले उनसे कई घंटे तक पूछताछ की गई। सीबीआई ने आरोपी के सरकारी आवास की भी तलाशी ली, जहां से एक गैर लाइसेंसी पिस्टल, दो मैगजीन और नौ कारतूस बरामद हुए। सीबीआई के पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार सिंह के आवेदन पर नगर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई रेलवे के डीलिंग क्लर्क अमृत राज की शिकायत पर की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर एपीओ-2 ने एक लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। लगभग 45 दिन पहले दर्ज कराई गई शिकायत के सत्यापन के बाद सीबीआई ने जाल बिछाकर कार्रवाई की और 50 हजार रुपये लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि सीबीआई की छह सदस्यीय टीम ने ललित कला केंद्र स्थित अधिकारी क्लब में आरोपी और शिकायतकर्ता से पूछताछ की, जबकि दूसरी टीम ने सरकारी आवास की तलाशी लेकर ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े दस्तावेज जब्त किए। समस्तीपुर के पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि सीबीआई की सूचना पर आरोपी के घर से एक पिस्टल, दो मैगजीन और नौ कारतूस बरामद हुए हैं। वहीं, पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) ने कहा कि सीबीआई की आधिकारिक रिपोर्ट मिलने के बाद ही विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई और टिप्पणी की जाएगी।

## काफी सफल रहा बिहार विधानसभा का तृतीय सत्र : डॉ प्रेम कुमार

### प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण को स्वीकृति तथा कुल 21 राजकीय विधेयक पारित, पांच बैठकों के बाद बिहार विधानसभा का तृतीय सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के समापन पर कहा कि 20 जुलाई से 24 जुलाई 2026 तक चले इस सत्र में कुल पांच बैठकें हुईं और सदन ने कई महत्वपूर्ण विधायी एवं वित्तीय कार्य पूरे किए। समापन भाषण की शुरुआत उन्होंने रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियों से की और अंत में गोस्वामी तुलसीदास तथा वेद के उद्धरणों के साथ सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।



डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि सत्र में वर्ष 2026-27 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण को स्वीकृति दी गई तथा कुल 21 राजकीय विधेयक पारित हुए। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान कुल 1038 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें 971 स्वीकृत हुए। इनमें 74 अल्पसूचित प्रश्न थे, जिनमें 70 के उत्तर प्राप्त हुए। 721 तारांकित प्रश्नों में 697 के उत्तर मिले, जबकि 176 अतारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए। उन्होंने कहा कि सरकार के अधिकांश विभागों ने लगभग शत-प्रतिशत उत्तर उपलब्ध कराए। सत्र में 206 ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त हुईं। इनमें आठ वक्तव्य के लिए स्वीकृत हुईं, 180 लिखित उत्तर के लिए संबंधित विभागों को भेजी गईं और 18 अमान्य घोषित की गईं। इसके अलावा 193 निवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 186 स्वीकृत और सात अस्वीकृत हुए। कुल 119 याचिकाओं में 106 स्वीकृत तथा 13 अस्वीकृत हुईं। सदन में 100 गैर सरकारी संकल्पों पर भी चर्चा हुई।

उन्होंने बताया कि 23 जुलाई को वित्त विभाग के प्रभारी मंत्री ने भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक की वर्ष 2023-24 के निष्पादन एवं अनुपालन लेखापरीक्षा, वर्ष 2017-18 से 2022-23 की निष्पादन लेखापरीक्षा (सिविल) तथा वर्ष 2024-25 के राज्य के वित्त संबंधी प्रतिवेदन सदन पटल पर रखे। इन्हें लोक लेखा समिति को भेजने और जनता के लिए उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी स्वीकृत हुआ। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि सत्र में आठ जननायकों को श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्रियों, मंत्रिपरिषद, सभी दलों के नेताओं, पक्ष-विपक्ष के सदस्यों, मीडिया, विधानसभा सचिवालय, बिहार सरकार के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा पुलिस बल के जवानों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों की अनुशासित और सक्रिय भागीदारी ने लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत किया। अंत में उन्होंने सदन की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

## भूस्खलन से 13 की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न राज्यों में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन की दर्दनाक घटना में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि गुजरात में बाढ़ के कारण कई जिले जलमग्न हो गए हैं। उत्तर प्रदेश में भी नदियों के उफान पर होने से कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में शुक्रवार को उदयपुर-किलाड़ मार्ग पर कडू नाला के समीप हुए भूस्खलन की चपेट में एक टाटा सूमो टैक्सी आ गई। वाहन में 15 लोग सवार थे, जिनमें से 13 की मौके पर ही मौत हो गई। प्रशासन ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया है। वहीं, गुजरात में मूसलाधार बारिश से वलसाड, नवसारी, अहमदाबाद और सूरत सहित कई जिले प्रभावित हैं। वलसाड के उमरगाम तालुका में महज 16 घंटे के दौरान 43 इंच बारिश दर्ज की गई, जिससे निचले इलाके जलमग्न हो गए। नवसारी में बाढ़ में फंसे लोगों को हेलिकॉप्टर के जरिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। वाव-थराद क्षेत्र में बाजारों में पानी भर जाने से सामान्य जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'भव्य-रसायन' योजना को दी मंजूरी

### देश में बनेंगे तीन रासायनिक पार्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में रासायनिक उद्योग को नई गति देने के उद्देश्य से भारत औद्योगिक विकास योजना–रसायन (भव्य-रसायन) को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत देश में तीन समर्पित रासायनिक पार्क स्थापित किए जाएंगे। इस योजना की घोषणा वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में की गई थी। सरकार ने इस योजना के लिए तीन हजार तीस करोड़ रुपये के वित्तीय प्रावधान को मंजूरी दी है। इसमें तीन हजार करोड़ रुपये पार्कों की आंतरिक आधारभूत संरचना और बुनियादी सुविधाओं के विकास पर तथा तीस करोड़ रुपये प्रशासनिक व्यय पर खर्च किए जाएंगे। योजना का क्रियान्वयन 2026-27 से 2030-31 तक पांच वर्षों में किया जाएगा। योजना के तहत केंद्र सरकार प्रत्येक रासायनिक पार्क के लिए अधिकतम एक हजार करोड़ रुपये का अनुदान देगी, जबकि संबंधित राज्य सरकार को कम से कम पांच सौ करोड़ रुपये का योगदान करना होगा। 'भव्य-रसायन' योजना से रसायन उद्योग की पूरी मूल्य श्रृंखला कच्चे माल की उपलब्धता (अपस्ट्रीम), उत्पादन, सहायक उद्योगों और अंतिम उपभोक्ता तक आपूर्ति (डाउनस्ट्रीम) को मजबूती मिलेगी। इससे उत्पादन लागत और लॉजिस्टिक्स खर्च में कमी आएगी तथा भारतीय रसायन उद्योग की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। योजना से घरेलू और विदेशी निवेश आकर्षित होने, निर्यात बढ़ने, आयात पर निर्भरता कम होने तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होने की भी उम्मीद है। सरकार का मानना है कि यह पहल 'विकसित भारत 2047' और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत करेगी। प्रत्येक पार्क में कम से कम आठ वर्ग किलोमीटर (लगभग 2,000 एकड़) का निर्बाध भूमि क्षेत्र विकसित किया जाएगा।

## डूबने से एमजीएम के दो जूनियर डॉक्टरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर के डिमना लेक में डूबने से महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के दो जूनियर डॉक्टरों की मौत हो गई। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज और शहर के चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने दोनों शवों को रेस्क्यू अभियान चलाकर बाहर निकाल लिया है और हादसे के कारणों की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 11 बजे ड्यूटी समाप्त होने के बाद एमजीएम मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर समीर, सक्षम सिंह और उनके साथी यश डिमना लेक पहुंचे थे। इसी दौरान एक युवक का मोबाइल पानी में गिर गया। मोबाइल निकालने के लिए एक डॉक्टर पानी में उतरा, लेकिन कुछ ही देर में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में जाने लगा। साथी को डूबता देख दूसरा डॉक्टर उसे बचाने के लिए पानी में कूद गया, लेकिन वह भी संतुलन खो बैठा। देखते ही देखते दोनों गहरे पानी में डूब गए, जबकि तीसरा साथी यश सुरक्षित बच गया। मृतकों की पहचान काशीडीह निवासी 26 वर्षीय समीर और पलामू जिले के डाल्टनगंज क्षेत्र के बिनेका गांव निवासी 22 वर्षीय सक्षम सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। रातभर और शुक्रवार सुबह तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद दोनों के शव डिमना लेक से बरामद किए गए। ग्रामीण एसपी शुभम खंडेलवाल ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।




## राहुल दूबे गैंग से पुलिस की मुठभेड़, दो बदमाश गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पगार ओपी इलाके में शुक्रवार तड़के पुलिस और राहुल दूबे गैंग के सक्रिय सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस ने गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान एक आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसे तत्काल पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए बड़कागांव अस्पताल भेजा गया। आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल, तीन मोबाइल फोन और एक अपाची मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक को 23/24 जुलाई की रात सूचना मिली थी कि केरेडारी थाना (पगार ओपी) क्षेत्र में चंद्रगुप्त कोल खनन परियोजना के परिवहन मार्ग तथा बुकरु-पचड़ा रोड बैरियर के आसपास दो अज्ञात अपराधी अपाची मोटरसाइकिल से घूमकर राहुल दूबे गैंग के नाम का पर्चा छोड़ रहे हैं और जंगल की ओर भाग गए हैं। सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव अमित आनंद के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। केरेडारी थाना और पगार ओपी की



पुलिस सशस्त्र बल के साथ बुकरु गांव के जंगल की घेराबंदी के लिए रवाना हुई। करीब सुबह 3:20 बजे पुलिस टीम को बुकरु गांव के जंगल के समीप अपाची मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस वाहन देखकर दोनों जंगल की ओर भागने लगे। पीछा करने के दौरान बाइक असंतुलित होकर गिर गई और दोनों आरोपी जंगल की ओर भागने लगे। इसी दौरान एक आरोपी ने पुलिस टीम पर लगातार तीन राउंड फायरिंग कर दी। पुलिस ने पहले आरोपियों को हथियार डालकर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन अपराधियों ने दोबारा पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी तीन राउंड जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली फायरिंग कर रहे आरोपी के दाहिने पैर में लगी। इसके बाद वह मौके पर ही गिर गया और उसके हाथ का हथियार भी वहीं गिर गया। दूसरे आरोपी को पुलिस बल ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में घायल आरोपी ने अपनी पहचान चेपाखुर्द निवासी मो. रागीब अफजल और दूसरे आरोपी ने चट्टीबारियात निवासी जितेंद्र सोनी के रूप में बताई। दोनों ने स्वीकार किया कि वे राहुल दूबे गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि चंद्रगुप्त कंपनी द्वारा लेवी नहीं दिए जाने पर कंपनी को धमकाने और दहशत फैलाने के उद्देश्य से ट्रांसपोर्टिंग क्षेत्र में फायरिंग की तथा राहुल दुबे गैंग के नाम का पर्चा छोड़ा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। घायल मो. रागीब अफजल को उपचार के लिए पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

**गिरफ्तार आरोपितः**

मो. रागीब अफजल, पिता रफीक अंसारी, चेपाखुर्द, थाना डाडीकलां ओपी (बड़कागांव), जिला हजारीबाग।

जितेंद्र सोनी, पिता ईश्वर सोनी, ग्राम चट्टीबारियात, थाना पगार ओपी (केरेडारी), जिला हजारीबाग।

**बरामदगीः**

एक देशी निर्मित पिस्टल, तीन मोबाइल फोन, एक अपाची मोटरसाइकिल

इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद, पुलिस निरीक्षक शाहिद रजा, केरेडारी थाना प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय, पगार ओपी प्रभारी दिनेश मंडल, केरेडारी थाना के पुलिस पदाधिकारी, पगार ओपी के सशस्त्र बल तथा तकनीकी एवं संगठित अपराध शाखा की टीम शामिल रही।

## जवान ने की आत्महत्या सर्विस कार्बाइन से खुद को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार के रोहतास में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के जवान ने आत्महत्या कर ली। जिले के करवंदिया थाना परिसर में बने बैरक की छत पर उसने खुद को गोली मार ली। पुलिस अधीक्षक ने घटना की पुष्टि की है। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि इसके पीछे की वजह क्या है? मृतक की पहचान किशोर राणा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक किशोर ने अपनी ही सर्विस कार्बाइन से खुद को गोली मारी है। गोली की आवाज सुनने के बाद जब साथी पुलिसकर्मी छत पर गए तो जवान खून से लथपथ पड़ा था। घटना के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है। पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक डॉक्टर संजय कुमार ने बताया, 'जवान की मौत सिर में गोली लगने से हुई है।'

रोहतास पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने बताया कि हालांकि घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है।

# वीबीजी राम जी अधिनियम से ग्रामीण रोजगार और आजीविका को नई दिशा : श्रवण कुमार

- राज्य में जीविका अभियान से 1 करोड़ 81 लाख से अधिक परिवार जुड़े
- स्वयं सहायता समूहों को 73 हजार 53 करोड़ रुपये का बैंक ऋण
- प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 1 करोड़ 4 लाख 90 हजार नए नाम अनुशंसित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार विधानसभा में अपने विभाग के अभिभाषण के दौरान कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम-2025 (वीबीजी राम जी) लागू कर मनरेगा अधिनियम-2005 का स्थान लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कानून विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के अनुरूप ग्रामीण रोजगार, आजीविका और टिकाऊ विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका और जलवायु लचीलेपन को प्राथमिकता दी गई है। ग्राम पंचायत आधारित योजनाओं को पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान से जोड़ा गया है तथा डिजिटल तकनीक, बायोमैट्रिक उपस्थिति, जीपीएस ट्रैकिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। किसानों के हितों का ध्यान में रखते हुए रोपनी, बुआई और कटनी के दौरान 60 दिनों तक योजना के कार्य बंद रखने का प्रावधान किया गया है। श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य में जीविका अभियान से 1 करोड़ 81 लाख से अधिक परिवार जुड़े हैं। स्वयं सहायता समूहों को 73 हजार 53 करोड़ रुपये का बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया है तथा 91 लाख 11 हजार से अधिक जीविका दीदियों का बीमा कराया गया है। बकरी पालन, कृषि, मधुमक्खी पालन और महिला उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 1 करोड़ 4 लाख 90 हजार नए नाम केंद्र सरकार को भेजे गए हैं। वर्ष 2026-27 में 1 लाख 91 हजार 466 ग्रामीण आवास पूरे किए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास स्थल क्रय योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना के माध्यम से भूमिहीन एवं जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली अभियान, लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान, खेल मैदान निर्माण, आधार पंजीकरण, प्रखंड कार्यालय भवन निर्माण और सात निश्चय के तहत रोजगार सृजन जैसे कार्यक्रमों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में जीविका में 2,446 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए हैं।

## सम्राट सरकार के 100 दिन पूरे होने पर विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

### पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई का किया उल्लेख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के दौरान पूरे सदन की ओर से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार के सफलतापूर्वक 100 दिन पूरे होने पर मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्रियों, मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों तथा बिहार की जनता को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। सदन को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से संबंधित विभाग को फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री का यह स्पष्ट और सख्त रुख युवाओं के हितों की रक्षा के प्रति केंद्र सरकार की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को दर्शाता है। विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में अपना अनशन समाप्त कर दिया है। उन्होंने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि संवाद और समाधान लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार ने भी पेपर लीक को संगठित अपराध की श्रेणी में शामिल करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इससे परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को और मजबूत करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों ने पेपर लीक के मामलों को अत्यंत गंभीरता से लिया है। सरकार का यह स्पष्ट संदेश है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन कदमों से प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता बनी रहेगी तथा युवाओं का विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

## बिहार के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों का होगा कायाकल्प, इको टूरिज्म के लिए बनेगा मास्टर प्लान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में ईको टूरिज्म को नई पहचान देने की दिशा में बड़ी पहल की है। पर्यटन विभाग प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय पर्यटन स्थलों के समग्र विकास के लिए नया ईको टूरिज्म मास्टर प्लान तैयार करेगा। इसके तहत प्रमुख प्राकृतिक पर्यटन स्थलों की संभावनाओं का आकलन कर चरणबद्ध विकास की कार्ययोजना बनाई जाएगी, ताकि बिहार को देश के प्रमुख ईको टूरिज्म गंतव्यों में शामिल किया जा सके। पर्यटन विभाग के अनुसार राज्य में ईको टूरिज्म की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए योजना पर तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। पहले चरण में उन स्थलों की पहचान की जाएगी जहां प्राकृतिक पर्यटन को विकसित करने की अधिक संभावना है। इन स्थानों पर सड़क, आवागमन, पर्यटक सुविधाएं और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास कर पर्यटकों के लिए आकर्षक एवं सुविधाजनक वातावरण तैयार किया जाएगा। योजना के पहले चरण में सात जिलों को प्राथमिकता दी गई है। इनमें नालंदा, पश्चिम चंपारण, अररिया, किशनगंज, बांका, कैमूर और सहरसा शामिल हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में सबसे अधिक पर्यटक नालंदा पहुंचे हैं जबकि पर्यटकों की संख्या में सबसे तेज वृद्धि कैमूर जिले में दर्ज की गई है। प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता के कारण कैमूर तेजी से राज्य के प्रमुख ईको टूरिज्म केंद्र के रूप में उभर रहा है। मास्टर प्लान के तहत चयनित स्थलों के व्यवस्थित, सतत और आर्थिक विकास के लिए रणनीतिक ब्लूप्रिंट तैयार किया जाएगा। योजना का उद्देश्य केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित करना भी है। पर्यटन विभाग का मानना है कि इस पहल से बिहार में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी, निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही, स्थानीय समुदायों की भागीदारी से ईको टूरिज्म को टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

## महाप्रबंधक ने किया पटना-झाझा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा पटना-झाझा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा इस रेलखंड के मध्य स्थित पुल-पुलियों, ओएचई एवं रेलवे ट्रैक का संरक्षा की दृष्टिकोण से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक झाझा स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने रनिंग रूम, क्रू-लॉबी, पैनल रूम एवं मेमू शेड सहित संरक्षा से जुड़े संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिए तथा रेल कर्मियों को संरक्षा के प्रति हमेशा सतर्क रहने का निर्देश दिए। मेमू शेड के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर मेमू शेड के आंतरिक भागों का जायजा लिया गया तथा अधिकारियों को यात्री सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए मेमू रैक के अनुरक्षण कार्य को संपादित करने निर्देश दिया। इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा झाझा मेमू शेड स्थित नवनिर्मित सभागार कक्ष का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात महाप्रबंधक द्वारा झाझा रेलवे कॉलोनी एवं आवासों का भी निरीक्षण किया गया।

## प्रशांत किशोर पहले बिहार की जनता से ठगे हुए पैसे वापस करें : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो व्यक्ति बिहार की जनता से कथित तौर पर लिए गए 20 करोड़ रुपये का हिसाब नहीं दे सकता उसे दूसरों पर सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार लाभ अभियान के नाम पर प्रशांत किशोर ने बिहार की लगभग एक करोड़ जनता से पीला कार्ड के नाम पर 20-20 रुपये लेकर करोड़ों रुपये जुटाए, लेकिन आज तक यह नहीं बताया कि इस अभियान से किसी एक भी परिवार को क्या लाभ मिला। श्री सिन्हा ने कहा कि यह पैसा बिहार के गरीब और मेहनतकश लोगों की गाढ़ी कमाई का है। प्रशांत किशोर पहले बिहार की जनता से कथित तौर पर ठगे हुए पैसे वापस करे और हर रुपये का सार्वजनिक हिसाब दें। जनता अब खोखले दावों से नहीं, बल्कि जवाबदेही से संतुष्ट होगी। उन्होंने कहा कि अगर परिवार लाभ अभियान वास्तव में जनहित का अभियान था तो प्रशांत किशोर को यह भी बताना चाहिए कि पीला कार्ड लेने वाले कितने परिवारों को क्या लाभ मिला। जनता के पैसे लेकर केवल वादे करना और फिर जवाबदेही से बचना बिहार की जनता के साथ विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जनता ऐसे लोगों को करारा जवाब देगी जो पारदर्शिता का दावा तो करते हैं, लेकिन अपने ही अभियान और जनता से लिए गए पैसों का हिसाब देने से बचते हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने जारी किया अपना आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत का आधिकारिक सोशल मीडिया एकाउंट जारी किया गया है। तीन प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्वीटर), फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बनाए गए इनके आधिकारिक एकाउंट पर आमजन सीधे संवाद कर सकते हैं या किसी तरह की समस्या को भी साझा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त उनसे एवं स्वास्थ्य महकमा से संबंधित सभी सूचनाएं, वक्तव्य, कार्यक्रम और जनहित से जुड़े तमाम संदेशों की प्रमाणिक जानकारी भी इन एकाउंट से प्राप्त की जा सकती है। आमजन, मीडिया प्रतिनिधियों तथा संबंधित सभी पक्षों से अनुरोध है कि वे सिर्फ स्वास्थ्य मंत्री के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जारी सूचनाओं को ही आधिकारिक एवं प्रामाणिक मानें। स्वास्थ्य मंत्री के स्तर से इसे लेकर विज्ञप्ति जारी कर पूरी जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक, सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी अपुष्ट, भ्रामक या फर्जी सूचना पर विश्वास करने से पहले कृपया आधिकारिक हैंडल पर उपलब्ध जानकारी का अवश्य सत्यापन करें। स्वास्थ्य मंत्री कार्यालय समय-समय पर विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों, विभागीय गतिविधियों, जन कल्याणकारी योजनाओं तथा महत्वपूर्ण घोषणाओं की जानकारी इन्हीं आधिकारिक माध्यमों से साझा करता है। सभी नागरिकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे इन्हीं आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का अनुसरण करें तथा केवल इन्हीं पर जारी सूचनाओं को अधिकृत एवं विश्वसनीय मानें।

### शानदार उपलब्धि के साथ अमरेंदु प्रकाश का स्वागत कर रहा हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड

## नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी को रिकॉर्ड तिमाही प्रदर्शन के बीच मिली जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**पटना।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत में ही अब तक के सबसे शानदार पहली तिमाही के प्रदर्शन के साथ अपने नए सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक अमरेंदु प्रकाश का स्वागत कर रहा जिन्हें कंपनी के निदेशक मंडल ने 1 अगस्त 2026 से हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड का सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त किया है। अमरेंदु प्रकाश पहले सेल के अध्यक्ष थे और उन्होंने हाल ही में इस पद से इस्तीफा दे दिया था। कंपनी ने पहली तिमाही में परिचालन से 13,747 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक तिमाही राजस्व अर्जित किया जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 77 प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में 8,074 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक एबिट्डा दर्ज हुआ जिसमें 109 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी का शुद्ध लाभ 5,469 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो साल-दर-साल 145 प्रतिशत अधिक है। हिंदुस्तान जिंक ने लगातार पांचवें वर्ष पहली तिमाही में 268 किलो टन का सर्वाधिक खनन धातु उत्पादन दर्ज किया। जस्ता (जिंक) उत्पादन लागत घटकर 851 अमेरिकी डॉलर प्रति टन रही, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 16 प्रतिशत कम है। कंपनी ने वृद्धि संबंधी पूंजीगत निवेश से पहले 5,253 करोड़ रुपये का मजबूत मुक्त नकदी प्रवाह दर्ज किया। साथ ही 11 रुपये प्रति शेयर का पहला अंतरिम लाभांश घोषित किया गया जिसकी कुल राशि 4,648 करोड़ रुपये है। कंपनी के अनुसार कुल बिजली खपत में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़कर 22 प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा कर्नाटक के गुंडलुपेट में दुर्लभ मृदा तत्व और इट्रियम ब्लॉक की खनन लीज भी प्राप्त हुई है। इस तिमाही में कंपनी ने रॉयल्टी सहित सरकारी खजाने में लगभग 6,450 करोड़ रुपये का योगदान दिया। कंपनी ने यह भी बताया कि अमित गुप्ता ने 1 जून 2026 से हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी का कार्यभार संभाल लिया है। नए नेतृत्व और रिकॉर्ड वित्तीय प्रदर्शन के साथ कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत की है।

## रौनियार वैश्य प्रबुद्ध सम्मेलन में समाज की एकजुटता पर जोर, बांकीपुर उपचुनाव पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा, बिहार प्रदेश के तत्वावधान में एग्जीबिशन रोड स्थित रौनियार धर्मशाला में रौनियार वैश्य प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने की जबकि संचालन एवं संयोजन दिलीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। सम्मेलन में भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित लोगों से बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकजुटता लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर विधायक संजय कुमार गुप्ता, बबलू कुमार गुप्ता, भाजपा प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक, प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष अंकुर कुमार गुप्ता, भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के संयोजक जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, जदयू व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने समाज के लोगों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद, साहित्यकार, पत्रकार, कलाकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## छात्रों पर दमन के विरोध में पूरे प्रदेश में कांग्रेस का कैंडल मार्च आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने सभी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को शनिवार 25 जुलाई 2026 को सायंकाल अपने-अपने जिला मुख्यालयों में नीट-सीबीएसई परीक्षा में अनियमितताओं और आंदोलित छात्रों के दमन के खिलाफ विशाल कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजन करने का निर्देश दिया है। यह कैंडल मार्च संबंधित जिलों में महात्मा गांधी अथवा डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तक निकाला जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से नीट एवं सीबीएसइ से जुड़ी अनियमितताओं, परीक्षा व्यवस्था में लगातार सामने आ रही विसंगतियों तथा विद्यार्थियों पर हुए दमनात्मक हमलों की कड़ी निंदा की जाएगी। कांग्रेस पार्टी इस आयोजन के माध्यम से देश के विद्यार्थियों और युवाओं के साथ अपनी पूर्ण एकजुटता व्यक्त करेगी तथा उनके लोकतांत्रिक अधिकारों, निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण की मांग को मजबूती से उठाएगी। कांग्रेस का मानना है कि देश के युवाओं के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जा सकता। शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और छात्रों के सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

## कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में विद्यार्थियों का बढ़ा उत्साह, स्मार्ट क्लास एवं कंप्यूटर लैब में नियमित रूप से चल रही गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**जंदाहा, वैशाली।** जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में इन दिनों शिक्षा का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिल रहा है। संस्थान के स्मार्ट क्लासरूम एवं अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आधुनिक शिक्षण पद्धति के अनुरूप थ्योरी एवं प्रैक्टिकल दोनों माध्यमों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है जिससे विद्यार्थियों का समग्र कौशल विकास सुनिश्चित हो रहा है। संस्थान में कौशल युवा कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न कंप्यूटर एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की कक्षाएं सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संचालित की जा रही हैं। अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा डिजिटल लर्निंग, एमएस ऑफिस, इंटरनेट, संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा रोजगार से संबंधित आवश्यक विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षता, आत्मविश्वास एवं रोजगार क्षमता का निरंतर विकास हो रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी का उद्देश्य केवल प्रमाणपत्र प्रदान करना नहीं, बल्कि युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष, आत्मनिर्भर एवं रोजगार के योग्य बनाना है। उन्होंने बताया कि संस्थान में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, आधुनिक संसाधन, नियमित मूल्यांकन एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन के कारण यह क्षेत्र के युवाओं की पहली पसंद बनता जा रहा है। उन्होंने युवाओं एवं अभिभावकों से अपील की कि वे कौशल आधारित शिक्षा को प्राथमिकता दें और समय का सदुपयोग करते हुए रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त करें।

## गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण डिजिटल निगरानी : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बिहार में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त, प्रभावी तथा परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में शुरू किए गए समेकित मातृ देखभाल समन्वय (आईएमसीसी) मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगी। इससे गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण डिजिटल निगरानी, प्रसव पूर्व जांच, संभावित प्रसव तिथि एवं उच्च जोखिम गर्भावस्था की वास्तविक समय में निगरानी डिजिटल कमांड एवं नियंत्रण केंद्र के माध्यम से केंद्रीकृत अनुश्रवण एवं अनुवर्ती कार्रवाई, आशा, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय समेत अनेक लाभ होंगे।

## हमारे छात्र राष्ट्र के कर्णधार, शांति एवं संयम बनाए रखें : डॉ. अशोक वर्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राष्ट्रीय सहयोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने पेपर लीक प्रकरण को लेकर देशभर में चल रहे छात्र आंदोलन के बीच छात्र-छात्राओं से शांति, संयम और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि छात्रों की पीड़ा और आक्रोश स्वाभाविक है क्योंकि उनका भविष्य देश के भविष्य से जुड़ा है, लेकिन आंदोलन की बढ़ती उग्रता से देश के अनेक हिस्सों में अराजकता जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है जो न तो छात्रों के हित में है और न ही राष्ट्रहित में। डॉ. वर्मा ने कहा कि कुछ राजनीतिक और असामाजिक तत्व छात्रों की भावनाओं को भड़काकर अपने स्वार्थ सिद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं। छात्र-छात्राओं को ऐसे किसी भी बहकावे में नहीं आना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से लेकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेगी तथा छात्रों के हितों की पूर्ण रक्षा करेगी। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे हिंसा, तोड़फोड़ और उग्र प्रदर्शन से दूर रहकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाएं।

## केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, पटना में द्वितीय त्रैमासिक राज्य संवाद सह कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला की अध्यक्षता में केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड एवं राज्य सरकारों द्वारा भूजल प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के मध्य बेहतर समन्वय एवं तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से द्वितीय त्रैमासिक राज्य संवाद-सह-कार्यशाला का आयोजन 24 जुलाई 2026 किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय कुमार, अभियंता प्रमुख, लोअर गंगा बेसिन संगठन, केंद्रीय जल आयोग थे। कार्यशाला में जल संसाधन विभाग, केंद्रीय जल आयोग, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,भूमि संरक्षण निदेशालय सहित बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के वैज्ञानिकों ने भाग लिया। अपने संबोधन में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने कहा कि केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड भूजल संबंधित एक अग्रणी वैज्ञानिक संगठन है जो देश में भूजल के वैज्ञानिक सर्वेक्षण, मूल्यांकन, संरक्षण एवं सतत प्रबंधन के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि इस राज्य संवाद कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य राज्यों के साथ भूजल संबंधी वैज्ञानिक आंकड़ों, अध्ययनों एवं तकनीकी जानकारियों को साझा करना है, इनका उपयोग योजनाओं के निर्माण, नीति-निर्धारण तथा प्रभावी भूजल प्रबंधन में किया जाए।

## पटरंगम 2026 के दूसरे दिन शिक्षा और सामाजिक व्यवस्था पर आधारित नाटकों ने दर्शकों को किया प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के सहयोग तथा विश्वा, पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'पटरंगम 2026 पटना रंग महोत्सव' के दूसरे दिन प्रेमचंद रंगशाला, राजेंद्र नगर में शिक्षा, प्रशासनिक व्यवस्था और सामाजिक बदलाव जैसे समसामयिक विषयों पर आधारित नुक्कड़ एवं रंगमंचीय नाटकों का प्रभावशाली मंचन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रंगकर्मियों, साहित्यकारों और कला प्रेमियों ने भाग लिया। शाम को लोक बाग प्रस्तुति, पटना द्वारा 'सिक्योरिटी गार्ड की बहाली' नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जिसमें सरकारी भर्ती प्रक्रिया और प्रशासनिक विसंगतियों पर हास्य-व्यंग्य के माध्यम से तीखा कटाक्ष किया गया। इसके बाद सुगम साहित्य संचार समिति ने 'मास्टरनी साहिबा' नाटक प्रस्तुत किया। निर्देशक सरिता कुमारी के निर्देशन में मंचित इस नाटक में ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था, महिला शिक्षकों के संघर्ष तथा शिक्षा के माध्यम से समाज में आने वाले सकारात्मक बदलाव को संवेदनशील ढंग से दर्शाया गया। नाटक में कलाकारों के सशक्त अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजक राजेश राजा ने बताया कि 25 जुलाई को महोत्सव के अंतिम दिन भी बिहार के विभिन्न रंग समूह सामाजिक सरोकारों से जुड़े नुक्कड़ और रंगमंचीय नाटकों की प्रस्तुतियां देंगे।

## लायंस इंटरनेशनल ने जरूरतमंदों को कराया भरपेट भोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** लायंस इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट 322 ई के तत्वावधान में गोला रोड स्थित लोटस प्लाजा में मेगा हंगर रिलीविंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा अभियान के तहत 1000 से अधिक जरूरतमंद लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। सेवा, समर्पण और मानवता को समर्पित इस आयोजन में डिस्ट्रिक्ट 322 ई के 35 से अधिक लायंस क्लबों के 180 से ज्यादा सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की संयोजिका लायन बबिता सिन्हा ने कहा कि लायंस इंटरनेशनल ने भूख मिटाने को अपने वैश्विक सेवा उद्देश्यों में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल भोजन वितरित करना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक सम्मान और संवेदना के साथ सहायता पहुंचाना है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी क्लबों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय अवस्थी ने कहा कि आज भी समाज में अनेक लोग ऐसे हैं जिन्हें भरपेट भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे लोगों की सहायता के लिए इस मेगा हंगर रिलीविंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही लायंस इंटरनेशनल की पहचान है। इस सेवा परियोजना को सफल बनाने में लायन रचना खेतान, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रदीप खेतान, लायन बबिता सिन्हा, लायन अंशु अवस्थी एवं लायन नंदा गर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन आर आर सहाय, लायन ई. अशोक कुमार, लायन मधुसूदन कुमार, लायन आर.पी. सिंह, लायन डॉ. विनोद सिंह, लायन मनोहर सिंह, लायन रंजय रॉय, लायन विंध्याचल प्रियदर्शी, लायन मधु श्रीवास्तव, लायन कुमुद सिंह, लायन अरुण सिंह तथा लायन राकेश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लायन सदस्य उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने पुलिस बल के साथ किया फ्लैग मार्च

# अफवाह फैलाने वालों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने शुक्रवार को पुलिस बल के साथ सासाराम शहर के प्रमुख क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने आम लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और भ्रामक सूचनाओं का प्रसार करने से बचें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों पर फैलने वाली अफवाहों पर जिला प्रशासन और पुलिस की लगातार निगरानी रखी जा रही है। डीएम और एसपी ने स्पष्ट कहा कि कानून-व्यवस्था भंग करने अथवा अफवाह फैलाने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि या भ्रामक सूचना की जानकारी तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को देने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस के वरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। प्रशासन ने कहा कि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## दावथ में लावारिश नवजात को बचाया, चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** दावथ थाना क्षेत्र के ग्राम चौराठी लख से सूचना मिली कि गांव के बाहर झाड़ियों के पास एक नवजात शिशु लावारिश हालत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही दावथ पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे को तत्काल कब्जे में लिया। नवजात के शरीर पर चोट के निशान नहीं थे, लेकिन ठंड और भूख के कारण उसकी हालत कमजोर थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन रोहतास से समन्वय स्थापित किया। प्राथमिक जांच और जरूरी उपचार के लिए शिशु को दावथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया और उसे स्थिर बताया। डॉक्टर की सलाह पर आगे की देखभाल और कानूनी प्रक्रिया के लिए बच्चे को एंबुलेंस से सदर अस्पताल सासाराम रेफर किया गया। सदर अस्पताल में पुनः जांच के बाद प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी कर नवजात को चाइल्ड हेल्पलाइन रोहतास की टीम को सुपुर्द कर दिया गया।

# कसौधन समाज को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्षा को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतवर्षीय कसौधन वैश्य महासभा (पंजी.) के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्षा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति से शिष्टाचार भेंट कर कसौधन समाज को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की केंद्रीय सूची में शामिल किए जाने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपते हुए समाज की समस्याओं और लंबे समय से लंबित मांगों से उन्हें अवगत कराया। दिल्ली से लौटने के बाद महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संतोष कुमार कसौधन ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंगबली कसौधन ने किया। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (कसौधन), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश कश्यप, राष्ट्रीय संगठन मंत्री शारदा कसौधन तथा नवमनोनीत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयंत कुमार कसौधन भी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग की अध्यक्षा को बताया कि कसौधन समाज लंबे समय से केंद्र सरकार की ओबीसी केंद्रीय सूची में शामिल किए जाने की मांग कर रहा है। उन्होंने समाज की सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति का हवाला देते हुए इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया, ताकि समाज को उसका न्यायोचित अधिकार मिल सके। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने साध्वी निरंजन ज्योति को महर्षि कश्यप का चित्र, स्मृति चिह्न, शाल एवं पटका भेंट कर सम्मानित किया। आयोग की अध्यक्षा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना, ज्ञापन स्वीकार किया तथा विषय पर नियमानुसार विचार करने का आश्वासन दिया। महासभा के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार कसौधन समाज की इस लंबे समय से लंबित मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी। राष्ट्रीय संगठन मंत्री संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में बिहार सरकार के संबंधित मंत्री से भी मुलाकात कर राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र को प्रस्ताव भेजने की पहल की जाएगी, ताकि केंद्रीय ओबीसी सूची में समाज को शामिल कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ सके।

## बिहार पेंशनर समाज की बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा, पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की उठी मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी-ऑन-सोन।** बिहार पेंशनर समाज, अनुमंडल शाखा डिहरी की बैठक शुक्रवार को शाखा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके समाधान के लिए सरकार से ठोस पहल करने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए शाखा सचिव बच्चन चौबे ने बताया कि पिछले माह केवल तीन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ही संगठन की सदस्यता दिलाई जा सकी, जो अपेक्षा से कम है। उन्होंने सभी सदस्यों से प्रत्येक माह कम से कम पांच नए सदस्यों को जोड़ने का आह्वान किया। इं. लक्ष्मण सिंह ने कहा कि देश के कई राज्यों में पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) लागू की जा चुकी है। बिहार में भी इसे लागू कराने के लिए पेंशनरों को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। वहीं, उपाध्यक्ष शंकर विजय सिंह ने पेंशनरों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, सेवानिवृत्ति के बाद सभी सेवानिवृत्ति लाभों का तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने तथा पेंशन रूपांतरण की कटौती अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष किए जाने की मांग सरकार के समक्ष उठाने की बात कही। उन्होंने सरकारी कार्यालयों में पेंशनरों के साथ सम्मानजनक, सहयोगपूर्ण और सुविधाजनक व्यवहार सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता शिवजग प्रसाद ने की जबकि संचालन बच्चन चौबे ने किया। इस अवसर पर धीरेंद्र प्रसाद, शंकर विजय सिंह, छठु शर्मा, राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, इं. लक्ष्मण सिंह, रामराज प्रसाद, राजबली सिंह, अशोक कुमार, भरत सिंह, मनोज कुमार पाल, अरविंद कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## रोहतास, औरंगाबाद व कैमूर के पूर्व सैनिकों की पेंशन समस्याओं का शिविर में त्वरित समाधान

### सीएसडी कैंटीन और सैनिक आराम घर की व्यवस्था की भी उठी मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रोहतास के तत्वावधान में नगर परिषद स्थित सम्राट अशोक सभागार में पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों के लिए विशेष पेंशन एवं अभिलेख (रिकॉर्ड) समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की पेंशन, एरियर, भत्तों, एसीपी, सेवा अभिलेख तथा अन्य प्रशासनिक त्रुटियों का मौके पर ही समाधान करना था। शिविर में रिकॉर्ड मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट की टीम ने अभिलेखों का सत्यापन कर विभिन्न त्रुटियों का निराकरण किया। टीम में सूबेदार क्लर्क गणेश यादव, नायब सूबेदार दीनबंधु, हवलदार रवि कुमार, हवलदार क्लर्क अभिमन्यु, नायक दलवीर, नायक निखिल तथा नायक जयकुमार शामिल रहे। जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी (विंग कमांडर) संदीप सिंह एवं हेड क्लर्क सूबेदार के. के. सिंह की देखरेख में दूर-दराज से पहुंचे पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों की समस्याओं की गंभीरता से जांच कर उनका त्वरित निष्पादन किया गया। शिविर के दौरान नाम, जन्मतिथि, पेंशन, एरियर, विभिन्न भत्तों, एसीपी तथा सेवा अभिलेखों में पाई गई त्रुटियों का मौके पर ही समाधान किया गया। इस विशेष शिविर का लाभ रोहतास, औरंगाबाद एवं कैमूर जिलों से बड़ी संख्या में पहुंचे पूर्व सैनिकों और वीर नारियों ने उठाया। लाभार्थियों ने शिविर की व्यवस्था और त्वरित समाधान की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी पहल बताया। पूर्व सैनिक कल्याण संघ, रोहतास (बिहार) के अध्यक्ष आर. के. सिंह ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय एवं रिकॉर्ड मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के समाधान शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। शिविर में उपस्थित पूर्व सैनिकों ने रोहतास जिले में सीएसडी कैंटीन एवं सैनिक आराम घर की समुचित व्यवस्था किए जाने की भी मांग उठाई। उनका कहना था कि इन सुविधाओं के उपलब्ध होने से जिले के पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को काफी राहत मिलेगी। शिविर प्रशासन की संवेदनशीलता एवं पूर्व सैनिकों के प्रति सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण साबित हुआ। उपस्थित सभी लाभार्थियों ने सफल आयोजन के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय एवं संबंधित टीम की सराहना की।

## सोन नदी में छोड़ा गया 21314 क्यूसेक पानी, इंद्रपुरी बराज के सात गेट खोले गए



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** लगातार बारिश के कारण सोन नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी है। शुक्रवार शाम को ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से इंद्रपुरी बराज पर 36 हजार क्यूसेक से अधिक पानी पहुंचा। जल संसाधन विभाग के अनुसार बराज के कुल 69 गेटों में से सात गेट खोलकर 21314 क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है। सिंचाई के लिए पश्चिमी मुख्य नहर में 9514 व पूर्वी मुख्य नहर में 4249 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। विभाग के मोनेटरिंग सेल की कार्यपालक अभियंता भारती रानी के अनुसार बरसात में पानी का उतार-चढ़ाव होता रहता है। विभाग स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है।

## मकान पर गिरा बिजली पोल, क्षतिपूर्ति और तत्काल कार्रवाई की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के राजपुतान मुहल्ला स्थित गायत्री मंदिर के समीप राजपूताना निवासी अमरदीप कुमार गुप्ता के मकान पर शुक्रवार सुबह बिजली विभाग का जर्जर पोल गिर जाने से मकान का छज्जा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। अमरदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि संबंधित बिजली पोल पिछले करीब छह महीने से खतरनाक स्थिति में झुका हुआ था। उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को आवेदन देकर पोल को हटाने या बदलने की मांग की थी। आसपास के लोगों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन भी विभाग को सौंपा गया था, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन इस मार्ग से लगभग 200 से अधिक लोगों का आना-जाना रहता है। यदि यह पोल किसी राहगीर के ऊपर गिरता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। बिजली का पोल सीधे उनके मकान के छज्जे पर गिर गया जिससे छज्जा क्षतिग्रस्त हो गया और निर्माण सामग्री सड़क पर आ गिरी। पोल गिरने की तेज आवाज से आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। घटना की सूचना तत्काल बिजली विभाग के संबंधित कनीय अभियंता को फोन पर दी गई तथा फोटो भेजकर लिखित आवेदन भी कार्यालय में जमा कराया गया है। उन्होंने विभाग से क्षतिग्रस्त पोल को तत्काल हटाने, नया पोल लगाने, क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा देने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी जर्जर बिजली पोलों का सर्वे कर समय रहते उन्हें बदलने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## छात्र आंदोलन पर बल प्रयोग लोकतंत्र के लिए खतरा, केंद्र सरकार तानाशाही रवैया छोड़े

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बिहार प्रदेश मुख्य जोन प्रभारी एवं पूर्व सासाराम लोकसभा प्रत्याशी संतोष कुमार ने छात्र आंदोलनों पर बल प्रयोग को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में छात्रों के बुनियादी मुद्दों को लेकर किए जा रहे शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और यह तानाशाही प्रवृत्ति का परिचायक है। संतोष कुमार ने कहा कि दुनिया के इतिहास में कोई भी शासक तानाशाही के बल पर लंबे समय तक टिक नहीं सका। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सभी समुदायों, महिलाओं, छात्रों और अल्पसंख्यकों को समान अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान की है जिसका सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जब देश के शिक्षा मंत्री की बेटी विदेश में पढ़ती हो तो उन्हें देश के छात्रों के भविष्य की चिंता नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्याओं के समाधान के बजाय सरकार अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने में लगी हुई है। बसपा नेता ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री छात्रों की समस्याओं पर संवाद स्थापित करने के बजाय उनके साथ कठोर रवैया अपना रहे हैं जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं है।

# पीएनबी, आरा मंडल ने किया एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** पंजाब नैशनल बैंक, आरा मंडल द्वारा रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन होटल आरा ग्रांड में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल प्रमुख उत्पल कुमार द्वारा की गई। क्लस्टर अप्रोच के अंतर्गत यह कार्यक्रम एक साथ सात स्थानों आरा, बक्सर, बिहिया, गिद्धा, भभुआ, कुदरा तथा अखोड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी वित्तीय आवश्यकताओं के अनुरूप बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा बैंकिंग सेवाओं को ग्राहकों के निकट तक पहुंचाना था। इस आउटरिच कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत कुल 244 लीड जेनरेट की गई जिनकी अनुमानित राशि लगभग रु. 75 करोड़ रही तथा रु. 13.50 करोड़ की स्वीकृति दे दी गई। आरा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक स्वाति सिंह, पीएलपी प्रमुख अमित कुमार तथा जिला अग्रणी प्रबंधक (एलडीएम) विभूति पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल कार्यालय एवं विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी, बड़ी संख्या में किसान, उद्यमी, व्यापारी तथा सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मण्डल प्रमुख उत्पल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती कृषि, एमएसएमई एवं रिटेल जैसे तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर आधारित है। कृषि देश की जीवनरेखा है, एमएसएमई रोजगार सृजन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करता है तथा रिटेल बैंकिंग प्रत्येक परिवार के सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम है। पंजाब नैशनल बैंक का उद्देश्य केवल बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्राहक के जीवन में विश्वास, सुविधा और समृद्धि का सहभागी बनना है। कार्यक्रम के दौरान आरा मण्डल के मो. सोहेल अहमद, प्रबन्धक धर्मवीर कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक तथा पंकज कुमार गौतम द्वारा रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई ऋण, डिजिटल बैंकिंग, सरकारी प्रायोजित योजनाओं तथा अन्य बैंकिंग उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम में चयनित ग्राहकों को रिटेल, कृषि, एमएसएमई हेतु ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

## जनता दरबार में 52 शिकायतों के त्वरित निपटारे के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज के कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत विशेष जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन को आम लोगों के करीब लाकर उनकी शिकायतों का मौके पर ही समाधान करना और शासन-प्रशासन में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता लाना है। जनता दरबार के दौरान कुल 52 मामले प्राप्त हुए जिनमें सबसे अधिक 25 मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। भूमि की पैमाइश, दाखिल-खारिज, अतिक्रमण और आपसी बंटवारे को लेकर आए आवेदकों ने अपनी पीड़ा एसडीओ के समक्ष रखी। इसके अलावा 9 मामले राशन कार्ड से जुड़े थे जिनमें नए कार्ड बनवाने, नाम जोड़ने-हटाने, डीलर द्वारा अनाज नहीं देने और कार्ड में त्रुटि सुधार की शिकायतें शामिल थीं। शेष 18 मामले अन्य विभागों से संबंधित थे जिनमें आवास योजना का लाभ नहीं मिलना, वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन में देरी, सड़क-नाली की समस्या, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं।

## बस स्टैंड एवं सब्जी मंडी का संयुक्त निरीक्षण, विकास और सौंदर्यीकरण के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा संयुक्त रूप से बस स्टैंड परिसर, टेंपू स्टैंड एवं सब्जी मंडी क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य इन सार्वजनिक स्थलों पर नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था एवं समग्र सौंदर्यीकरण की स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने बस स्टैंड परिसर में पेवर ब्लॉक बिछाने, नियमित साफ-सफाई कराने, जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने तथा प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने टेंपू स्टैंड को सुव्यवस्थित और यातायात के अनुकूल बनाने के लिए आधारभूत संरचना विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने को भी कहा। सब्जी मंडी क्षेत्र में पेवर ब्लॉक निर्माण, नियमित सफाई, कूड़ा-करकट के वैज्ञानिक निष्पादन, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा अतिक्रमणमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को स्पष्ट कहा गया कि आम नागरिकों और व्यवसायियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरे किए जाएं। इस दौरान बस स्टैंड एवं सब्जी मंडी परिसर में पर्याप्त संख्या में डस्टबिन लगाने, वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने, अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाने तथा यात्रियों की सुरक्षा के लिए आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था स्थापित करने की संभावनाओं की जांच कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को समय पर शुरू कराने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड, टेंपू स्टैंड एवं संबद्ध क्षेत्रों के समुचित विकास से न केवल यात्रियों और स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि नगर की स्वच्छता, यातायात और सौंदर्यीकरण को भी गति मिलेगी।


**खोया-पाया**

यह नोटिस आमलोंगों को यह बताने के लिए है कि सब रजिस्ट्रार फुलवारीशरीफ के ऑफिस में 16.12.2015 को रजिस्टर्ड टाइटल डीड नं. 10572, सीरियल नं. 10761 की ओरिजिनल कॉपी जिसे सतीश कुमार सिंह पिता – स्व. मुखदेय सिंह ने मौजा – नत्थुपुर, थाना + अंचल – फुलवारीशरीफ, जिला – पटना, सब रजिस्ट्रेशन ऑफिस – फुलवारीशरीफ, बिहार में मौजूद प्रॉपर्टी एरिया 1.875 डि. के लिए बनवाया था, 16.07.2026 को जक्कनपुर, पटना में फोटोकॉपी कराने के क्रम खो गया, जिसका टाइटल डीड नं. 13784 तारीख 24.12.2018 और टाइटल डीड नं. 3795 तारीख 16.06.2020 की चेन है, जो मेसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एड फाइनेंस कंपनी लि. को प्रॉपर्टी गिरवी रखने के प्रोसेस में है, अगर किसी को यह डीड मिले तो सम्पर्क करें साथ ही इस ट्रांजेक्शन में दिलचस्पी रखने वाले या प्रॉप्टी पर दावा करने वाले सभी लोगों को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के पब्लिश होने 7 दिनों के अंदर इस चल रहे प्रोसेस पर ध्यान दें, अगर कोई हो। वकील चिराग, प्रथमतल, दुर्गा स्थान के सामने अलका कॉलोनी, संदलपुर रोड कुम्हरार, पटना – 800006, मो. नं. – 8709279460



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

विद्युत (सा.) विभाग

खुली ई–निविदा सूचना संख्याः

एल.–ओपेन–26–27–08, दिनांक 22.07.2026

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सामान्य)/सोनपुर वास्ते भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। खुली ई–निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 14.08.2026 को 12:30 बजे तक निर्धारित की गई है। खुली ई–निविदा संबंधी निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।

**1. कार्य का नामः** डेमू शेड, सोनपुर में वंदे भारत रेकों के अनुरक्षण हेतु लाइट रिपेयर सेक्शन में 415 वोल्ट, 3–फेज एसी विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था। **2. अनुमानित लागतः** रू. 96,25,602.96 **3. बयाने की राशिः** रू. 1,92,500.00 **4. निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेयः** रू. 00.00

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। निविदा संबंधी रेल का अधिकार किसी भी समय निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

मंडल विद्युत इंजीनियर/(विद्युत/सा.)
पूर्व मध्य रेल/सोनपुर

पीआर/0608/एसईई/ईएलईसीटी//टी/26–27/32



**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा**

–: आम सूचना :–

गढ़वा जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड सरकार के राज्यादेश संख्या 07 रा0 (वि0) दिनांक 05.06.2026 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु लाभुकों का चयन ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के द्वारा किया जायेगा। जिसका अनुमोदन पूर्व से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए निर्गत संकल्प संख्या 452 दिनांक 15.06.2021 द्वारा गठित प्रखण्ड स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति से प्राप्त की जायेगी।

राज्यादेश संख्या 07 रा0 (वि0) दिनांक 05.06.2026 के द्वारा जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा से संचालित होने वाली योजना के लिए गढ़वा जिला को जोड़ा बैल वितरण की योजना के अन्तर्गत योजना का विवरण निम्न प्रकार है –

| क0 | योजना का नाम | कुल लागत | सरकारी अनुदान 90 प्रतिशत (झारखण्ड का स्थायी निवासी बी0पी0एल0 किसान जिनके पास खेती योग्य भूमि हो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/आदिम जन जाति एवं दिव्यांग जनों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।) | लाभुक अंशदान 10 प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोड़ा बैल वितरण योजना | 40000 | 36000 | 4000 |

पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्ते :–

1. ग्राम का चयन कलस्टर के आधार पर किया जायेगा।
2. लाभुक के पास खेती योग्य भूमि हो एवं BPL कोटि की श्रेणी में हो।
3. योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति दिव्यांग जनों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. जोड़ा बैल वितरण की योजना अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के द्वारा किया जायेगा। प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरान्त चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जायेगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
5. ग्राम सभा से चयन प्रकिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य है–
(क) चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो इस संबंध में लाभुक को आवासीय जाति प्रमाण–पत्र एवं आधार की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
(ख) चयन प्रक्रिया में पशुपालन गतिविधि से जुड़े पशुपालकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
(ग) विगत पॉच वर्षो में जिन परिवारों JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिभाशित द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हे पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
6. पशुपालन योजना के अन्तर्गत योजना का क्रियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान द्वारा किया जाएगा।
7. पशु/पक्षियों की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध आपूर्तिकर्ता के द्वारा लाभुकों को किया जाएगा।
8. योजना के तहत् चयनित प्रत्येक लाभुक का Escrow Account/Dedicated Bank Account संबंधित BAHO के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/Dedicated Bank Account में ही हस्तान्तरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुक को भी अपना स्वंय का अंशदान एक माह के अन्दर Escrow Account/Dedicated Bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा।
9. संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी इच्छुक पशुपालक से आवेदन ग्राम सभा से अनुमोदन के साथ प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा कार्यालय में निर्धारित तिथि 14.08.2026 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,गढ़वा

PR 385822 Animal Husbandry(26-27).D

# अपहरण नहीं, साइबर ठगी की साजिश

## नालंदा पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र में युवक के कथित अपहरण का मामला जांच में साइबर ठगी की सुनियोजित साजिश निकला। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कथित अपहृत युवक शिव कुमार वर्मा को छपरा कचहरी से सकुशल बरामद कर लिया। मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस के अनुसार, 21 जुलाई 2026 को अहियाचक निवासी चंदन कुमार ने कतरीसराय थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका छोटा भाई शिव कुमार वर्मा पटना दवा लाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। उसी रात करीब 12:45 बजे चंदन कुमार के मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को साइबर थाना का कर्मी बताते हुए शिव कुमार को छोड़ने के एवज में 2.50 लाख रुपये की मांग की। परिजनों ने डर के कारण शिव कुमार के बैंक खाते में 2.50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। शिकायत के आधार पर कतरीसराय थाना में कांड संख्या 354/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर राजगीर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में पता चला कि मामला अपहरण का नहीं, बल्कि साइबर ठगी का पूर्व नियोजित षड्यंत्र था। जांच में खुलासा हुआ कि शिव कुमार वर्मा स्वयं साइबर ठगी से जुड़े गिरोह के संपर्क में था और छह प्रतिशत कमीशन के बदले अपना बैंक खाता उपलब्ध कराने गया था। पुलिस ने छापेमारी कर उसे छपरा कचहरी से सकुशल बरामद किया। उसकी निशानदेही पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर बस स्टैंड निवासी सुधीर कुमार, धनरूआ थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी जितेंद्र कुमार तथा खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र के भुतौली मालपा निवासी एवं वर्तमान में आरपीएफ दानापुर के वेस्ट जजेज कॉलोनी निवासी अनुपम कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही साइबर ठगी के पूरे नेटवर्क की भी गहन जांच जारी है।

# 35 वर्षों बाद भागन बीघा देवी मंदिर में आषाढ़ी पूजा संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रहुई प्रखंड के भागन बीघा बाजार स्थित देवी मंदिर में 35 वर्षों बाद आयोजित आषाढ़ी पूजा का पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुक्रवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद आयोजित भंडारे में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे करीब दो हजार श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन संयोजक रवि रंजन पांडेय ने बताया कि पिछले 35 वर्षों से विभिन्न कारणों से मंदिर में आषाढ़ी पूजा का आयोजन नहीं हो सका था। इस वर्ष ग्रामीणों के सहयोग और सामूहिक प्रयास से पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और माता रानी के जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी से आयोजन को विशेष भव्यता मिली। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में रवि रंजन पांडेय, राजेश कुमार, अशोक कुमार, विजय मेहदी, राजू चौधरी, विशुनदेव प्रसाद, केदार प्रसाद वर्मा, कृष्ण प्रसाद, शशिभूषण पांडेय, पवन कुमार, सुनील कुमार, पदार्थ पासवान, अजीत चौधरी सहित आयोजन समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। समापन पर श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में खुशहाली, सामाजिक सौहार्द और समृद्धि की कामना की।

# पावापुरी में जीएसटी जांच से बाजार में हड़कंप, जांच में नहीं मिली कोई अनियमितता

**गिरियक/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पावापुरी जलमंदिर मार्ग स्थित जनता हार्डवेयर में शुक्रवार को पटना एवं नालंदा अन्वेषण ब्यूरो तथा वाणिज्य-कर विभाग की संयुक्त टीम ने जीएसटी से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। जांच का नेतृत्व वाणिज्य-कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर ने किया। अधिकारियों ने दुकान के जीएसटी से जुड़े दस्तावेजों का गहन सत्यापन किया। जांच के बाद सभी अभिलेख सही पाए गए और किसी प्रकार की अनियमितता नहीं मिली। विभागीय टीम के बाजार पहुंचते ही अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई व्यापारियों ने एहतियातन अपनी दुकानें बंद कर दीं। बाद में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शिकायत के आधार पर जांच की गई थी, लेकिन कोई गड़बड़ी नहीं मिली। जांच पूरी होने के बाद बाजार की स्थिति सामान्य हो गई और दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान फिर से खोल दिए।

## एक नजर

### मिल्की गांव में 24 घंटे का अखंड कीर्तन संपन्न

**बिहारशरीफ**। रहुई प्रखंड के मिल्की गांव में आयोजित 24 घंटे का अखंड कीर्तन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। पूरे आयोजन के दौरान गांव हरे राम-हरे कृष्ण के संकीर्तन से भक्तिमय बना रहा। समापन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुखिया एवं पैक्स अध्यक्ष जिवेश कुमार शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ हरिनाम संकीर्तन में भाग लेते हुए कहा कि अखंड कीर्तन सनातन संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा है, जो समाज में प्रेम, भाईचारा, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करती है। उन्होंने प्रत्येक गांव में ऐसे धार्मिक आयोजनों की परंपरा को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम की सफलता में बबलू कुमार, अदालत कुमार, छोटू कुमार, आकाश कुमार, सोनू कुमार, रजनीश कुमार, भोला प्रसाद, नवीन कुमार, ललित यादव और पंकज कुमार उर्फ के.पी. यादव सहित आयोजन समिति के सदस्यों की अहम भूमिका रही।

### रहस्यमय ढंग से लापता हुई नवविवाहिता

**बिहारशरीफ**। लहेरी थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी मोहल्ले से एक नवविवाहिता के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि महिला घर से निकलते समय अपने साथ जेवरात, कीमती कपड़े और अन्य सामान भी ले गई। मामले में थाना में आवेदन देकर उसकी तलाश की मांग की गई है। परिजनों के अनुसार, करीब दो वर्ष पहले पटना जिले के दनियावां थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव निवासी मनोज कुमार की पुत्री खुशबू कुमारी की शादी बड़ी पहाड़ी निवासी संजीव कुमार से हुई थी। पति का कहना है कि विवाह के बाद से दोनों के बीच अक्सर घरेलू विवाद होते थे। घटना के दिन संजीव कुमार और उनके पिता बाजार गए थे, जबकि घर पर केवल बुजुर्ग सास थीं। इसी दौरान खुशबू कुमारी घर से चली गई। बाद में घर की तलाशी लेने पर जेवर, कीमती कपड़े और अन्य सामान भी गायब मिले। ससुर कामेश्वर प्रसाद ने आवेदन में कुछ आशंकाएं भी जताई हैं। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इन आरोपों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। लहेरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### विधानसभा में गूंजा बिहारशरीफ के जलजमाव का मुद्दा

**बिहारशरीफ**। बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में बिहारशरीफ के विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने शहर की वर्षों पुरानी जलजमाव और बाढ़ की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि पंचाने नदी में जमी गाद के कारण बरसात में जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे कई मोहल्लों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने देवीसराय से सोहसराय होते हुए रहुई तक नदी की व्यापक गाद सफाई कराने तथा कोसुक से निर्माणाधीन रिवर फ्रंट परियोजना का विस्तार बिहारशरीफ, सोहसराय और बबूरबन्ना तक करने की मांग की। उनका कहना था कि इससे नदी संरक्षण, पर्यावरण, पर्यटन और शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। सदन में उपमुख्यमंत्री ने पंचाने नदी की सफाई के लिए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जबकि नगर विकास मंत्री ने रिवर फ्रंट विस्तार के लिए शीघ्र विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कराने का आश्वासन दिया। इस पर डॉ. सुनील कुमार ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बारिश से भोभी बाजार में जलजमाव

**नगरनौसा**। लगातार हो रही बारिश के कारण नगरनौसा प्रखंड की कछियावां पंचायत स्थित भोभी बाजार में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। मुख्य सड़क पर पानी जमा रहने से राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी के लिए नाले की व्यवस्था नहीं होने से हर वर्ष बरसात में यही स्थिति बन जाती है। जलजमाव के कारण लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जबकि दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र नाला निर्माण कराकर स्थायी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# कलश यात्रा के साथ आदमपुर में अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरियक**। प्रखंड के आदमपुर गांव में शुक्रवार को 501 महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की भव्य कलश यात्रा के साथ 24 घंटे के अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे, जयघोष और भक्ति गीतों के बीच निकली कलश यात्रा से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूब गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यात्रा में भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया।पुजारी पंडित पवन पाण्डेय, पप्पू पाण्डेय, रंजन पाण्डेय एवं राजीव पाण्डेय ने बताया कि श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निर्धारित स्थल से कलश में जल भरकर महादेव स्थान पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद ष्हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरेष् के अखंड हरिनाम संकीर्तन की शुरुआत हुई, जो लगातार 24 घंटे तक चलेगा। आयोजन समिति के अनुसार संकीर्तन के दौरान भजन-कीर्तन, भगवान की आराधना एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। समिति ने क्षेत्रवासियों से परिवार सहित पहुंचकर हरिनाम संकीर्तन में भाग लेने और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। कार्यक्रम को लेकर पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए गिरियक थाना अध्यक्ष श्रीकांत कुमार एवं एएसआई अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कलश यात्रा में अमन शर्मा, रवि कुमार, मुकेश, पप्पू यादव, गजेंद्र, शत्रुध्न, अजीत, मुन्ना कुमार, अजय, नित्यानंद, अंकित पंडित, बबलू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# डीएसपी ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। हिलसा-2 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) कुमार ऋषिराज ने शुक्रवार को तेल्हाड़ा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य थाना की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्था को बढ़ावा देना था।निरीक्षण के दौरान डीएसपी ने थाना भवन, हाजत, मालखाना, सिरिस्ता कक्ष तथा सीसीटीएनएस कक्ष का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने लूट, डकैती, एफआईआर, फरारी पंजी सहित विभिन्न अभिलेखों की जांच कर उन्हें नियमित रूप से अद्यतन रखने का निर्देश दिया।इसके बाद आयोजित समीक्षा बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। डीएसपी ने पॉक्सो अधिनियम एवं एससीध्एसटी एक्ट से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

लंबित वारंटों के निष्पादन, इश्तेहार और कुर्की की कार्रवाई में भी तेजी लाने पर बल दिया।डीएसपी कुमार ऋषिराज ने गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार थाना के कार्यों के डिजिटलीकरण में तेजी लाने तथा सीसीटीएनएस प्रणाली का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों का समय पर निष्पादन और आधुनिक पुलिसिंग विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# राजगीर में पहली बार निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, हजारों श्रद्धालुओं ने खींचा रथ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर**। राजगीर में शुक्रवार को पहली बार भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक विधि-विधान के साथ निकाली गई। मेला थाना परिसर से शुरू हुई यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और रथ की रस्सी खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। रथयात्रा मेला थाना परिसर से सूर्यकुंड, ब्रह्मकुंड, किला मैदान, बस स्टैंड, पटेल चौक, धर्मशाला रोड, जेपी चौक, मुख्य बाजार और थाना रोड होते हुए पुनः मेला थाना परिसर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठानों के साथ यात्रा का समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालु "जय जगन्नाथ" के जयघोष के साथ रथ के पीछे चलते रहे। विशेष आकर्षण यह रहा कि रथ की एक ओर की रस्सी पुरुषों ने, जबकि दूसरी ओर की रस्सी महिलाओं ने खींची। महिलाओं में इसको लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की तथा समापन के बाद आयोजित भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में समिति के अध्यक्ष महेंद्र यादव, कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र कुमार विभूति, विनोद उपाध्याय, मनोज कुमार विश्वकर्मा, रंजीत कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, सुधीर कुमार मालाकार, प्रवीण सिंह, मीरा कुमारी, गिरजा नंदन पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नवादा

# नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नीट पेपर लीक मामले को लेकर जारी छात्र आंदोलन एवं बढ़ते विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर नवादा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व जिला पदाधिकारी (डीएम) रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनव धीमान ने किया। फ्लैग मार्च में जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरीय पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल हुए। शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुलिस बल ने लोगों को सुरक्षा का संदेश दिया। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। फ्लैग मार्च के माध्यम से प्रशासन ने आम लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। साथ ही विरोध-प्रदर्शन के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। प्रशासन ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार सभी को है, लेकिन किसी भी प्रकार की हिंसा, उपद्रव, तोड़फोड़ अथवा सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन और पुलिस की टीम ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने की बात कही। अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर भी निगरानी रखी जा रही है। फ्लैग मार्च के जरिए प्रशासन ने संदेश दिया कि नवादा में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।

# जिलेभर में आयोजित हुई जनसुनवाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय सबका सम्मान–जीवन आसान के अंतर्गत आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं का सरल, सुलभ एवं सम्मानजनक लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित कर आमजनों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पाण्डेय ने की। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 38 शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए गए। इनमें से कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर परिवादियों को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना मुफस्सिल अंतर्गत ग्राम सादीपुर की माधुरी कुमारी ने बिजली बिल में सुधार से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। थाना थाली अंतर्गत ग्राम पत्थल चट्टी के नितीश कुमार ने चापाकल स्थापना की मांग की। थाना थाली के ग्राम डेरा निवासी सुमित कुमार ने जन्म प्रमाण-पत्र निर्गत कराने के संबंध में आवेदन दिया। वहीं थाना सिरदला अंतर्गत ग्राम सिंधौल के सोनू कुमार यादव ने अतिक्रमण से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों को जनसुनवाई में प्रस्तुत किया गया।

जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पाण्डेय ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

# फसल चराने के विवाद में मारपीट, तीन घायल, प्राथमिकी

**कौआकोल**। थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में फसल चराने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल हिरा यादव को कौआकोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया। बताया गया कि हिरा यादव के खेत में लगी मूंग की फसल आरोपित पक्ष के पशुओं द्वारा चर लिए जाने के बाद उनका कामेश्वर यादव से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद हिरा यादव ने कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर कामेश्वर यादव सहित नौ लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 26 जुलाई को सभी पंचायतों में होगा पंचायत विकास दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड की सभी ग्राम पंचायतों में 26 जुलाई को पंचायत विकास दिवस के अवसर पर आमसभा आयोजित की जाएगी। इस दौरान विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (वीबी-जी राम जी) 2026 के तहत प्राथमिकता वाली विकास योजनाओं का चयन कर उन्हें विकसित ग्राम पंचायत योजना में शामिल किया जाएगा। मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद असलम हुसैन ने बताया कि बैठकों में जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों और ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। रोजगार सृजन, जल संरक्षण, सड़क, नाली, पुलिया, विद्यालय, खेल मैदान, ग्रामीण हाट, सामुदायिक भवन, पुस्तकालय, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वयं सहायता समूहों के लिए वर्कशेड तथा पशु शेड जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रस्ताव देने की अपील की।

# इनर व्हील क्लब नवादा ने कन्या विद्यालय में चलाया स्वच्छता व जागरूकता अभियान

## स्वच्छ हवा और स्वच्छ पानी स्वस्थ जीवन की पहचान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। इनर व्हील क्लब नवादा की ओर से राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, प्रसाद बिगहा में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण करने के साथ कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया। क्लब की ओर से विद्यालय को दो डस्टबिन भी दान किए गए, ताकि छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े और विद्यालय परिसर साफ-सुथरा बना रहे। इस अवसर पर डॉ. गिसू श्वेता ने छात्राओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, बचाव एवं इसके प्रति सावधानी के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए उपलब्ध वैक्सीन के महत्व के बारे में भी छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं के बीच कॉपी एवं सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। क्लब की अध्यक्ष रेखा रानी ने कहा कि पेड़ लगाना ही हमारा उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि लगाए गए पौधों की उचित देखभाल भी जरूरी है। पेड़ धरती का श्रृंगार हैं और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। स्वच्छ हवा और स्वच्छ पानी स्वस्थ जीवन की पहचान हैं। पर्यावरण जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में अध्यक्ष रेखा रानी, सचिव पुष्पा कुमारी, उपाध्यक्ष अंजना सिन्हा, एडिटर जयलक्ष्मी सिन्हा, कोषाध्यक्ष कशिश सिन्हा, आईएसओ मुस्कान कुमारी, पास्ट प्रेसिडेंट रेणुका मघैया सहित सावित्री बरनवाल, बिन्नी प्रसाद, रीता दीक्षित, आदिति गोयल, रीता चंद्रा, आशा देवी, संध्या सिंह, संध्या जायसवाल, डॉ. उर्मिला भगत, डॉ. पिंकी बरनवाल, डॉ. गिसू श्वेता, उषा बरनवाल एवं रजनी जी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रही।

# रजौली में सर्वर डाउन होने से हाहाकार

## जाति-आवासीय-आय प्रमाण पत्र बनवाने आए लोग घंटों परेशान, प्रखंड-कैफे में जगह लंबी कतार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। सर्वर डाउन होने के कारण शुक्रवार को रजौली प्रखंड क्षेत्र में आम लोगों का जरूरी काम ठप हो गया। जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र सहित अन्य आरटीपीएस सेवाओं के लिए आए आवेदकों को साइबर कैफे से लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय तक घंटों भटकना पड़ा। सुबह से ही प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने कागजात लेकर साइबर कैफे पहुंचे। लेकिन सर्वर नहीं चलने के कारण ऑनलाइन आवेदन ही नहीं हो पाया। कैफे संचालकों ने लोगों को प्रखंड कार्यालय जाने की सलाह दी। वहां भी स्थिति जस की तस रही। आरटीपीएस काउंटर पर भी कंप्यूटर स्क्रीन पर "सर्वर एरर" दिखता रहा। नतीजतन छात्र, नौकरी के अभ्यर्थी और आम नागरिक घंटों तक सर्वर ठीक होने का इंतजार करते रहे। कई लोग मायूस होकर बिना काम कराए ही वापस लौट गए। प्रखंड परिसर में मौजूद आवेदकों ने कहा कि "कॉलेज में नामांकन की अंतिम तिथि है, जाति प्रमाण पत्र के लिए तीन दिन से दौड़ रहे हैं। सर्वर ही नहीं चल रहा।" इस संबंध में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि टेक्निकल इशू के कारण कभी-कभी इस तरह की परेशानी होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरटीपीएस काउंटर पर कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा ऑनलाइन का कार्य लगातार किया जा रहा है और सर्वर ठीक होते ही सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता पर किया जाएगा। वहीं लगातार सर्वर डाउन होने से आरटीपीएस की ऑनलाइन व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि जरूरी कागजात के लिए बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है।

# कौआकोलः नियम तोड़ने वालों का कटा चालान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को कौआकोल थाना पुलिस ने प्रखंड कार्यालय गेट के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व प्रशिक्षु एसआई सोनू कुमार गुप्ता और एएसआई धनंजय कुमार ने किया। जांच के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों के दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस तथा हेलमेट की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ऑनलाइन चालान काटे गए और उन्हें भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की।

# नवादा : शराब जब्त 23 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा पुलिस की ओर से 23 जुलाई 2026 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को लेकर चलाए गए विशेष अभियान में कुल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें हत्या के आरोप में 2, हत्या के प्रयास में 5, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 3 तथा अन्य मामलों में 13 गिरफ्तारियां शामिल हैं। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 56 लीटर देसी महुआ शराब भी बरामद की। पुलिस के अनुसार वाहन जांच अभियान के तहत कुल 410 वाहनों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से 1 लाख 91 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा दो कुर्की आदेशों का निष्पादन किया गया। पुलिस ने दो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन, दो अपहृता एवं एक अपहृत को बरामद करने के साथ पाइप, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा और तसला भी जब्त किया। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि पकरीबरावां थाना कांड संख्या 194/26 में बीएनएस के अभियुक्त पंकज मिस्त्री को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 359/26 में अभियुक्त कपिल प्रसाद को गिरफ्तार किया गया।

# निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन नारदीगंज में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन सीएचसी नारदीगंज के सौजन्य से किया गया था। जिसकी अध्यक्षता सभापति प्रवीण कुमार ने किया।आयोजित शिविर में दर्जनों पेनशरों का स्वास्थ्य जांच किया गया। डॉ प्रवीण कुमार ने सभी का स्वास्थ्य जांच किया। जांचोपरांत सभी को आवश्यक दवाई और परमर्श दिया गया। एएनएम रिंकी कुमारी ने सभी पेंशनरों का बीपी और खून जाँच किया। मौके पर बलिराम प्रसाद सिंह, रामशरण सिंह, यमुना सिंह, कैलाश प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद, सिया शरण दास, नरेश कुमार, रघुनंदन प्रसाद,राम लखन प्रसाद, सुखदेव प्रसाद समेत दर्जनों पेनशर मौजूद थे।

# पांच साल से बोधगया में भवनों का नक्शा पास नहीं, निर्माण कार्य पर लगा ब्रेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोधगया।** पिछले पांच सालों से बोधगया में नए भवनों के निर्माण के लिए नक्शा पारित नहीं हो पा रहा है। इस गंभीर समस्या का असर न केवल भवन निर्माण कराने वालों पर पड़ रहा है, बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति, बैंकों के कारोबार और जमीन की खरीद-बिक्री पर भी पड़ रहा है। होटल एसोसिएशन ने अविलंब समाधान की मांग की है। बोधगया नगर पर्षद क्षेत्र में नये भवनों के निर्माण के लिए नक्शा पारित नहीं हो पा रहा है। यह व्यवस्था वर्ष 2020 से ही बंद है। भवन निर्माण के लिए नक्शा स्वीकृत न होने का खामियाजा भवन निर्माण कराने वाले लोगों को भुगतना ही पड़ रहा है साथ ही इसका प्रतिकूल असर पूरे बोधगया की आर्थिक स्थिति पर भी पड़ रहा है। नक्शा पास न होने के कारण बोधगया में बड़े प्रोजेक्ट जैसे होटल, मॉल और हॉस्पिटल के साथ-साथ निजी मकानों का निर्माण भी नहीं हो पा रहा है। इसका सीधा असर यह हो रहा है कि क्षेत्र में नया निवेश पूरी तरह से रुक गया है। निर्माण कार्य ठप रहने से इससे जुड़े कामगारों, मजदूरों और निर्माण सामग्रियों की बिक्री पर बुरा असर पड़ा है। नये भवनों के लिए नक्शा पारित नहीं होने का प्रभाव यह हुआ है कि बैंकों से हाउस लोन की प्रक्रिया भी ठप पड़ गई है। बिना स्वीकृत नक्शे के बैंक किसी भी व्यक्ति को हाउस लोन निर्गत नहीं कर सकते हैं। इस संबंध में बोधगया स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा प्रबंधक आकिंचन सिन्हा ने बताया कि बोधगया के कुछ क्षेत्रों में जमीन की रजिस्ट्री पर रोक के साथ-साथ नये भवनों के निर्माण का नक्शा पास न होने से हाउस लोन की प्रक्रिया फिलहाल ठप है। उन्होंने स्वीकार किया कि इससे बैंक का कारोबार और आमदनी प्रभावित हो रही है। नये भवनों के निर्माण पर असमंजस होने के कारण फिलहाल क्षेत्र में जमीन की खरीद-बिक्री की गति भी काफी धीमी हो गई है। लोग घर बनाने के उद्देश्य से जमीन की खरीदारी इसलिए नहीं कर रहे हैं क्योंकि नक्शा पास न होने से उन्हें बैंकों से लोन नहीं मिल पाएगा। स्थिति यह है कि जमीन बेचकर अपनी जरूरी जरूरतों को पूरा करने वाले लोगों के सामने भी संकट खड़ा हो गया है। इस संबंध में होटल एसोसिएशन बोधगया के अध्यक्ष जय सिंह ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से बोधगया नगर क्षेत्र में भवन निर्माण के लिए नक्शा पारित न होने से इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में पिछड़ने के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि, कुछ लोग बिना इजाजत के ही घरों का निर्माण करा रहे हैं, जो पूरी तरह अवैध है।

# डीइसीइ (लेटरल एंट्री) 2026 : द्वितीय चरण का सीट आवंटन जारी, 25-26 जुलाई को 58 सेंटरों पर होगा डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

## राज्य के सभी 58 रिपोर्टिंग सेंटरों पर बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने डीईसीई (लेटरल एंट्री)-2026 के तहत 10+2 उत्तीर्ण व्यावसायिक शिक्षा एवं आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में लेटरल एंट्री के दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पर्षद की ओर से जारी पत्र के अनुसार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं अभ्यर्थियों से संस्थान एवं शाखा का विकल्प प्राप्त कर मेरिट सूची के आधार पर एनआईसी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप 22 जुलाई 2026 को द्वितीय चरण का प्रोविजनल सीट आवंटन परिणाम जारी कर दिया गया है। सीट आवंटित अभ्यर्थी 26 जुलाई 2026 तक अपने लॉगिन से प्रोविजनल अलॉटमेंट ऑर्डर डाउनलोड कर सकेंगे। इसी अवधि में उन्हें निर्धारित रिपोर्टिंग सेंटर पर जाकर दस्तावेज सत्यापन एवं नामांकन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 25 और 26 जुलाई 2026 को होगा। पर्षद ने स्पष्ट किया है कि प्रोविजनल अलॉटमेंट ऑर्डर पर स्वतः अपग्रेडेशन के लिए 'नो' रहेगा। अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक मूल प्रमाण-पत्रों के साथ दस्तावेज सत्यापन कराकर निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद नामांकन कराना होगा। राज्य के सभी 58 रिपोर्टिंग सेंटरों पर बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था की गई है। इसके लिए बायोमेट्रिक एजेंसी का एक ऑपरेटर उपलब्ध रहेगा जबकि प्रत्येक रिपोर्टिंग सेंटर की ओर से दो प्रतिनिधियों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। दिव्यांग कोटे के तहत सीट आवंटित अभ्यर्थियों की दिव्यांगता की जांच संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की देखरेख में गठित मेडिकल टीम के स्तर से की जाएगी। बोर्ड ने सभी रिपोर्टिंग सेंटरों को समय पर दस्तावेज सत्यापन एवं नामांकन की आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया है, ताकि दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा के भीतर संपन्न कराई जा सके।

# मोटर वाहन दुर्घटना पीड़ित सात परिवारों को 68 लाख 28 हजार रुपये का मिलेगा मुआवजा

## बीमा कंपनियों को भुगतान का दिया गया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया जी।** बिहार मोटरवाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण मगध प्रमंडल गयाजी द्वारा जुलाई माह में विभिन्न मोटर वाहन दुर्घटना दावा मामलों की सुनवाई के बाद सात पीड़ित परिवारों के पक्ष में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया गया। न्यायाधिकरण ने कुल 68.28 लाख रुपये की मुआवजा राशि संबंधित बीमा कंपनियों को पीड़ितों के बैंक खातों में भुगतान करने का निर्देश दिया है। इससे दुर्घटनाओं में अपने परिजनों को खोने अथवा गंभीर रूप से प्रभावित परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी। डीटीओ राजेश कुमार ने बताया कि न्यायाधिकरण के आदेश के अनुसार वाद संख्या 279/25 में मारो देवी को 13.03 लाख रुपये, वाद संख्या 300/25 में सारो देवी को 18.62 लाख रुपये तथा वाद संख्या 804/25 में रंगीता देवी को 16.63 लाख रुपये का मुआवजा स्वीकृत किया गया। इसके अलावा वाद संख्या 687/25 में बबीता देवी, वाद संख्या 1262/25 में शकुन्तला देवी, वाद संख्या 483/24 में हरेन्द्र कुमार तथा वाद संख्या 821/25 में सुरेन्द्र यादव के पक्ष में भी मुआवजा राशि निर्धारित की गई। इन सभी मामलों को मिलाकर कुल 68.28 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। न्यायाधिकरण के आदेश के अनुरूप संबंधित बीमा कंपनियां जिनमें न्यू इंडिया इंश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस, टाटा एआईजी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस तथा यूनिवर्सल सोमपो इंश्योरेंस शामिल हैं जो लाभुकों के बैंक खातों में निर्धारित राशि हस्तांतरित करेंगी। न्यायाधिकरण ने सभी लाभार्थियों के बैंक खाते और आईएफएससी कोड के आधार पर सीधे भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है ताकि मुआवजा राशि सुरक्षित एवं पारदर्शी तरीके से पीड़ित परिवारों तक पहुंच सके। कानूनी जानकारों का कहना है कि मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के ऐसे निर्णय सड़क दुर्घटना पीड़ितों और उनके आश्रितों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण है। इससे न केवल पीड़ित परिवारों को राहत मिलती है बल्कि सड़क दुर्घटना मामलों में न्यायिक प्रक्रिया के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत होता है।

# नशे में सड़क पर बेसुध मिला युवक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले के मानपुर स्थित सिक्स लेन ब्रिज से पहले धीमल चाय दुकान के समीप एक युवक को दिन के उजाले में अत्यधिक शराब के नशे में सड़क पर बेसुध गिरे हुए पाए जाने से स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था की कलई खुलकर सामने आ गई है। बिहार में सख्त शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद इस तरह सरेआम दिनदहाड़े एक युवक का शराब के नशे में सड़क पर पड़े मिलना कानून की जमीनी हकीकत और व्यवस्था के दावों की पूरी पोल खोल रहा है। इस गंभीर मामले को लेकर एपी ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्ण शराबबंदी लागू होने का दावा कागजों तक ही सीमित है और धरातल पर इसकी तस्वीरें इसके दावों को झूठा साबित कर रही है। खबर लिखे जाने तक वह युवक बेसुध हालत में उसी स्थान पर शराब के नशे में पड़ा रहा।

# कोंच में आकांक्षी योजना की समीक्षा, समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** आकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन और विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कोंच प्रखंड सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार ने की। संचालन मार्केटिंग पदाधिकारी शेखर सुमन ने किया। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास परियोजना सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नदीम अख्तर, स्वास्थ्य प्रबंधक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समेत कई कर्मी उपस्थित रहे। बीडीओ चंदन कुमार ने योजना के तहत तय मानकों और लक्ष्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजना को धरातल पर प्रभावी बनाने के लिए सभी विभागों में बेहतर समन्वय और समयबद्ध कार्य जरूरी है। लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से पहुंचे, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग पर बल दिया। बैठक में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा व अन्य विकास सूचकांकों में सुधार को लेकर चर्चा हुई। अधिकारियों से विभागवार उपलब्धियों और लंबित कार्यों की जानकारी भी ली गई। सभी को निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया।

# बेलागंज के पीटीसी कमलेश कुमार बने एएसआई, अपराधियों पर कसेगा शिकंजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया/बेलागंज।** स्थानीय बेलागंज थाना परिसर में आयोजित एक बेहद गौरवपूर्ण और गरिमामायी समारोह के दौरान कर्तव्यनिष्ठा की एक नई मिसाल पेश की गई। अपनी उत्कृष्ट और समर्पित सेवाओं के लिए पहचाने जाने वाले बेलागंज थाने के जांबाज पीटीसी जवान कमलेश कुमार को प्रोन्नति प्रदान करते हुए उनके कंधों पर सहायक अवर निरीक्षक का प्रतिष्ठित स्टार सजाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अत्यंत आदर और सम्मान के साथ कमलेश कुमार के कंधों पर चमचमाता बैच लगाया, जो उनकी वर्षों की कठिन मेहनत, ईमानदारी और खाकी के प्रति उनके अटूट समर्पण का प्रतीक है। इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बने पूरे थाना परिसर ने करतल ध्वनि और तालियों की गड़गड़ाहट से नए पुलिस अधिकारी का अभिनंदन किया जिसके तुरंत बाद उन्हें पूरी गरिमा के साथ नया कार्यभार सौंप दिया गया। इस महत्वपूर्ण गरिमापूर्ण पदोन्नति से न केवल पुलिस महकमे का मान बढ़ा है, बल्कि एएसआई कमलेश कुमार को अब क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से आपराधिक मामलों की जांच और अनुसंधान का अत्यंत महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व भी मिल गया है। वरिष्ठ अधिकारियों का विश्वास है कि कमलेश कुमार जैसे कर्तव्यपरायण अधिकारी के आने से लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी आएगी और बेलागंज क्षेत्र में न्याय प्रणाली तथा कानून-व्यवस्था को एक नया आयाम मिलेगा।

# कोंच थाना के नये प्रभारी बने आलोक रंजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** जिले की कानून व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने थाना प्रभारियों में बड़ा फेरबदल किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कोंच थाना का नया प्रभार सब इंस्पेक्टर आलोक रंजन को सौंपा गया है। वर्तमान में पुलिस केंद्र में पदस्थापित आलोक रंजन अब कोंच थाना के थानाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। वहीं कोंच थाना के पूर्व प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुदेह कुमार का तबादला कर उन्हें मगध मेडिकल थाना की जिम्मेदारी दी गई है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि यह तबादला क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किया गया है।

# मिथिलेश हत्याकांड के आरोपित पुलिस पकड़ से दूर, परिजन न्याय की कर रहे प्रतीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गोह।** उपहारा थाना क्षेत्र के मियांपुर निवासी मिथिलेश हत्याकांड को करीब एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इसे लेकर मृतक के परिजनों में आक्रोश और मायूसी है। मृतक मिथिलेश के पिता सत्येंद्र यादव ने बताया कि घटना के एक माह बीत चुके हैं, लेकिन मेरे पुत्र के हत्यारे अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार थाना का चक्कर काटने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों ने जल्द गिरफ्तारी और न्याय की मांग की है। इस संबंध में शुक्रवार को टिकारी एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने बताया कि मामले में अनुसंधान जारी है तथा पुलिस मृतक के परिजनों के संपर्क में हैं। सिर्फ डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट आना बाकी है। रिपोर्ट मिलते ही मामले में संलिप्त सभी आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब हो कि एक माह पूर्व गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के उसास आहर में एक युवक को हत्या कर फेंक दिया गया था। इस हत्या के बाद इलाके में तनाव का माहौल था। पुलिस ने शुरूआती जांच में कुछ लोगों से पूछताछ की थी, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# बाल श्रम, बाल विवाह व मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**खिजरसराय।** बाल श्रम, बाल विवाह एवं मानव तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को खिजरसराय प्रखंड की रौनिया पंचायत स्थित मध्य विद्यालय रौनिया में शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में सेंटर डायरेक्ट कवच परियोजना के प्रखंड समन्वयक गौतम कुमार ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों को बाल श्रम, बाल विवाह और मानव तस्करी जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध शपथ दिलाई। इस अवसर पर खिजरसराय थाना से पहुंची सब-इंस्पेक्टर तरन्नुम खातून ने बच्चों को निर्भय होकर विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या आपात स्थिति में 112 एवं महिला हेल्पलाइन की सेवाओं का उपयोग कर तत्काल पुलिस सहायता ली जा सकती है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक भीमसेन कुमार, शिक्षक जुगेश कुमार, सुनीता मिश्र, निकिता सिंह, मोहम्मद जल्लालुद्दीन, रितेश कुमार सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं पुलिसकर्मी आकृति कुमारी और सुंदर कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को बाल अधिकारों की रक्षा तथा बाल श्रम, बाल विवाह और मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूक किया गया।

# नीट पेपर लीक पर इमामगंज में छात्रों का फूटा गुस्सा, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

## लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस-राजद का जोरदार प्रदर्शन, प्रोटेस्ट को देखते हुए प्रशासन मुस्तैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**इमामगंज।** देशभर में चर्चित नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों का आक्रोश अब गांव-कस्बों तक पहुंच गया है। शुक्रवार को गया जिले के इमामगंज में कांग्रेस, राजद और छात्र संगठनों ने संयुक्त रूप से जोरदार प्रदर्शन कर नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार का भी विरोध जताया। मालूम हो कि दिल्ली के जंतर-मंतर से शुरू हुआ यह आंदोलन पटना होते हुए अब जिला और प्रखंड स्तर तक पहुंच चुका है। इमामगंज में आयोजित प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कहा कि नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में पेपर लीक की घटनाएं लाखों युवाओं की वर्षों की मेहनत और सपनों पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक परीक्षा का मामला नहीं, बल्कि देश के करोड़ों छात्रों के भविष्य और उनके विश्वास का सवाल है। प्रदर्शनकारियों ने 'इस्तीफा दो-जवाब दो', 'छात्रों पर हमला नहीं चलेगा' और 'युवाओं के भविष्य से समझौता नहीं' जैसे नारों के साथ अपना विरोध दर्ज कराया। आंदोलन का नेतृत्व कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार कुशवाहा ने किया। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक ने देश की परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लाखों छात्रों की मेहनत के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। हम केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग करते हैं। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं प्रदर्शन में कांग्रेस के इमामगंज प्रखंड अध्यक्ष रामनंदन प्रसाद, डुमरिया प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, बांकेबाजार प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार दीप, राजद के क्यामुद्दीन अंसारी, अनिल यादव, संजय मांझी, रवि कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस, राजद के कार्यकर्ता एवं छात्र शामिल हुए। वहीं, आंदोलन को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इमामगंज के एसडीपीओ धीरज कुमार एवं थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस, दंगा निरोधक दस्ता तथा बड़ी संख्या में महिला पुलिस बल की तैनाती की गई थी। आवश्यकता पड़ने पर वॉटर कैनन और आंसू गैस के इस्तेमाल की भी व्यवस्था की गई थी। प्रशासन की सतर्कता के बीच प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी प्रखंड के नवपदस्थ प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार ने शुक्रवार को विधिवत अपना योगदान दिया। योगदान के बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में अधिकारियों, कर्मियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें फूल-माला एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आमस प्रखंड के बीडीओ नीरज कुमार, अंचल अधिकारी उषा कुमारी, आरओ अमित कुमार सिंह सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नवपदस्थ बीडीओ को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए शेरघाटी प्रखंड के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया। योगदान के बाद बीडीओ विनोद कुमार ने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से आम लोगों तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रखंड के विकास को गति दी जाएगी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं सुझावों को बेहिचक प्रखंड कार्यालय में रखें, ताकि उनका त्वरित समाधान किया जा सके।

# बिहार सर्वाधिक रुपे कार्ड उपयोग करने वाला देश का दूसरा राज्य

## प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 4.98 करोड़ रुपे कार्ड धारक हैं बिहार में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रधानमंत्री जनधन योजना के लाभार्थियों के रुपे कार्ड उपयोग करने में बिहार का देशभर में दूसरा स्थान है। सूबे में रुपे कार्ड धारकों की संख्या 4.98 करोड़ से अधिक है। हालांकि राज्य में जनधन खाताधारकों की संख्या 6 करोड़ 87 लाख है। इसके मुकाबले कार्डधारकों की संख्या कम है। सूबे में कार्ड धारकों की यह संख्या उत्तर प्रदेश के बाद दूसरी सर्वाधिक है। यूपी में इस कार्ड के धारकों की संख्या 7.16 करोड़ है। बिहार के बाद पश्चिम बंगाल (3.76 करोड़ उपयोगकर्ता), मध्य प्रदेश (3.51 करोड़) और महाराष्ट्र (2.72 करोड़) का स्थान आता है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के स्तर से जारी आंकड़ों में इसका स्पष्ट उल्लेख किया गया है। वित्तीय क्षेत्र में यह बिहार सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में एक है। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक देशभर में रुपे कार्ड धारकों की संख्या 40 करोड़ 60 लाख है। इसमें करीब 11 फीसदी की हिस्सेदारी बिहार के लोगों की है। इन कार्डों का बढ़ता उपयोग यह दिखाता है कि लोग न सिर्फ बैंक खाते खोल रहे हैं, बल्कि उन्हें रोजमर्रा के लेनदेन, नकद निकासी और सरकारी लाभ प्राप्त करने के लिए सक्रिय रूप से इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही यह राज्य में तेजी से बढ़ते सशक्त वित्तीय लेनदेन को दर्शाता है। पीएमजेडीवाय योजना का दायरा कितना बड़ा है और पहली बार बैंकिंग सेवाओं से जुड़ने वाले लोग औपचारिक वित्तीय प्रणाली के साथ कितनी सहजता से जुड़ रहे हैं। इसका इस्तेमाल ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी कसबाई इलाकों में भी धड़ल्ले से हो रहा है। गौरतलब है कि बिहार में जनधन खातों की संख्या 6 करोड़ 87 लाख है। इसमें भी बिहार दूसरे स्थान पर है जबकि पहले स्थान पर यूपी है जहां जनधन खातों की संख्या 10 करोड़ 32 लाख है। देश में जनधन खातों की संख्या 58 करोड़ 6 लाख है। बिहार के सभी जनधन खातों में आम लोगों के 30 हजार करोड़ रुपये जमा हैं। रुपे कार्ड के सक्रिय उपयोग में तेजी आने का एक प्रमुख कारण ग्रीन पिन फीचर है। साथ ही बैंकिंग बीसी (बिजनेस कॉरस्पांडेंट) नेटवर्क पर माइक्रो या ग्रामीण स्तर पर एटीएम की तैनाती करना है। सुदूर ग्रामीण इलाकों में बैंकों के बीसी की पहुंच बढ़ने के कारण पैसे के लेनदेन की सुविधा ग्रासरूट स्तर पर भी रहने वाले लोगों तक सीधे पहुंच गई है। ग्रीन पिन सुविधा के माध्यम से कोई कार्डधारक तुरंत और सुरक्षित तरीके से अपना पिन जेनरेट या रीसेट कर सकते हैं। इससे भौतिक पिन मेलर की आवश्यकता समाप्त हो गई है जो ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी बाधा थी। इस नई सुविधा से लाखों नए उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित, पेपरलेस ऑनबोर्डिंग संभव हो पाई है। कई जनधन खाता धारक माइक्रो एटीएम और ग्रीन पिन की मदद से अपने जीवन में पहली बार बैंकिंग एटीएम समेत अन्य सुविधाओं का लाभ ले सके हैं। इस सुविधा की मदद से बैंकों के लॉजिस्टिक खर्च को कम करने में भी काफी मदद मिली है। यानी घर पर डाक की मदद से एटीएम कार्ड भेजने के झंझट और खर्चे से छुटकारा मिला है।

# सम्राट सरकार के स्वास्थ्य विजन को नई गति, एलएनजेपी में सुपर स्पेशलिटी बिल्डिंग का उद्घाटन

## हड्डी के इलाज के लिए 400 बेड का सुपरस्पेशलिस्ट अस्पताल बनकर तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में पीएमसीएच में नए रेडियोलॉजी बिल्डिंग का उद्घाटन किया गया है एवं हड्डी के इलाज के लिए प्रख्यात एलएनजेपी हड्डी अस्पताल में निर्माणाधीन सुपर स्पेशलिस्ट बिल्डिंग का उद्घाटन शनिवार को किया जाएगा। एलएनजेपी अस्पताल के निदेशक राकेश चौधरी ने कहा कि नये बिल्डिंग में हड्डी के इलाज के लिए कई अत्याधुनिक सुविधा बहाल की जा रही है। निचले तल्ले पर 100 से अधिक वाहनों की हाइड्रोलिक्स पार्किंग के साथ ग्राउंड फ्लोर पर प्लास्टर रूम, ओपीड रूम, माइनर ओटी, एमआरआई व किचन की व्यवस्था की गयी है। ताकि मरीजों के उचित इलाज के साथ-साथ उनके परिजनों को भी मूलभूत सुविधा दी जा सके। वहीं पहले तल्ले पर सीटी स्कैन व एक्स-रे के साथ फिजियोथेरेपी, मरीजों के जिम का निर्माण का कार्य किया जा रहा है। फिलहाल इस सुविधा के लिए ट्रेंडर प्रक्रिया जारी है। राकेश कुमार चौधरी ने कहा कि एलएनजेपी के सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में दूसरे, तीसरे व चौथे तल्ले पर 400 बेड की क्षमतानुसार तैयार किया गया है। इसके अलावा पांचवे तल्ले पर ओटी कॉम्प्लेक्स, मॉड्युलर सर्जिकल आईसीयू की खास व्यवस्था की गयी है। पीएमसीएच में अब मरीजों एवं मरीजों के परिजनों को रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी कतारों में घंटों इंतजार करने की जरूरत नहीं होगी। अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल परिसर के नये रेडियोलॉजी-3 बिल्डिंग में नये रजिस्ट्रेशन काउंटर शुरू करने की योजना बनायी जा रही है। बता दें कि परिसर में 10 नये रजिस्ट्रेशन काउंटर पूर्व ही स्थापित किए गए हैं। अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि कुछ महीनों में नये रजिस्ट्रेशन काउंटर खुलने से अब मरीजों को जांच व इलाज के लिए दूसरे बिल्डिंग में जाने की जरूरत नहीं होगी। कई बार परिजनों को इलाज स्थल व काउंटर दूर होने की वजह से काफी मशक्कत झेलनी पड़ती है।

झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

भर्ती कैम्प सूचना

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को नियोजनालय, पलामू के कार्य योजनाओं एवं गतिविधियों से संबंधित जागरूकता सेमिनार के आयोजन के साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक–29.07.2026 दिन मंगलवार को आई0टी0आई0 परिसर, हुसैनाबाद में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक जागरुकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

| S. No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | | 9 |
| 1 | First Fly Corporate Management Services | Apprenticeship Trainee | 100 | 10th, 12th, ITI, Diploma, B.E., B.Tech, Graduation | 18-35 | 15000-21000 | Aurangabad (Maharashtra) |
| 2 | Sindhuja Microcredit Pvt. Ltd. | Trainee Credit Officer | 50 | 12th | 18-30 | 12700-16200 | Jharkhand & Bihar |

जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक अपना बायोडाटा, सभी शैक्षणिक–प्रशैक्षणिक प्रमाण–पत्र, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

नोट :– रिक्ति से संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी पलामू

PR.NO.385816 District(26-27):D

संपादकीय

## मप्र : यूसीसी लागू होना स्वागतेय

मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने विधानसभा में भारी हंगामे के बीच राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर न केवल संविधान बल्कि भाजपा के राजनीतिक एजेंडे को भी पूरा कर दिया है। राज्यपाल के हस्ताक्षर होते ही यह प्रदेश में लागू हो जाएगा। सरकार का यह कदम स्वागतेय है। वैसे भी भाजपा के तीन कोर मुद्दों में यूसीसी भी शामिल रहा है। पार्टी अब इसे भाजपा शासित राज्यों में टुकड़ों-टुकड़ों में लागू कर रही है। इस हिसाब से मप्र देश का चौथा राज्य है, जो यूसीसी को लागू करने जा रहा है। वैसे भी यूसीसी का प्रावधान संविधान में पहले से है। अगर विपक्ष और खासकर कांग्रेस व अन्य पार्टियां इसका विरोध कर रही हैं तो इसके पीछे मुख्य रूप से मुस्लिम वोटों की चिंता है। क्योंकि मुसलमान ही मुख्य रूप से यूसीसी का विरोध यह कहकर कर रहे हैं कि यह उनके पर्सनल लॉ में दखल है। यूसीसी लागू करने के पहले राज्य सरकार ने जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी, जिसने यूसीसी को लेकर बड़ी संख्या में आए सुझावों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट सरकार को दी। इसमें कई ऐसे प्रावधान हैं, जो प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकारों की संरक्षा की गारंटी देते हैं। गौरतलब है कि यूसीसी का मुद्दा दशकों से देश में राजनीतिक बहस के केंद्र में रहा है। संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता को लेकर प्रावधान है। हालांकि इसे स्वैच्छिक रखने की बात कही गई थी। मध्य प्रदेश में अभी विवाह, विवाह-विच्छेद, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण, लिव-इन संबंध और अन्य पारिवारिक मामलों के लिए अलग-अलग व्यक्तिगत कानून लागू हैं। सरकार का कहना है कि इन सभी कानूनों का समग्र अध्ययन कर एक समान, संतुलित और व्यावहारिक कानूनी व्यवस्था तैयार करने की आवश्यकता महसूस की गई। सरकार के मुताबिक यूसीसी के लिए किए गए जन परामर्श में 93 फीसदी लोगों ने इसका समर्थन किया। यूसीसी बिल के कुछ प्रमुख प्रावधानों में एक विवाह के बाद दूसरा विवाह तब तक नहीं किया जा सकेगा, जब तक पहला विवाह कानूनी रूप से समाप्त न हो जाए, शामिल है। केवल तलाक, तलाक, तलाक कह देने से विवाह समाप्त नहीं होगा। तलाक तभी प्रभावी होगा जब कानूनी प्रक्रिया पूरी होगी। जिन कानूनों में महिलाओं के अधिकार कम थे, वहां भाई और बहनों को समान अधिकार दिए जाएंगे। लेकिन धार्मिक समारोह, अनुष्ठान और परंपराएं पहले की तरह जारी रहेंगी। विवाह का पंजीकरण पंचायत से लेकर नगरीय निकाय तक अनिवार्य होगा। न्यायालय के बाहर विवाह विच्छेद मान्य नहीं होगा। पुत्र और पुत्रियों को समान अधिकार प्राप्त होंगे। महिलाओं को संपत्ति में वही अधिकार मिलेंगे जो पुरुषों को प्राप्त हैं। अनुसूचित जनजातियों और संरक्षित रूढ़िगत समूहों को इस कानून से बाहर रखा गया है। अब लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों के लिए एक महीने के भीतर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। लिव-इन संबंध के लिए पुरुष की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और महिला की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होगी। अगर कोई व्यक्ति पहले से विवाहित है तो वह इस व्यवस्था के तहत लिव-इन संबंध में नहीं आ सकेगा। मौखिक तलाक या अनौपचारिक पंचायत के फैसलों को पूरी तरह गैर-कानूनी घोषित किया गया है। अब विवाह का समापन केवल कानून में बताए गए स्पष्ट और वैधानिक आधारों पर ही हो सकता है। शादी और तलाक तलाक के बाद उसी जीवनसाथी से दोबारा शादी करने के लिए 'निकाह हलाला' जैसी अपमानजनक या नीचा दिखाने वाली शर्तों को मानना, बढ़ावा देना या मजबूर करना एक दंडनीय आपराधिक अपराध माना जाएगा। जहां भी यूसीसी लागू हुआ है, वहां कोई विवाद सामने नहीं आए हैं।

# जनता के प्रति उत्तरदायी मीडिया की आवश्यकता

**सोशल मीडिया पर कुछ समय पहले एक दिलचस्प लेकिन असहज करने वाला काल्पनिक सर्वे वायरल हुआ था। उसमें समुद्र के बीच फँसी एक नाव दिखाई गई थी, जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, सैनिक, पुलिसकर्मी और पत्रकार सवार थे। नाव में केवल चार लोगों के लिए जगह थी। लोगों से पूछा गया कि नाव को बचाने के लिए किसे बाहर किया जाना चाहिए। इस सर्वे का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं था, लेकिन उसके नतीजे एक गंभीर सवाल जरूर खड़ा करते हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने पत्रकार को नाव से बाहर करने का विकल्प चुना। यह सिर्फ एक सोशल मीडिया प्रतिक्रिया नहीं थी। यह उस मानसिकता का संकेत थी जो आज समाज के एक बड़े हिस्से में मीडिया के प्रति बन चुकी है। कभी पत्रकार को समाज की आँख और कान माना जाता था, लेकिन आज वही पत्रकार और मीडिया संस्थान अविश्वास, संदेह और आलोचना के केंद्र में खड़े दिखाई देते हैं।**

**दिलीप लोकरे**

लोकतंत्र में मीडिया को चौथा स्तंभ कहा जाता है। विधायिका कानून बनाती है, कार्यपालिका उन्हें लागू करती है और न्यायपालिका न्याय सुनिश्चित करती है। मीडिया का काम इन तीनों पर नजर रखना, जनता तक सही जानकारी पहुँचाना और सत्ता से सवाल पूछना है। इसलिए जब समाज का एक बड़ा वर्ग मीडिया पर भरोसा खोने लगे, तो यह केवल मीडिया का संकट नहीं रहता; यह लोकतंत्र के स्वास्थ्य का प्रश्न बन जाता है।

आज मीडिया जगत का सबसे बड़ा तर्क आर्थिक मजबूरी है। समाचार पत्रों की छपाई, वितरण, चैनलों का संचालन, तकनीकी ढाँचा, रिपोर्टिंग नेटवर्क और डिजिटल प्लेटफॉर्म–इन सबकी लागत लगातार बढ़ती जा रही है। मीडिया संस्थान कहते हैं कि केवल पाठकों या दर्शकों से मिलने वाली आय के आधार पर उनका संचालन संभव नहीं है, इसलिए उन्हें विज्ञापनों पर निर्भर रहना पड़ता है।

यह तर्क पूरी तरह गलत भी नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि क्या आर्थिक अस्तित्व बनाए रखने के लिए संपादकीय स्वतंत्रता का बलिदान दिया जा सकता है? क्या विज्ञापनदाता, कॉर्पोरेट समूह या राजनीतिक शक्तियाँ यह तय करेंगी कि जनता तक कौन-सी खबर पहुँचेगी और कौन-सी नहीं? यही वह बिंदु है जहाँ पत्रकारिता और व्यापार के बीच संघर्ष शुरू होता है।

भारतीय पत्रकारिता का इतिहास बताता है कि ऐसा हमेशा नहीं था। भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में भी भारतीय पत्रकारिता ने केवल खबरें प्रकाशित करने का काम नहीं किया, बल्कि वह स्वयं स्वतंत्रता आंदोलन का एक सक्रिय और साहसी सहभागी बन गई थी। केसरी, मराठा, यंग इंडिया, हरिजन, अमृत बाजार पत्रिका, प्रताप और द हिंदू जैसे अनेक समाचार पत्रों ने ब्रिटिश शासन की दमनकारी नीतियों को बेनकाब किया और स्वतंत्रता की चेतना को जन-जन तक पहुँचाया। उस दौर में पत्रकारिता कोई लाभ का व्यवसाय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य और जनसेवा का माध्यम मानी जाती थी। बाल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी, गणेश शंकर विद्यार्थी और माखनलाल चतुर्वेदी जैसे अनेक पत्रकारों और संपादकों ने जेल यात्राएँ कीं, मुकदमे झेले और आर्थिक कठिनाइयाँ सहीं, लेकिन सत्ता के सामने झुकने से इनकार किया। ब्रिटिश सरकार ने कई अखबारों पर प्रतिबंध लगाए, प्रेस जब्त किए और संपादकों को कारावास में डाला, फिर भी भारतीय प्रेस ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की मशाल बुझने नहीं दी। भारतीय पत्रकारिता का यह स्वर्णिम अध्याय हमें याद दिलाता है कि मीडिया की वास्तविक ताकत उसकी तकनीक, पूँजी या पहुँच में नहीं, बल्कि उसके नैतिक साहस और जनहित के प्रति उसकी प्रतिबद्धता में निहित होती है। 1975 के आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के सबसे कठिन दौरों में गिना जाता है। प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई थी। कई अखबारों को सरकारी दबाव का सामना करना पड़ा। कुछ



संस्थान झुक गए, लेकिन कुछ ने प्रतिरोध भी किया। कुछ समाचार पत्रों ने विरोध स्वरूप अपने संपादकीय पृष्ठ खाली छोड़ दिए। वह खाली स्थान किसी भी लेख से अधिक प्रभावशाली था। उसने बता दिया था कि प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला हुआ है।

उस दौर की पत्रकारिता में कमियाँ थीं, लेकिन उसमें आत्मसम्मान भी था। पत्रकार जानते थे कि उनका पहला दायित्व सत्ता को खुश करना नहीं, बल्कि जनता को सच बताना है। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश भय, आक्रोश और असुरक्षा के माहौल से गुजर रहा था। उस समय भी अधिकांश प्रिंट मीडिया ने अपेक्षाकृत संयमित भूमिका निभाई। पत्रकारिता का उद्देश्य केवल खबर देना नहीं था, बल्कि समाज को टूटने से बचाना भी था।

फिर समय बदला। उदारीकरण के बाद मीडिया उद्योग का विस्तार हुआ। निजी चैनलों का दौर आया। चौबीस घंटे समाचार प्रसारित होने लगे। तकनीक ने पत्रकारिता को तेज, आकर्षक और व्यापक बनाया। यह परिवर्तन अपने आप में सकारात्मक था। लेकिन इसके साथ प्रतिस्पर्धा भी बढ़ी। दर्शक संख्या और टीआरपी सफलता का मुख्य पैमाना बन गई। यहीं से पत्रकारिता का चरित्र बदलना शुरू हुआ। खबरें केवल सूचना नहीं रहीं; वे उत्पाद बन गईं। दर्शकों का ध्यान आकर्षित करना सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गया। धीरे-धीरे तथ्य, विश्लेषण और संतुलन की जगह सनसनी, शोर और टकराव ने ले ली। टेलीविजन स्टूडियो बहस के मंच कम और प्रदर्शन के मंच अधिक बनते गए। ऐसी बहसें आयोजित की जाने लगीं जिनका उद्देश्य समाधान ढूँढ़ना नहीं बल्कि विवाद पैदा करना था। जितनी ज्यादा उत्तेजना, उतनी ज्यादा दर्शक संख्या; जितनी ज्यादा दर्शक संख्या, उतना ज्यादा विज्ञापन राजस्व। इस प्रक्रिया में पत्रकारिता का मूल उद्देश्य पीछे छूटता गया। समस्या केवल मीडिया तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र के अन्य स्तंभ भी अपने-अपने संकटों से गुजर रहे हैं। ऐसे समय में मीडिया की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वही वह मंच है जहाँ इन सभी संस्थाओं से जवाबदेही की अपेक्षा की जाती है। लेकिन यदि मीडिया स्वयं राजनीतिक और आर्थिक हितों से प्रभावित हो जाए, तो जनता किस पर भरोसा करे?

यही कारण है कि मीडिया की साख का संकट आज इतना गहरा दिखाई देता है। लोगों को लगता है कि कुछ मीडिया संस्थान खबरों का चयन भी वैचारिक झुकाव या व्यावसायिक हितों के आधार पर करते हैं। कुछ चैनलों पर आरोप लगते हैं कि वे सत्ता के पक्ष में खड़े हैं। कुछ पर आरोप लगते हैं कि वे केवल विरोध के लिए विरोध करते हैं। परिणाम यह हुआ कि पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगने लगे। डिजिटल युग ने इस संकट को और जटिल बना दिया है। सोशल मीडिया ने सूचना के लोकतंत्रीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब केवल बड़े मीडिया संस्थानों के पास सूचना प्रसारित करने का अधिकार नहीं है। कोई भी व्यक्ति अपनी बात लाखों लोगों तक पहुँचा सकता है। यह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है, लेकिन इसके साथ फर्जी खबरों, अफवाहों और दुष्प्रचार का खतरा भी बढ़ा है।

आज एक झूठी खबर कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुँच सकती है। डीपफेक तकनीक, भ्रामक वीडियो और संगठित ट्रोल अभियान लोगों की राय को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे माहौल में जिम्मेदार पत्रकारिता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ जाती है। विडंबना यह है कि जिस समय समाज को विश्वसनीय पत्रकारिता की सबसे अधिक आवश्यकता है, उसी समय पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर सबसे अधिक सवाल उठ रहे हैं लेकिन क्या स्थिति पूरी तरह निराशाजनक है? बिल्कुल नहीं। दुनिया के कई देशों में ऐसे मीडिया मॉडल विकसित हुए हैं जो पाठकों और दर्शकों के सहयोग पर आधारित हैं। वहाँ लोग अच्छी पत्रकारिता के लिए भुगतान करते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि स्वतंत्र पत्रकारिता की भी एक कीमत होती है। भारत में भी कुछ स्वतंत्र डिजिटल मंच इसी दिशा में प्रयोग कर रहे हैं।

मीडिया की विश्वसनीयता लौटाने के लिए सबसे पहले आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूत करना होगा। दूसरा महत्वपूर्ण कदम है संपादकीय स्वतंत्रता की पुनर्स्थापना। समाचार का निर्णय संपादक करे, विपणन विभाग नहीं। खबर का महत्व उसकी सामाजिक उपयोगिता से तय हो, न कि उसके व्यावसायिक लाभ से। तीसरा, पत्रकारिता को फिर से तथ्य-जांच और सत्यापन की संस्कृति की ओर लौटना होगा। सबसे पहले खबर देने की होड़ में गलत खबर देने से बेहतर है कुछ देर बाद सही खबर देना। चौथा, मीडिया को समाज के वास्तविक मुद्दों पर लौटना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, कृषि, पर्यावरण, स्थानीय शासन और नागरिक अधिकार जैसे विषय किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं। यदि ये मुद्दे सार्वजनिक विमर्श से गायब हो जाएँ, तो लोकतंत्र केवल राजनीतिक नारों तक सीमित रह जाता है।

अध्यात्म

## बल प्रयोग अंतिम विकल्प

एक चिड़िया का एक दाना पेड़ के कंदरे में कहीं फंस गया था। चिड़िया ने पेड़ से बहुत अनुरोध किया उस दाने को दे देने के लिए लेकिन पेड़ उस छोटी सी चिड़िया की बात भला कहां सुनने वाला था... हार कर चिड़िया बढ़ई के पास गई और उसने उससे अनुरोध किया कि तुम उस पेड़ को काट दो, क्योंकि वो उसका दाना नहीं दे रहा... भला एक दाने के लिए बढ़ई पेड़ कहां काटने वाला था..फिर चिड़िया राजा के पास गई और उसने राजा से कहा कि तुम बढ़ई को सजा दो क्योंकि बढ़ई पेड़ नहीं काट रहा और पेड़ दाना नहीं दे रहा... राजा ने उस नन्हीं चिड़िया को डांट कर भगा दिया कि कहां एक दाने के लिए वो उस तक पहुंच गई है। चिड़िया हार नहीं मानने वाली थी... वो महावत के पास गई कि अगली बार राजा जब हाथी की पीठ पर बैठेगा तो तुम उसे गिरा देना,क्योंकि राजा बढ़ई को सजा नहीं देता..बढ़ई पेड़ नहीं काटता...पेड़ उसका दाना नहीं देता..महावत ने भी चिड़िया को डपट कर भगा दिया... चिड़िया फिर हाथी के पास गई और उसने अपने अनुरोध को दुहराया कि अगली बार जब महावत तुम्हारी पीठ पर बैठे तो तुम उसे गिरा देना क्योंकि वो राजा को गिराने को तैयार नहीं... राजा बढ़ई को सजा देने को तैयार नहीं...बढ़ई पेड़ काटने को तैयार नहीं...पेड़ दाना देने को राजी नहीं...हाथी बिगड़ गया...उसने कहा, ऐ छोटी चिड़िया..तू इतनी सी बात के लिए मुझे महावत और राजा को गिराने की बात सोच भी कैसे रही है? चिड़िया आखिर में चींटी के पास गई और वही अनुरोध दोहराकर कहा कि तुम हाथी की सूंढ़ में घुस जाओ...चींटी ने चिड़िया से कहा, 'चल भाग यहां से...बड़ी आई हाथी की सूंढ़ में घुसने को बोलने वाली अब तक अनुरोध की मुद्रा में रही चिड़िया ने रौद्र रूप धारण कर लिया...उसने कहा कि 'मैं चाहे पेड़, बढ़ई, राजा, महावत, और हाथी का कुछ न बिगाड़ पाऊं...पर तुझे तो अपनी चोंच में डाल कर खा ही सकती हूँ... चींटी डर गई...भाग कर वो हाथी के पास गई...हाथी भागता हुआ महावत के पास पहुंचा...महावत राजा के पास कि महाराज चिड़िया का काम कर दीजिए नहीं तो मैं आपको गिरा दूंगा....राजा ने फौरन बढ़ई को बुलाया उससे कहा कि पेड़ काट दो नहीं तो सजा दूंगा...बढ़ई पेड़ के पास पहुंचा...बढ़ई को देखते ही पेड़ बिलबिला उठा कि मुझे मत काटो.मैं चिड़िया को दाना लौटा दूंगा...! अंत मे चिड़िया ने अपना दाना पेड़ से प्राप्त कर लिया और वो खुशी खुशी अपने घोंसले में चली गयी। आपको अपनी ताकत को पहचानना होगा...आपको पहचानना होगा कि भले आप छोटी सी चिड़िया की तरह होंगे, लेकिन ताकत की कड़ियां कहीं न कहीं आपसे होकर गुजरती होंगी...हर शेर को सवा शेर मिल सकता है, बशर्ते आप अपनी लड़ाई से घबराएं नहीं... आप अगर किसी काम के पीछे पड़ जाएंगे तो वो काम होकर रहेगा विश्वास कीजिए। हर ताकत के आगे एक और ताकत होती है और अंत में सबसे ताकतवर आप होते हैं।

# विक्रम-1: नए भारत की अंतरिक्ष उड़ान का स्वर्णिम अध्याय

**भारत ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि यदि संकल्प, वैज्ञानिक दृष्टि और नवाचार का संगम हो तो आकाश भी सीमा नहीं, बल्कि संभावनाओं का प्रारंभ बन जाता है। भारत के पहले निजी ऑर्बिटल रॉकेट 'विक्रम-1' का सफल प्रक्षेपण केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत, नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था और विज्ञान-प्रधान भविष्य की ओर बढ़ते राष्ट्र का एक नया घोषणापत्र है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 'मिशन आगमन' के अंतर्गत हुई यह ऐतिहासिक उड़ान भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के इतिहास में एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गई है, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि अब अंतरिक्ष विज्ञान केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि निजी उद्यम भी वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत का नेतृत्व करेंगे। निश्चित ही विक्रम-1 नए भारत की अंतरिक्ष उड़ान का स्वर्णिम अध्याय एवं निजी अंतरिक्ष क्रांति की आकाशीय सफलताओं की नई जमीन है।**

**ललित गर्ग**

विक्रम-1 की सफलता उस महान वैज्ञानिक डॉ. विक्रम साराभाई के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिन्होंने कभी कहा था कि भारत जैसे विकासशील देश के लिए अंतरिक्ष विज्ञान विलासिता नहीं, बल्कि विकास का अनिवार्य साधन है। आज उसी विचार की आधुनिक अभिव्यक्ति स्काईरूट एयरोस्पेस के रूप में दिखाई देती है, जिसने अपने पहले ही प्रयास में इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि इस समय दुनिया में केवल कुछ ही देशों के निजी उपक्रम ऑर्बिटल रॉकेट विकसित कर पाए हैं। भारत अब उस विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है, जहां नवाचार, वैज्ञानिक कौशल और उद्यमशीलता मिलकर नई संभावनाओं का निर्माण कर रहे हैं। अमेरिका के स्पेसएक्स ने जिस निजी अंतरिक्ष क्रांति की शुरुआत की थी, भारत ने अब उसका अपना स्वदेशी संस्करण प्रस्तुत कर दिया है।

विक्रम-1 की तकनीकी विशेषताएं भी इसे विशिष्ट बनाती हैं। पूरी तरह कार्बन कंपोजिट से निर्मित यह रॉकेट अपेक्षाकृत हल्का, अधिक मजबूत तथा कम लागत वाला है। थ्री-डी प्रिंटिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग ने इसके निर्माण खर्च को उल्लेखनीय रूप से कम किया है। इसका सीधा अर्थ है कि भविष्य में छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण का वैश्विक बाजार भारत के लिए नए आर्थिक अवसर लेकर आएगा। आज दुनिया में संचार, मौसम पूर्वानुमान, कृषि, रक्षा, आपदा प्रबंधन, इंटरनेट सेवाएं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकों के लिए हजारों छोटे उपग्रहों की आवश्यकता बढ़ रही है। ऐसे में भारत कम लागत और उच्च विश्वसनीयता के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर सकता है। 'विक्रम-1' को विकसित करने वाली निजी कंपनी 'स्काईरूट एयरोस्पेस' ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर इस रॉकेट का नामकरण कर न सिर्फ उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है, बल्कि हमारे औद्योगिक घरानों को भी यह संदेश दिया है कि कारोबार करते हुए भी अपने देश की समृद्ध विरासत का सम्मान किया जाना चाहिए। गौर कीजिए, अप्रैल 1975 में जब भारत ने अपना पहला उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा था, तब उसका नामकरण महान खगोल वैज्ञानिक आर्यभट्ट के नाम पर किया गया था। यह सफलता केवल एक कंपनी की उपलब्धि नहीं है। यह उस नई नीति का परिणाम भी है जिसके अंतर्गत भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी निवेश और स्टार्टअप के लिए खोलने का साहसिक निर्णय लिया। नई अंतरिक्ष नीति, इन-स्पेस जैसी संस्थाओं की स्थापना तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए उदार प्रावधानों ने भारतीय युवाओं के सामने नए अवसरों के द्वार खोल दिए हैं। आज देश में अनेक स्पेस स्टार्टअप उपग्रह निर्माण, प्रक्षेपण प्रणाली, अंतरिक्ष संचार और डेटा सेवाओं के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह परिवर्तन भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेगा। किन्तु हर सफलता अपने साथ नई चुनौतियां भी लेकर आती है।

विक्रम-1 की पहली उड़ान सफल अवश्य रही है, परंतु अंतरिक्ष उद्योग में स्थायी सफलता केवल एक प्रक्षेपण से सुनिश्चित नहीं होती। स्काईरूट



एयरोस्पेस को अब वैश्विक बाजार में स्पेसएक्स, रॉकेट लैब तथा चीन की अनेक निजी कंपनियों जैसी सशक्त प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा। नियमित ग्राहक, समय पर प्रक्षेपण, कम लागत, उच्च विश्वसनीयता तथा भविष्य में पुनः प्रयोज्य रॉकेट तकनीक विकसित करना उसकी अगली बड़ी परीक्षा होगी। अंतरिक्ष उद्योग में विश्वास सबसे बड़ी पूंजी होता है और वह निरंतर सफल अभियानों से ही अर्जित किया जा सकता है। इस ऐतिहासिक सफलता के बीच एक गंभीर प्रश्न भी हमारे सामने खड़ा है-क्या इसरो अपनी वैज्ञानिक प्रतिभाओं को लंबे समय तक अपने साथ बनाए रख पाएगा? हाल के वर्षों में अनेक अनुभवी वैज्ञानिक निजी क्षेत्र की ओर आकर्षित हुए हैं। इसका कारण केवल अधिक वेतन नहीं, बल्कि बेहतर कार्य संस्कृति, अनुसंधान की स्वतंत्रता, त्वरित निर्णय प्रक्रिया और नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण भी है।इसरो ने भारत को चंद्रयान, मंगलयान, आदित्य-एल1, गगनयान जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियां दी हैं। सीमित संसाधनों में विश्वस्तरीय परिणाम देकर इसरो ने पूरी दुनिया का सम्मान अर्जित किया है। किंतु यदि प्रतिभाशाली वैज्ञानिक धीरे-धीरे संस्थान से बाहर जाते रहे तो दीर्घकाल में अनुसंधान और राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए इसरो के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल नए मिशन तैयार करना नहीं, बल्कि वैज्ञानिक प्रतिभाओं को प्रेरित, सम्मानित और संतुष्ट बनाए रखना भी है। सरकार को चाहिए कि इसरो के वैज्ञानिकों के लिए प्रतिस्पर्धी वेतन संरचना, अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाएं, निर्णय लेने की अधिक स्वतंत्रता तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां विकसित करे। सरकारी संस्थानों और निजी कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग का वातावरण तैयार होना चाहिए। निजी क्षेत्र इसरो का विकल्प नहीं, बल्कि उसका सहयोगी बन सकता है। जिस प्रकार अमेरिका में नासा और स्पेसएक्स मिलकर अंतरिक्ष कार्यक्रमों को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं, उसी प्रकार भारत में इसरो और निजी कंपनियों का समन्वय देश को वैश्विक नेतृत्व प्रदान कर सकता है।आज आवश्यकता इस बात की भी है कि अंतरिक्ष विज्ञान को विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के स्तर तक पहुंचाया जाए। विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं का विषय न रहकर जन-आंदोलन बने। युवा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवाचारकर्ताओं को स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ने के लिए विशेष प्रोत्साहन दिया जाए। यदि प्रत्येक राज्य में स्पेस टेक्नोलॉजी इनोवेशन सेंटर स्थापित किए जाएं, उद्योगों और विश्वविद्यालयों के बीच अनुसंधान साझेदारी विकसित की जाए तथा अंतरिक्ष तकनीक में निवेश को बढ़ावा दिया जाए तो भारत अगले दशक में विश्व का अग्रणी अंतरिक्ष नवाचार केंद्र बन सकता है। भविष्य की आकाशीय सफलताओं की नई जमीन तैयार करने के लिए कुछ रचनात्मक कदम अत्यंत आवश्यक हैं-इसरो और निजी कंपनियों के बीच संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं प्रारंभ हों; पुनः प्रयोज्य रॉकेट तकनीक और हरित प्रणोदन (ग्रीन प्रोपल्शन) पर विशेष निवेश किया जाए; अंतरिक्ष विनिर्माण के लिए स्वदेशी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जाए; युवाओं के लिए अंतरिक्ष उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले विशेष कोष बनाए जाएं; तथा अंतरिक्ष कानूनों को सरल, पारदर्शी और निवेश-अनुकूल बनाया जाए। साथ ही, अंतरिक्ष मलबे (स्पेस डेब्रिस) के प्रबंधन, पर्यावरणीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर भी समान रूप से ध्यान देना होगा, क्योंकि भविष्य का अंतरिक्ष विकास केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का भी विषय है।

विक्रम-1 ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब केवल अंतरिक्ष में पहुंचने वाला देश नहीं, बल्कि अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने की क्षमता रखने वाला राष्ट्र बन चुका है। यह सफलता नए भारत के आत्मविश्वास, युवाओं की प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच की विजय है। यह उस राष्ट्र की कहानी है जिसने कभी साइकिल और बैलगाड़ी पर रॉकेट के पुर्जे ढोए थे और आज निजी क्षेत्र के माध्यम से वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दिन लिए नई उम्मीदों और नए अवसरों की शुरुआत लेकर आया है। लंबे समय से जिस बदलाव का इंतजार था, उसकी आहट अब साफ सुनाई देने लगेगी।

**वृषभ**
सरकारी कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। परिवार के बड़े सदस्यों का सहयोग और आशीर्वाद आपको सही दिशा देगा।

**मिथुन**
आज आपके भीतर नई ऊर्जा और उत्साह बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी और पारिवारिक रिश्ते भी पहले से अधिक मजबूत होंगे।

**कर्क**
प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो समय अनुकूल दिखाई दे रहा है। मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, जिससे आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**सिंह**
आपका व्यक्तित्व और सोच लोगों को प्रभावित करेगी। कार्यक्षेत्र में आपके सुझावों को महत्व मिलेगा और परिवार के मामलों को भी आप समझदारी से सुलझा पाएंगे।

**कन्या**
विरोधी सक्रिय रह सकते हैं, सतर्क रहना जरूरी होगा। संतान के करियर को लेकर चिंता बढ़ सकती है और आप इस दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**तुला**
माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके हुए कार्यों को पूरा कराने में सहायक होगा। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर खुल सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आपके लिए बेहद जरूरी रहेगा। संतान की ओर से कोई सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु**
माता-पिता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना जरूरी रहेगा। संतान की सलाह पर किसी बड़े निवेश का निर्णय लेने से पहले अच्छी तरह विचार करें। व्यापार में सतर्कता बनाए रखें।

**मकर**
कोई आपको भ्रमित करने की कोशिश कर सकता है। माताजी के साथ किसी बात पर मतभेद हो सकता है, इसलिए धैर्य और संयम बनाए रखें। पिताजी के साथ किसी विषय पर चर्चा हो सकती है।

**कुंभ**
आपकी मेहनत धीरे-धीरे परिस्थितियों को आपके पक्ष में कर देगी। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी से बचें और हर काम सोच-समझकर करें।

**मीन**
वरिष्ठ अधिकारी आपको कोई अहम जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे पूरी निष्ठा से निभाना होगा। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने से मन को राहत मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार


### कॉर्पोरेट सेक्टर में करियर के अवसरों पर संवादात्मक सत्र आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना के प्लेसमेंट सेल द्वारा एनेबलर्स अकादमी के सहयोग से शुक्रवार को स्मार्ट रूम में 'कॉर्पोरेट सेक्टर में करियर के अवसर' विषय पर संवादात्मक सत्र का




आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर श्यामा राय ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संचार कौशल एवं निरंतर कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के बदलते स्वरूप के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता रंजन झा, शिक्षाविद एवं पब्लिक स्पीकर, एनेबलर्स अकादमी ने कॉर्पोरेट क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, सॉफ्ट स्किल्स, नेतृत्व क्षमता, साक्षात्कार की तैयारी एवं प्रोफेशनल एटीकेट पर विस्तार से जानकारी दी। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्राओं ने करियर एवं प्लेसमेंट से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ ने व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. बिमला चौधरी, प्रो. रागिनी वर्मा, डॉ. शिखा एवं डॉ. उर्वशी गौतम (प्लेसमेंट सेल समन्वयक) सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

### पत्रकारों पर हमला बर्दास्त नहीं करेंगे : प्रेम कुमार



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाल के दिनों में पत्रकारों पर हमले तेज हो गये हैं। यह बर्दास्त नही किया जायेगा, उक्त बातें बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना के महासचिव प्रेम कुमार ने कहा। उन्होंने बताया कि दिल्ली से लेकर पटना तक टारगेट कर मीडिया कर्मियों को पीटा जा रहा है वही रंगदार एवं थानेदार के गठजोड़ से फर्जी मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। यह निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए चिंता का विषय है। सच लिखने के कारण पत्रकारों को निशाना बनाया जाना लोकतंत्र के चौथा स्तम्भ को कमजोर करने का षड्यंत्र है । उन्होंने पटना में एक टीवी चैनल के पत्रकार के ऊपर जानलेवा हमला का घोर निंदा किया है साथ सरकार से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है । पत्रकार के ऊपर फर्जी मुकदमों पर रोक लगे । पत्रकारों की बीमा की राशि सरकार वहन करे साथ ही मीडिया कर्मियों का पेंशन तीस हजार किया जाए। पत्रकारों को रेल एवं हवाई यात्रा में रियायत मिले । यूनियन अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्र के खबरनवीस को सदस्य बना रहा है । बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उनके के हित के लिए संकल्पित है ।

### रेलवे स्टेशनों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पेपर लीक और पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में छात्र संगठनों के दिल्ली प्रदर्शन व 25.07.2026 के बिहार बंद के आह्वान को ध्यान में रखा गया है। ट्रेनों और स्टेशनों पर संभावित भारी भीड़ एवं सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी अनिरुद्ध पांडे के आदेशानुसार दिनांक 24.07.2026 से 25.07.2026 तक दानापुर अनुमंडल के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, दानापुर, को पाटलिपुत्रा स्टेशन एवं अंचलाधिकारी, दानापुर, को दानापुर स्टेशन के वरीय प्रभार में प्रतिनियुक्त किया जाता है।

### अवैध मादक पदार्थ के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध मादक पदार्थ का खरीद बिक्री करने वाले एक बदमाश को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश पुरानी पानापुर, अकीलपुर, सारण का रहने वाला अनील कुमार है जिसके पास से गांजा व गोगो बरामद किया गया है। डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की दानापुर थाना अन्तर्गत खगौल रोड फुट ओवर ब्रिज के पास एक व्यक्ति के द्वारा अवैध मादक पदार्थ का खरीद बिक्री किया जा रहा है। पुलिस की टीम छापेमारी करते हुए उसे 309 ग्राम गांजा, एवं 69 पीस गोगो के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बदमाश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र के दुल्हिनबाजार थाना के जमुई धरना बांध के समीप हुए सड़क हादसे में सिगोड़ी थाना क्षेत्र के करौती गांव निवासी बृजलाल दास के पुत्र बीरबल कुमार की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची दुल्हिनबाजार थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जानलेवा हमले मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसूना थाना क्षेत्र के सुखठियाँ गांव में घर में घुसकर महिला और उसकी नाबालिग बेटी के साथ मारपीट, छेड़खानी और तोड़फोड़ करने का मामले मे फरार नामजद आरोपी काजल कुमारी को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता बबिता देवी, पति जीतन पासवान के आवेदन पर पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ नामजद ऋक्रदर्ज की थी। आवेदन में बताया कि 23 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे वे परिवार के साथ घर में बैठी थीं। इसी दौरान गांव के सुनील पासवान, दीना पासवान, सन्नी कुमार, ऋषु कुमार, नीलांशु कुमार, शज्जन कुमार, पुष्पा देवी, प्रियंका देवी, काजल कुमारी, आंचल कुमारी, मानो कुमारी, चानो देवी, राधा देवी, मल्लु देवी और निरोक्ता देवी घर में जबरन घुस गए।आरोप है कि सुनील पासवान और दीना पासवान ने बबिता देवी की बांह पकड़ी, साड़ी-ब्लाउज फाड़ दिया और छेड़खानी की। सुनील पासवान के हाथ में रिवॉल्वर था, जिससे सिर पर वार कर जान से मारने की कोशिश की। सन्नी, ऋषु, नीलांशु और राजन ने लोहे की रड से मारपीट की थी।

### डीएसपी ने किया मॉर्निंग पेट्रोलिंग का औचक निरीक्षण

**सघन वाहन चेकिंग अभियान में 45 वाहनों का 1लाख 66 हजार कटा चालान**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देश पर अपराध की रोकथाम को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थानाक्षेत्रों में 247 गश्त की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की मुस्तैदी परखने के लिए औचक निरीक्षण किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मसौढ़ी, राघव दयाल ने आज प्रातः मॉर्निंग पेट्रोलिंग गश्ती दल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गश्त में तैनात पुलिस पदाधिकारियों और जवानों से बातचीत कर पेट्रोलिंग की स्थिति जानी। एसडीपीओ ने नियमित और प्रभावकारी गश्त सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि रात और दिन दोनों समय गश्त को और सघन किया जाए, खासकर बाजार, रेलवे स्टेशन और संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जाए। निरीक्षण के साथ-साथ पूरे मसौढ़ी क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 45 वाहनों का 1 लाख 66 हजार का चालान काटा गया। पुलिस का कहना है कि बढ़ती आपराधिक घटनाओं और ठएएळ प्रदर्शन के मद्देनजर अगले कुछ दिनों तक यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। आम जनता से भी पुलिस ने सहयोग की अपील की है।



# मोकामा में बड़ा हादसा: गंगा घाट पर नहाने गए दो मासूम गहरे गड्ढे में डूबे

**एसडीआरएफ की स्थाई तैनाती नहीं होने से लोगों में आक्रोश, 3 साल में 50 से ज्यादा मौतें**





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड के दरियापुर गांव में शुक्रवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। काली स्थान गंगा घाट पर स्नान करने गए दो बालकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान दरियापुर वार्ड नं 07 निवासी 12 वर्षीय मोहम्मद रेहान और 15 वर्षीय मोहम्मद जैद के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर दोनों बच्चे अन्य बच्चों के साथ काली स्थान घाट पर गंगा स्नान करने गए थे। इसी दौरान गंगा किनारे बने बड़े गड्ढे में पैर फिसलने से दोनों गहरे पानी में चले गए। मौके पर मौजूद अन्य बच्चों ने शोर मचाया। बच्चों की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला और तुरंत हाथीदह थाना को सूचना देते हुए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने काफी प्रयास के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पाकर हाथीदह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल बाढ़ भेज दिया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया।इस हादसे के बाद पूरे दरियापुर गांव में मातम पसर गया है। परिजनों की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 3 वर्षो से मोकामा में एसडीआरएफ की स्थाई तैनाती की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले तीन वर्षों में सिर्फ मोकामा प्रखंड में डूबने से 50 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है।

## शर्मसार: औटा हाई स्कूल में बच्चों से कराया जा रहा बाल श्रम, विभाग ने चेतावनी देकर छोड़ा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड के औटा उच्च विद्यालय से एक बेहद शर्मनाक और खतरनाक मामला सामने आया है। जहां बच्चों को शिक्षा दी जानी थी, वहीं उनसे जान जोखिम में डालकर मजदूरों वाला काम कराया गया। प्रार्थना सभा के तुरंत बाद छोटे-छोटे बच्चों को निमार्णाधीन दो मंजिला भवन की बिना रेलिंग वाली छत पर चढ़ाकर नीचे ईंटें फेंकवाई गईं।बताया जा रहा है कि स्कूल के मुख्य रास्ते पर जलजमाव की समस्या है। इससे बचने के लिए स्कूल प्रबंधन ने बच्चों से ही ईंट सोलिंग कराकर रास्ता बनवाने का फैसला किया।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह कुछ बच्चे दो मंजिला इमारत की छत पर खड़े होकर नीचे ईंटें फेंक रहे हैं, तो वहीं ठीक नीचे दूसरे बच्चे रास्ते पर ईंट बिछा रहे हैं। एक तरफ छत से गिरने का मौत का खतरा, तो दूसरी तरफ सिर पर ईंट गिरने से गंभीर चोट का खतरा। शिक्षकों की मौजूदगी में ही बच्चों की जिंदगी से यह खिलवाड़ चलता रहा।मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने जांच के लिए लेखपाल मोहम्मद मकसूद आलम को स्कूल भेजा। जांच में शिक्षकों की घोर लापरवाही की पुष्टि भी हुई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर दी गई।सूत्रों के अनुसार, सभी शिक्षकों को सिर्फ मौखिक चेतावनी देकर छोड़ दिया गया और जांच रिपोर्ट की एक कॉपी उच्च अधिकारियों को पटना भेज दी गई। दोषी शिक्षकों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।इस मामले में ग्रामीणों ने और भी गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मामला तूल पकड़ता देख शिक्षकों ने बच्चों को डरा-धमकाकर चुप करा दिया। बच्चों को करियर खराब करने की धमकी तक दी गई।इतना ही नहीं, बच्चों से जबरन वीडियो रिकॉर्डिंग कर यह कहलवाया गया कि उन्होंने खुद अपनी मर्जी से यह काम किया है।

## हथियार निर्माता समेत दो गिरफ्तार

**एक पिस्तौल व बारह जिंदा कारतूस के साथ 32 पीस राइफल का बैरल व अन्य सामग्री बरामद**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसटीएफ पटना व पुनपुन के केवड़ा ओपी पुलिस की संयुक्त कारवाई में शुक्रवार की दोपहर एक ब्यक्ति को एक पिस्तौल व बारह जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया. बाद में उसके निशानदेही पर पुलिस एक मिनी गन फैक्ट्री का भी उद्धभेदन करते हुये 32 पीस राईफल का बैरल समेत अन्य सामान को बरामद कर लिया वही इसके निर्माण में लगे एक युवक को पुलिस मौके से ही गिरफ्तार कर लिया.इधर पुलिस गिरफ्तार दोनों से पूछताछ कर रही है. जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर नालंदा जिला के कराय परशुराय थाना स्थित मिजार्पुर निवासी कामेश्वर प्रसाद सिंह के पुत्र ललन कुमार सिंह को एसटीएफ व केवडा पुलिस ने ओपी के सरैया गांव के पास एक पिस्तौल व बारह जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में ललन ने पुलिस को बताया कि हमने इसे केवडा के राम प्यारे शर्मा के पुत्र सिद्धनाथ विश्वकर्मा से खरीदकर लेकर जा रहे है. पुलिस तुरंत सिद्धनाथ विश्वकर्मा के घर छापामारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस उसके घर से 32 पीस राईफल का बैरल व कुछ अर्द्धनिर्मित पिस्तौल व पिस्तौल बनाने की सामग्री के साथ अन्य सामान को बरामद कर लिया.बताया जाता है कि सिद्धनाथ विश्वकर्मा दिखाने के लिये गेट ग्रील के दुकान केवडा में कर रखा है लेकिन उसके आड में इसका मुख्य धंधा अवैध हथियार का निर्माण करना व इसकी सप्लाई नालंदा व जहानाबाद जिला के अलावे आसपास में करना था. दबी जुबान से कुछ ग्रामीणों ने कहां कि सिद्धनाथ का एक जनप्रतिनिधि से मधुर रिश्ता है और वह उन्हे हथियार सप्लाई करता है.उक्त हथियार स्थानीय कुछ बदमाशों के पास अभी भी मौजूद है. सिद्धनाथ विश्वकर्मा की गिरफ्तारी के बाद एक जनप्रतिनिधि व उनके कुछ लोगों के बीच खलबली सी मची है.

## दानापुर में आपसी विवाद में 40 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के इमलीतल इलाके में शुक्रवार की शाम अज्ञात हमलावरों ने एक 40 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर कर जख्मी कर दिया। आनन फानन में स्थानीय लोग पास स्थित अनुमंडल अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान सिपारा के रहने वाले सोनू कुमार के रुप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का दानापुर के भट्टीपर में ननिहाल है। बताया जा रहा है कि वह इमलीतल के इलाके में असमाजिक तत्वों के साथ संबंध था। शुक्रवार की शाम भी कुछ लोगों के साथ वह बैठा हुआ था। थोड़ी देर में आपस में सभी मारपीट करने लगे, उसी बदमाशों में से एक ने पिस्टल निकाल सोनू को गोली मार दी। वहीं मौजूद सभी बदमाश फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए और उसे जख्मी अवस्था में दानापुर के अनुमंडल अस्पताल में ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया, मगर उसकी मौत हो गई।

## खगौल में छात्रों का प्रदर्शन, कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला गया मार्च



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित दिल्ली के जंतर-मंतर से शुरू हुआ छात्र आंदोलन अब खगौल के विभिन्न हिस्सों में फैलता नजर आ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को खगौल में भी बड़ी संख्या में छात्रों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। छात्रों ने गाड़ीखाना से लेकर पूरे खगौल में जगत नारायण लाल कॉलेज, मोती चौक, लख पर, जोड़ा तालाब से होते हुए जुलुस मार्च निकालते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन में शामिल छात्र हाथों में बैनर और तख्तियां लिए हुए थे। पूरे मार्च के दौरान छात्रों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखी। जुलूस के कारण कुछ समय के लिए मुख्य मार्गों पर यातायात प्रभावित रहा, हालांकि पुलिस ने यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की थी। हाल ही में पटना के गांधी मैदान में हुए घटनाक्रम को देखते हुए खगौल प्रशासन पहले से ही पूरी तरह सतर्क था। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए खगौल थाना पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रदर्शन मार्ग पर जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहे और वरिष्ठ अधिकारी लगातार स्थिति की निगरानी करते रहे। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक इंतजाम किए थे, जिससे प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रही। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने की अपील की और पूरे कार्यक्रम पर नजर बनाए रखी। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ तथा कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। इसके बाद छात्रों का जुलूस निर्धारित मार्ग से समाप्त हो गया। गौरतलब है कि दिल्ली से शुरू हुआ छात्र आंदोलन अब कई राज्यों और शहरों तक पहुंच चुका है। ऐसे में आने वाले दिनों में आंदोलन की दिशा और प्रभाव पर सभी की नजर बनी हुई है। वहीं, प्रशासन भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क दिखाई दे रहा है।

## एसयू कॉलेज,हिलसा में कई विषयों में पीजी की पढ़ाई की मांग को लेकर छात्र अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे

**दूसरे दिन प्राचार्य शिवचंद्र सिंह को दिया स्मारपत्र**



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती एसयू कॉलेज हिलसा के दक्षिणी द्वार पर छात्रों ने उच्च शिक्षा के विस्तार की मांग को लेकर गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। छात्रों की मुख्य मांग कॉलेज में स्नातकोत्तर (एम.ए., एम.एससी.)और एम.एल.आई.एस. की पढ़ाई तत्काल शुरू कराना है। धरनार्थियों ने मांग की है कि श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय हिलसा में एम.एससी (जूलॉजी, केमिस्ट्री, बॉटनी, फिजिक्स), एम.ए. (हिंदी, मनोविज्ञान, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू, दर्शनशास्त्र) तथा एम.एल.आई.एस. और एमसीए जैसे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शीघ्र प्रारंभ किए जाएं। छात्र नेताओं ने इस संदर्भ में स्थानीय कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 शिवचंद्र सिंह को स्मारपत्र सौंपा।प्राचार्य ने कहा कि ये जनहित और महाविद्यालय के लिए भी महत्वपूर्ण मुद्दा है।उन्होंने इस वावत अग्रेतर कार्रवाई के लिए यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से बात करने की बात कही।उन्होंने बताया कि सीसीडीसी अभी छुट्टी पर हैं,उनके लौटने पर पीजी की पढ़ाई के लिए पेपर वर्क किया जाएगा। इस आंदोलन से जुड़े रिशु पटेल, आशिष कुमार पटेल ने बताया कि हिलसा और आसपास के हजारों विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने के लिए अन्य शहरों में जाना पड़ता है। इससे उन्हें आर्थिक और शैक्षणिक दोनों तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। छात्रों के अनुसार, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा 17 जुलाई 2026 को जारी अधिसूचना में विश्वविद्यालय के सात कॉलेजों में विभिन्न पीजी विषयों की पढ़ाई शुरू करने का निर्णय लिया गया था।हालांकि वर्ष 1955 में स्थापित एसयू कॉलेज को इस सूची से बाहर रखा गया, जिससे हिलसा अनुमंडल के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए लगभग 40 किलोमीटर दूर बिहारशरीफ या पटना जाना पड़ता है।धरने की अध्यक्षता आशीष कुमार ने की, जबकि संचालन प्रसेनजीत कुमार उर्फ रिशु पटेल ने किया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा। इस अवसर पर छात्र नेता राकेश कुमार,आशीष राज, अंकेश रंजन, अमित पटेल, सूरज चौधरी, चितरंजन कुमार,अविरल नयन, आकांक्षा पटेल सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मसौढ़ी अनुमंडल में राशन कार्ड शत-प्रतिशत निर्गत करने का आदेश, 3 प्रखंडों में नियंत्रण कक्ष गठित

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग, बिहार सरकार और जिला पदाधिकारी, पटना के निर्देश के आलोक में मसौढ़ी अनुमंडल के सभी प्रखंडों में लंबित राशन कार्ड शत-प्रतिशत निर्गत करने का आदेश जारी किया गया है। अनुमंडल प्रशासन ने कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन तीनों प्रखंडों में नियंत्रण कक्ष का गठन किया है। नियंत्रण कक्ष के नोडल पदाधिकारी मसौढ़ी प्रखंड के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी और बीपीएम जीविका वहीं धनरूआ प्रखंड के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी और बीपीएम जीविका एवं पुनपुन में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी और बीपीएम जीविका है। आदेश में कहा गया है कि सभी नोडल पदाधिकारी राशन कार्ड फार्म के लिए नियुक्त पंचायत सचिव, विकास मित्र और जीविका कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य की निगरानी करेंगे।

## बारा पैक्स चुनाव में महिला मतदाताओं ने दिखाया जोश, कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

**भगवानगंज के बारा पैक्स में 4085 मतदाताओं ने डाले वोट, त्रिकोणीय मुकाबला**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के नक्सल प्रभावित भगवानगंज क्षेत्र में स्थित बारा पैक्स के चुनाव में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। इस बार चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला, खासकर महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुरुष मतदाताओं की तुलना में बुथों पर महिलाओं की लंबी कतारें लगी रहीं। प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति यानी पैक्स के इस चुनाव के लिए प्रशासन ने 6 मतदान केंद्र बनाए थे। इन केंद्रों पर कुल 4085 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। मतदाताओं ने अपने पसंदीदा उम्मीदवार को चुनने के लिए सुबह से ही केंद्रों पर पहुंचना शुरू कर दिया था। इस बार का चुनावी मुकाबला काफी दिलचस्प है। पैक्स अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिल रहा है। चुनावी मैदान में वर्तमान अध्यक्ष सहजानंद शर्मा, कौशल कुमार और नंदू प्रसाद यादव अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। तीनों उम्मीदवारों के समर्थकों में जीत को लेकर उत्साह है। पिछले वर्षों में इस क्षेत्र में चुनाव के दौरान हिंसक झड़प की घटनाएं सामने आती रही हैं। इसे देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल के नेतृत्व में मतदान केंद्रों के आसपास भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। हर चौक-चौराहे पर पुलिस की गश्ती रही। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार से 400 मीटर की दूरी तक कड़ी चेकिंग की गई और आने-जाने वाले रास्तों पर पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई थी। मतदान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मतदान समाप्त होने के बाद बैलेट बॉक्स को सुरक्षा घेरे में जमा कराया गया। हालांकि हाईकोर्ट के आदेश के कारण चुनाव परिणाम की घोषणा पर फिलहाल रोक लगी हुई है।

> किसानों के लिए जो बेहतर काम करेंगे वैसे उम्मीदवार को हम सभी चुन रहे हैं
>
> **सावित्री देवी, नदौना, बारा, मसौढ़ी**

> किसाने की समस्याओं को लेकर खडे रहने वाले नेता का चुनाव हम सभी कर रहे हैं जो हर समय किसानों की खाद पटवन, बीज अन्य चीजों के लिए तत्पर रहे
>
> **मालती देवी, बारा, मसौढ़ी**

> बारा पैक्स चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई है पिछले साल हिंसक झड़प हुई थी,ऐसे में हर चौक चौराहे पर सुरक्षि की टाइट व्यवस्था की गई है
>
> **राघव दयाल, डीएसपी मसौढी**

### मुखिया संघ अध्यक्ष आनंद कुमार को हिरासत में लेने पर माले का विरोध, बिना शर्त रिहाई की मांग

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं भाकपा (माले) नेता आनंद कुमार को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के विरोध में माले ने कड़ी आपत्ति जताते हुए उनकी बिना शर्त रिहाई की मांग की है। पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य सह जिला कार्यालय सचिव कमलेश कुमार ने प्रेस बयान जारी कर कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि आनंद कुमार को किस आधार पर और किस एजेंसी ने हिरासत में लिया, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने पटना एसएसपी से हस्तक्षेप कर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा आनंद कुमार को तत्काल रिहा करने की मांग की। माले ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दुर्भावना से जनप्रतिनिधियों और विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है तथा इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाने की चेतावनी दी।

## नाला सफाई में सफाई कर्मियों को दस्ताने-जूते तक नहीं

**पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने जताई नाराजगी**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में चल रही नाला सफाई के दौरान सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कर्मियों को न तो हाथ में दस्ताने दिए जा रहे हैं और न ही पैर में पहनने के लिए जूते। इसके बावजूद उन्हें गटर में उतरकर हाथ से बाल्टी में कचरा भरकर फेंकना पड़ रहा है। इस लापरवाही पर पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने फोन पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन से बात कर मामले की सूचना दी। पूर्व विधायक ने कहा, आजादी के 70 साल बाद भी समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है। सफाई के दौरान अगर हाथ में कोई नुकीली चीज चुभ जाए या कट जाए तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? संवेदक की यह घोर लापरवाही है। नियम के अनुसार सफाई कर्मियों को दस्ताने, जूते और मेडिकल किट की व्यवस्था होनी चाहिए। मसौढ़ी शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं है। सफाई कर्मियों के साथ हो रही उदासीनता के कारण वे किसी तरह नाला सफाई का काम कर रहे हैं। कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया कि यह संवेदक की लापरवाही है। उन्होंने कहा कि मामले पर अविलंब संज्ञान लिया जाएगा और संवेदक को कड़ी हिदायत दी जाएगी। साथ ही सफाई कर्मियों को जल्द से जल्द आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार


### जनता के दरबार में 68 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 68 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण ने सुनवाई की। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता ने कहा कि जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा ' भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम में एडीएम विभागीय जांच मो. सिबगतुल्लाह, वरीय उप समाहर्ता सुश्री निधि कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



### आज एकमा में दो घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**एकमा/मांझी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन (जीएसएस) एकमा में निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के कारण 25 जुलाई 2026 (शनिवार) को सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक करीब दो घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध में विद्युत अवर अभियंता, एकमा संतोष कुमार सावंत ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य के चलते एकमा, मांझी, लहलादपुर, दाउदपुर एवं जलालपुर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। हालांकि जिन पावर सब-स्टेशनों में वैकल्पिक 33 केवी लाइन उपलब्ध है, वहां से विद्युत आपूर्ति जारी रखने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से शटडाउन अवधि के दौरान धैर्य बनाए रखने की अपील की है। साथ ही लोगों से अनुरोध किया है कि बिजली बाधित रहने की संभावना को देखते हुए समय रहते आवश्यक तैयारियां, विशेषकर पेयजल एवं घरेलू उपयोग के लिए पानी का भंडारण सहित अन्य जरूरी कार्य पहले ही पूरा कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।



### फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के सुखठियाँ गांव में घर में घुसकर महिला और उसकी नाबालिग बेटी के साथ मारपीट, छेड़खानी और तोड़फोड़ करने का मामले मे फरार नामजद आरोपी काजल कुमारी को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता बबिता देवी, पति जीतन पासवान के आवेदन पर पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी। आवेदन में बताया कि 23 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे वे परिवार के साथ घर में बैठी थीं। इसी दौरान गांव के सुनील पासवान, दीना पासवान, सन्नी कुमार, ऋतु कुमार, नीलांशु कुमार, शज्जन कुमार, पुष्पा देवी, प्रियंका देवी, काजल कुमारी, आंचल कुमारी, मानो कुमारी, चानो देवी, राधा देवी, मल्लु देवी और निरोक्ता देवी घर में जबरन घुस गए।आरोप है कि सुनील पासवान और दीना पासवान ने बबिता देवी की बांह पकड़ी, साड़ी-ब्लाउज फाड़ दिया और छेड़खानी की। सुनील पासवान के हाथ में रिवॉल्वर था, जिससे सिर पर वार कर जान से मारने की कोशिश की। सन्नी, ऋतु, नीलांशु और राजन ने लोहे की रड से मारपीट की थी।

### मुखिया संघ अध्यक्ष आनंद कुमार को हिरासत में लेने पर माले का विरोध, बिना शर्त रिहाई की मांग

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं भाकपा (माले) नेता आनंद कुमार को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के विरोध में माले ने कड़ी आपत्ति जताते हुए उनकी बिना शर्त रिहाई की मांग की है। पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य सह जिला कार्यालय सचिव कमलेश कुमार ने प्रेस बयान जारी कर कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि आनंद कुमार को किस आधार पर और किस एजेंसी ने हिरासत में लिया, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने पटना एसएसपी से हस्तक्षेप कर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा आनंद कुमार को तत्काल रिहा करने की मांग की। माले ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दुर्भावना से जनप्रतिनिधियों और विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है तथा इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाने की चेतावनी दी। वहीं, पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पटना से आई पुलिस टीम आनंद कुमार को उनके आवास से अपने साथ ले गई। उन्होंने कहा कि गांधी मैदान एवं कोतवाली थाना से संबंधित मामलों में उन्हें डिटेन किया गया है। लेकिन सूत्रों के अनुसार 25 जुलाई के बिहार बंद को देखते हुए पालीगंज में होने वाले प्रदर्शन को कमजोर करने के उद्देश्य से उन्हें पकड़कर एहतियातन उन्हें पालीगंज थाना में रखा गया है तथा अन्य लोगों को भी एहतियाती तौर पर डिटेन किए जाने की संभावना है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र के दुल्हिनबाजार थाना के जमुई धरना बांध के समीप हुए सड़क हादसे में सिगोड़ी थाना क्षेत्र के करौती गांव निवासी बृजलाल दास के पुत्र बीरबल कुमार की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची दुल्हिनबाजार थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### वैज्ञानिकों ने दरियापुर में किया बकरी पालन का अध्ययन, एसडीएम भी हुए शामिल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान के पशु चिकित्सा वैज्ञानिक डॉ. मुकुल कुमार के नेतृत्व में वैज्ञानिक दल ने गुरुवार को मसौढ़ी प्रखंड के दरियापुर गांव का भ्रमण किया। यह भ्रमण बकरी पालन पर आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता उत्पादन प्रणाली की प्रायोगिक परियोजना के तहत क्षेत्र अध्ययन के लिए किया गया। इसमें प्रदान, दुवासु और जीविका



के पदाधिकारी भी शामिल हुए।दल ने जीविका से जुड़ी बकरी पालक दीदियों के घरों का दौरा कर मुख्य रूप से काली बंगाल नस्ल की बकरियों का निरीक्षण किया। बकरियों के आवास, पोषण, स्वास्थ्य प्रबंधन और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था देखी गई। पालक महिलाओं से अनुभव और चुनौतियों पर भी बातचीत हुई। कार्यक्रम में जीविका के परियोजना प्रबंधक सुमित कपूर, पशुधन प्रबंधक रचना प्रियदर्शी, डॉ. रैशन कुमार, पुष्पम कुमारी, प्रदान से भारती और अभिषेक कुमार मौजूद रहे। प्रखंड परियोजना प्रबंधक दिग्विजय नारायण समदर्शी ने व्यवस्था संभाली। अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार ने मसौढ़ी में भी स्थल का निरीक्षण किया।पशु सखियों पूनम सिन्हा, प्रियंका, सुषमा, रुकसाना और गुड्डी ने टीकाकरण और स्वास्थ्य परामर्श की जानकारी दी। बैठक में कृत्रिम गर्भाधान से काली बंगाल नस्ल के संरक्षण, नस्ल सुधार और आय बढ़ाने पर चर्चा हुई।

### बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई, तीन पर एफआईआर

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय विद्युत अभियंता सागर कुमार झा के नेतृत्व में चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान में बिजली चोरी के चार मामले पकड़े गए इनमें तीन उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है,जबकि एक उपभोक्ता पर घरेलू बिजली कनेक्शन का व्यावसायिक उपयोग करने के आरोप में ₹5,275 का दंड लगाया गया है.जेई श्री झा ने बताया कि लाला टोला, लौखन निवासी साहेब राय के यहां मीटर को बाईपास कर बिजली चोरी करते हुए पाया गया उन पर ₹3,091 जुर्माना तथा ₹24,466 बकाया सहित कुल ₹27,557 की देय राशि निर्धारित की गई है।

# ‘प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना’ का लाभ अधिकाधिक परिवारों तक पहुंचाना प्राथमिकता : डीएम

## 10 प्रमुख बैंकों एवं अधिकृत वेंडरों ने एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई सभी सुविधाएं, 500 ऑनलाइन आवेदन का लक्ष्य



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी वैशाली वर्षा सिंह ने जिला अतिथि गृह (सर्किट हाउस), हाजीपुर परिसर में ‘प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना’ के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष सोलर परामर्श एवं सहायता शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्देश्य जिले के अधिकाधिक विद्युत उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा से जोड़ना, आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाना तथा बैंक ऋण एवं सरकारी सब्सिडी संबंधी सभी सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना था। जिला प्रशासन द्वारा इस विशेष शिविर के माध्यम से 500 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा अपनाने से न केवल बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आती है, बल्कि स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने जिले के सभी पात्र विद्युत उपभोक्ताओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।शिविर में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता, दोनों विद्युत प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा लाभुकों को रूफटॉप सोलर संयंत्र की तकनीकी व्यवहार्यता, नेट-मीटरिंग प्रणाली, विद्युत बचत तथा आवेदन प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। योजना के वित्तीय पक्ष को सरल बनाने के उद्देश्य से शिविर में कैनरा बैंक, उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया सहित कुल 10 प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सहायता काउंटर स्थापित किए। बैंक अधिकारियों ने लाभुकों को सोलर संयंत्र स्थापना हेतु उपलब्ध ऋण, आसान किश्तों, रियायती ब्याज दरों एवं ऋण स्वीकृति प्रक्रिया के संबंध में ऑन-द-स्पॉट परामर्श प्रदान किया। शिविर में सरकार द्वारा अधिकृत एवं पंजीकृत सोलर वेंडरों ने भी भाग लिया। उन्होंने लाभुकों को उनकी आवश्यकता एवं छत की क्षमता के अनुरूप उपयुक्त सोलर संयंत्र के चयन, उपकरणों की गुणवत्ता, वारंटी, स्थापना प्रक्रिया तथा केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सब्सिडी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार तक इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना से जुड़कर अपने घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करें तथा बिजली की बचत, आर्थिक लाभ एवं पर्यावरण संरक्षण के राष्ट्रीय अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

‘आइए, सौर ऊर्जा अपनाएं - बिजली बचाएं -पर्यावरण बचाएं और ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनें।’

# पुलिस को चकमा दे चोर ने मेन रोड से लाखों रुपए से भरा एसबीआई का एटीएम उखाड़ ले गए

## सराय थाना क्षेत्र स्थित एक इलाके में फेंका



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले से एक बेहद हैरान करने वाली और बड़ी खबर सामने आ रही है। पुलिस की गश्ती और सुरक्षा दावों को ठेंगा दिखाते हुए बेखौफ चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने किसी दुकान या घर में नहीं, बल्कि सीधे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम पर धावा बोला और पूरा का पूरा एटीएम ही उखाड़कर रफूचक्कर हो गये.... पूरा मामला वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र का है। यहाँ के व्यस्तम चक सिकंदर बाजार के मेन रोड पर स्थित एसबीआई एटीएम को चोरों ने निशाना बनाया। अपराधी देर रात आए और पूरे एटीएम मशीन को ही उखाड़कर अपने साथ ले गए। बताया जा रहा है कि उस एटीएम में लाखों रुपये कैश मौजूद थे। वारदात को अंजाम देने के बाद चोरों ने मशीन से पैसे निकाले और खाली एटीएम को सराय थाना क्षेत्र के एक सुनसान इलाके में फेंक कर फरार हो गए। सुबह जब स्थानीय लोगों ने सराय के चौड़ के सुनसान जगह पर एटीएम मशीन को लावारिस हालत में देखा, तो इलाके में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन तुरंत एक्शन में आया है। मामले के खुलासे और चोरों की धरपकड़ के लिए पुलिस की स्पेशल टीम और एसआईटी का गठन किया गया है। इस घटना ने एक बार फिर बैंकों की सुरक्षा और पुलिसिया गश्त पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 18 सितंबर 2026 की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण के सचिव नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी संबंधित कार्यपालक (एक्जीक्यूटिव) पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत बैंक, न्यायालय, ग्राम कचहरी तथा ट्रैफिक चालान से संबंधित मामलों को चिन्हित कर संबंधित पक्षों को समय से नोटिस तामिला कराने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह के आधार पर निष्पादन किया जा सके। ट्रैफिक चालान से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर बापू सभागार में गठित होने वाली बेंच के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करें।

# घर में काम करने के दौरान करंट लगने से मिस्त्री की मौत



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के वार्ड नंबर 11 स्थित बागमली मोहल्ले में गुरुवार की दोपहर बाद एक घर में अल्युमिनियम का काम करने के दौरान एक मिस्त्री की करंट लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना आग की तरह आसपास के क्षेत्र में फैल गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 की पुलिस एवं नगर थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक करताहा के नामीदीह गांव निवासी उमेश शाह के 24 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार था। जो पिछले 20 सालों से नगर थाना क्षेत्र के बागमाली मोहल्ले में किराए के मकान पर पूरे परिवार के साथ रहता था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक सोनू कुमार बागमाली मोहल्ले स्थित एक फर्नीचर की दुकान में काम करता था। ऑर्डर मिलने के बाद आसपास के क्षेत्र में अलमुनियम का खिड़की एवं दरवाजे लगाने का काम करता था। बताया गया कि गुरुवार को अपने घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर वह अलमुनियम का काम करने के लिए गया था। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरीके से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर अपरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम करवाए ही सोनू का शव घर लेकर चले गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों कोसौंप दिया। इस संबंध में मृतक के भाई रोहित कुमार ने बताया कि मेरा भाई फर्नीचर की दुकान में काम करता था। गुरुवार को बागमली मोहल्ले में अलमुनियम का काम करने के लिए गया था। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

# डॉ. संजय प्रकाश मयूख का सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में हुआ भव्य अभिनंदन

## निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मान



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण्य महोत्सव-2026 की ओर से शुक्रवार को शहर स्थित सकलधारी प्रसाद आईटीआई परिसर में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी एवं सारण्य महोत्सव के संरक्षक डॉ. संजय प्रकाश मयूख के लगातार तीसरी बार बिहार विधान परिषद का सदस्य मनोनीत होने पर भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। वक्ताओं ने डॉ. मयूख के सार्वजनिक जीवन, संगठनात्मक क्षमता एवं समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि लगातार तीसरी बार विधान परिषद का सदस्य मनोनीत होना उनके कार्यों और जनविश्वास का प्रमाण है। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. संजय प्रकाश मयूख ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सशक्त आधार भी है। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के साथ नियमित रूप से खेलकूद में भाग लेने की अपील की। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की खेल प्रतिभा को पहचानें, उनका उत्साहवर्धन करें और आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में खेल के क्षेत्र में बेहतर भविष्य और रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सही मार्गदर्शन, कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास से बच्चे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। सम्मान के लिए सारण्य महोत्सव का आभार व्यक्त करते हुए डॉ. मयूख ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए नई ऊर्जा और जिम्मेदारी लेकर आया है। उन्होंने समाज, शिक्षा और युवाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि सारण सहित पूरे बिहार के विकास के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। सारण्य महोत्सव के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश राज ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में लेखन, चिंतन और सामाजिक विषयों के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान सारण्य महोत्सव द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीपीएस स्कूल के छात्र-छात्राओं को पदक पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम का संचालन सारण्य महोत्सव के महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता धर्मेंद्र कुमार साह ने किया। इस अवसर पर डॉ. संजय प्रकाश मयूख, चंद्र प्रकाश राज, श्याम बिहारी अग्रवाल, डॉ. हरेंद्र सिंह, राम दयाल शर्मा, इंजीनियर ललित कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार साह, पत्रकार राकेश कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इसकी जानकारी सारण्य महोत्सव की ओर से के. के. सिंह सेंगर ने दी है।

# टीबी मुक्त भारत अभियान में वैशाली ने बनाया नया कीर्तिमान

## फूड बास्केट वितरण एवं टीबी मरीजों के परिजनों को निवारक दवा उपलब्ध कराने में राज्य में प्रथम स्थान : डीएम

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के कुशल नेतृत्व एवं सतत अनुश्रवण के परिणामस्वरूप टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत वैशाली जिले ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले ने टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरण तथा टीबी मरीजों के परिजनों को निवारक दवा (टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट) उपलब्ध कराने में पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।माह जुलाई 2026 तक जिले में 1,776 टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए जा चुके हैं। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने कहा कि जिले में टीबी मरीजों के लिए फूड बास्केट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है तथा किसी भी पात्र मरीज को इससे वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्र में शत-प्रतिशत टीबी मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में सुनिश्चित करें तथा आवश्यकता अनुसार जिला स्तर से फूड बास्केट प्राप्त कर वितरण कार्य में तेजी लाएं। जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में वैशाली ने टीबी मरीजों के परिजनों को निवारक दवा उपलब्ध कराने में भी पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वर्तमान में यह उपलब्धि निर्धारित लक्ष्य के लगभग 55 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस माह के भीतर पात्र सभी परिजनों को शत-प्रतिशत निवारक दवा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

# मोतिहारी नगर निगम के सभी वार्डों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत शुरू



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहरवासियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम मोतिहारी की महापौर प्रीति कुमारी के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों के मरम्मत कार्य की शुरूआत कर दी गई है। इस अभियान की नियमित समीक्षा नगर आयुक्त आशीष कुमार द्वारा की जा रही है, ताकि सभी वार्डों में मरम्मत कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जा सके। महापौर प्रीति कुमारी ने सभी माननीय वार्ड पार्षदों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने वार्ड में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की सूचना संबंधित मरम्मत एजेंसी को उपलब्ध कराते हुए मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी स्थान पर एजेंसी द्वारा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब किया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल नगर निगम कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि संबंधित एजेंसी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा सके। महापौर प्रीति कुमारी ने बताया कि जिन स्थानों पर विद्युत पोल स्थापित हैं, लेकिन अब तक उक्त पोल पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है, वहां स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन हेतु शीघ्र ही निविदा आमंत्रित की जाएगी। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ऐसे सभी स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड में बेहतर एवं सुरक्षित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करना है, ताकि नागरिकों को रात्रि के समय आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में खराब अथवा अनुपलब्ध स्ट्रीट लाइटों की जानकारी नगर निगम को उपलब्ध कराएं, जिससे त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। निगम के द्वारा स्ट्रीट लाइट मरम्मत एवं नई स्ट्रीट लाइटों के अधिष्ठापन कार्य की लगातार निगरानी की जा रही है। नगर निगम का प्रयास है कि सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत एवं नई स्ट्रीट लाइटों की स्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण कर शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# अभिभावकों की सहभागिता से मजबूत होगी बच्चों की शिक्षा : बीईओ मनीष कुमार



**एकमा/छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार एकमा प्रखंड सहित जिले के सभी प्रारंभिक सरकारी यानी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में शनिवार, 25 जुलाई 2026 को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस माह की संगोष्ठी का विषय ‘समावेशी शिक्षा : हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण’ रखा गया है। एकमा के प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों एवं समुदाय में समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक बच्चे, विशेष रूप से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विद्यालय में नामांकन, नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर विद्यालयों में बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, सीखने के स्तर, विद्यालयी गतिविधियों तथा समावेशी शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर अभिभावकों के साथ विस्तार से चर्चा की जाएगी। ताकि विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। बीईओ मनीष कुमार ने प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि वे संगोष्ठी का सफल आयोजन सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक अभिभावकों की सहभागिता के लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार करें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में माय भारत जिला सलाहकार समिति की बैठक

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में निदेशक, एनईपी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), सहायक अभियन्ता (मनरेगा), कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), कनीय अभियन्ता एवं पंचायत तकनीकी सहायक उपस्थित थे। (2.0) मानव दिवस सृजन समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिला स्तर पर 74.65 प्रतिशत की उपलब्धि है। जब कि राज्य स्तर पर 153.72 प्रतिशत की उपलब्धि है। कुछ प्रखण्डों की उपलब्धि निराशाजनक पायी गई, जिसमें संग्रामपुर प्रखण्ड में 41.71 प्रतिशत, पहाड़पुर प्रखण्ड में 45.58 प्रतिशत, बनकटवा प्रखण्ड में 47.86 प्रतिशत, अरेराज प्रखण्ड में 53.32 प्रतिशत, मेहसी प्रखण्ड में 55.34 प्रतिशत, कोटया प्रखण्ड में 58.51 प्रतिशत एवं पताही प्रखण्ड में 59.15 प्रतिशत है। सभी संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारियों को कम से कम 75 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया। (3.0) ईकेवाईसी समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 3,89,847 सक्रिय मजदूरों का ईकेवाईसी किया गया है एवं 56,501 ईकेयाईसी हेतु लंबित है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर शत-प्रतिशत सक्रिय मजदूरों का ईकेवाईसी कराने का निदेश दिया गया। (4.0) जियो टैगिंग समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जियो टैगिंग में जिला स्तर पर प्रथम फेज में 16 मामले, द्वितीय फेज में 1740 एवं तृतीय फेज में 2418 मामले लंबित है. जिसमें तृतीय फेज में सबसे अधिक मामले पहाड़पुर प्रखण्ड में 242. कल्याणपुर प्रखण्ड में 202, पकड़ीदयाल प्रखण्ड में 195, रामगढवा प्रखण्ड में 190, केसरिया प्रखण्ड में 186, बनकटवा प्रखण्ड में 178, घोड़ासहन प्रखण्ड में 149, मोतिहारी प्रखण्ड में 113 एवं चिरैया प्रखण्ड में 109 मामले लंबित है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर तीनों फेज के सभी लंबित मामले का निष्पादन कराने का निदेश दिया गया। (5.0) कार्य पूर्णता समीक्षा के क्रम में पाया गया कि मनरेगा के तहत कुल 769118 प्रारंभ की गई, जिसमें 4639 योजनाएँ पूर्ण कर 0.60 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त की गई है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को कार्य योजना बनाते हुए कम से कम 90 प्रतिशत अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। (6.0) वृक्षारोपण योजना वित्तीय वर्ष-2026-27 के लिए निर्धारित लक्ष्य 2628 के विरूद्ध डीपी में कुल 61 एवं निजी वृक्षारोपण में 103 योजनाएँ कुल 164 योजनाएँ प्रारंभ कर 6.24 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की गई है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर निर्धारित लक्ष्य के अनुसार योजना प्रारंभ करने का निदेश दिया गया।

# जनता दरबार में 79 मामलों की सुनवाई, निष्पादन का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** बिहार सरकार के सात निश्चय 3.0 के अंतर्गत संचालित "सबका सम्मानझजीवन आसान" कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। इस दौरान कुल 79 मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक मामले का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में गरीब राम ने विपक्षी द्वारा भूमि पर अवैध दखल-





कब्जा दिलाए जाने की शिकायत दर्ज कराई। चंदन कुमार शाह ने निजी भूमि पर विपक्षी द्वारा जबरन घर निर्माण किए जाने, उम्मीद लाल यादव ने नरपतगंज अंचल क्षेत्र में भूमि से संबंधित मामले में आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं किरण मिश्रा ने वार्ड संख्या-16, शास्त्री नगर में अवैध नाला निर्माण पर रोक लगाने की मांग की। इसी प्रकार शाहीन प्रवीण ने सीमांचल डिग्री कॉलेज अंतर्गत संचालित जीएनएम पाठ्यक्रम के सुचारू संचालन के संबंध में आवेदन दिया। हसनैन आलम ने शिक्षा विभाग में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित मामला दर्ज किया गया। देवानंद मिश्रा ने हिस्सेदारों द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। सुषमा कुमारी ने मातृत्व अवकाश अवधि के वेतन भुगतान से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया, जबकि चंदन कुमार ने मृत्यु प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं होने की शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष रखी। सभी मामलों पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करने तथा आवेदकों को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** प्रखंड सभागार में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित भौतिक सत्यापन जीवन प्रमाणीकरण कार्य की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सनत कुमार ने की। बैठक में बीडीओ ने बताया कि मनिहारी प्रखंड में सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत चयनित पात्र लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन एवं जीवन प्रमाणीकरण का कार्य 22 दिसंबर 2025 से संचालित है। इसके बावजूद प्रखंड क्षेत्र के 4,796 लाभार्थियों का जीवन प्रमाणीकरण अब भी लंबित है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का नियमित लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य है। ऐसे में सभी संबंधित कर्मियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर लंबित कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी गंभीरता से निभानी होगी।

# टिन के मकान में था अवैध हथियारों का अड्डा

**मिट्टी में दबाकर रखी थी दोनाली बंदूक व कट्टे, लेथ मशीन समेत हथियार बनाने का सामान जब्त**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी थाना क्षेत्र में अवैध हथियार निर्माण के बड़े नेटवर्क का पुलिस ने पदार्फाश किया है। वेल्डिंग की दुकान की आड़ में संचालित मिनी गन फैक्ट्री पर शुक्रवार तड़के बरारी पुलिस, एसटीएफ और डीआईयू की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में हथियार व निर्माण सामग्री बरामद की। कार्रवाई में कजरा निवासी मो. रजाउल अंसारी को गिरफ्तार किया गया। मौके से एक देशी दोनाली राइफल, चार देसी कट्टे, एक अर्धनिर्मित कट्टा, लेथ मशीन और हथियार बनाने में प्रयुक्त कई उपकरण जब्त किए गए। गुप्त सूचना के बाद तड़के 3:15 बजे हुई कार्रवाई, भागते आरोपित को दबोचा।सदर-2 के एसडीपीओ सुनील कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता में बताया कि बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार को सूचना मिली थी कि बलुआ-कलिकापुर मार्ग पर सुजापुर चौक से करीब 600 मीटर दूर एक टीन के मकान में वेल्डिंग की दुकान की आड़ में अवैध हथियार बनाए जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बरारी पुलिस,एसटीएफ और डीआईयू की संयुक्त विशेष टीम गठित की गई। थानाध्यक्ष सुमेश कुमार और एसटीएफ प्रभारी भागवत कुमार पासवान के नेतृत्व में शुक्रवार तड़के 3:15 बजे छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही मो. रजाउल अंसारी भागने लगा। लेकिन जवानों ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।जमीन की खुदाई में मिले दो बोरे, हथियार तस्करी के नेटवर्क की जांच शुरू पूछताछ और तलाशी के दौरान मिले सुराग पर कमरे की जमीन खुदवाई गई। मिट्टी के नीचे छिपाकर रखे गए दो बोरों से एक देसी दोनाली राइफल, चार देसी कट्टे और एक अर्धनिर्मित कट्टा बरामद हुआ। वहीं लेथ मशीन, बैरल, ट्रिगर, हैमर, बॉडी, खोखा, फर्मा और मोबाइल समेत हथियार निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामान भी जब्त किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि अब तक कितने हथियार बनाए गए, उनकी सप्लाई किन क्षेत्रों में हुई और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग कौन हैं। आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## संक्षिप्त समाचार

### फरार चल रहे नामजद आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**रफीगंज/औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शराबबंदी कानून के तहत फरार चल रहे नामजद आरोपी को पौथू थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पौथू थाना कांड संख्या 71/26 (बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम, 2018) में नामजद आरोपी रामप्रवेश रवानी, पिता दीपन रवानी, निवासी ग्राम ईटार, थाना पौथू को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेजा जाएगा। पुलिस ने कहा कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### विभिन्न मामले में पांच लोगों को भेजा जेल

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थानाक्षेत्र के टनकुपी गांव निवासी संजय राम , प्रिन्श कुमार, दिनेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार व मुस्लिमाबाद निवासी सनोज कुमार को हसपुरा पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार किया है। जिसे शुक्रवार को कोर्ट मे पेश कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि जेल भेजे गये टनकुपी गांव के सभी लोग गांव के ही एक व्यक्ति को हत्या करने का प्रयास के मामले में कांड संख्या 315 / 25 में नामजद अभियुक्त है। पिछले कई माह से सभी अभियुक्त फरार चल रहा था। वही मुस्लिमाबाद निवासी मनोज कुमार युवती को शादी के नियत से भगाने के मामले मे फरार चल रहा था।जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### पौथू थाना पुलिस ने नामजद अभियुक्त व वारंटी को किया गिरफ्तार

**रफीगंज/औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पौथू थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए एक नामजद अभियुक्त एवं परिवार न्यायालय के एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, पौथू थाना कांड संख्या 64/26, दिनांक 11 जुलाई 2026, जो भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज है, के नामजद अभियुक्त अनिल यादव (पिता-स्व. बैजनाथ यादव), निवासी ग्राम परसडीह, थाना पौथू, जिला औरंगाबाद को पौथू बाजार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है तथा अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, दूसरी कार्रवाई में माननीय परिवार न्यायालय, औरंगाबाद से निर्गत इजराय वाद संख्या 98/25 एवं भरण-पोषण वाद संख्या 70/19 के वारंटी सुनील साव (पिता-कामेश्वर साव), निवासी ग्राम लुक्का, थाना पौथू, जिला औरंगाबाद को उनके गांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए वारंटी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पौथू थाना पुलिस ने बताया कि फरार अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है, जिसके तहत नियमित कार्रवाई जारी है।

### नालंदा विश्वविद्यालय में 25 से विरासत-पर्यटन प्रबंधन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम शुरू

**राजगीर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर द्वारा पर्यटन विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में पाँच दिवसीय विरासत-पर्यटन प्रबंधन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण आमंत्रित किए गए हैं। यह पाठ्यक्रम 25 से 29 जुलाई तक नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगा।विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह कार्यक्रम विरासत अध्ययन, पर्यटन प्रबंधन, धरोहर संरक्षण तथा क्षेत्र-आधारित पर्यटन विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम पर्यटन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, गाइड, उद्यमियों तथा पर्यटन एवं संस्कृति में रुचि रखने वाले लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा।कार्यक्रम के दौरान आवासीय प्रतिभागियों को नाममात्र शुल्क पर आवास एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, डे-स्कॉलर के रूप में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मध्याह्न भोजन एवं अल्पाहार की व्यवस्था निशुल्क प्रदान की जाएगी।इच्छुक प्रतिभागियों से ऑनलाइन पंजीकरण प्रपत्र भरकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

### वज्रपात से किसान की मौत

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** करायपरसुराय थाना क्षेत्र के बेरमा गांव में गुरुवार की देर शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्ध किसान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।मृतक की पहचान स्वर्गीय लीलधारी पासवान के 60 वर्षीय पुत्र सोहन पासवान के रूप में हुई है। मृतक के पोते राजीव कुमार ने बताया कि सोहन पासवान गांव के गौढ़ा खंधा स्थित अपने खेत में धान की रोपाई की तैयारी के लिए पगडंडी को ठीक कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए।घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। हालांकि, पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।करायपरसुराय थाना अध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### सरकार की उपलब्धियों पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उप विकास आयुक्त सारा अशरफ की अध्यक्षता में 25 जुलाई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं हाल के वर्षों की विकासात्मक उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है।बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधि, जिला परिषद एवं नगर निकायों के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक संगठनों के सदस्य, प्रबुद्ध नागरिक तथा आम लोग शामिल होंगे।कार्यक्रम के दौरान जिले में संचालित विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी रिपोर्ट कार्ड, पुस्तिका और लघु डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से दी जाएगी। प्रमुख उपलब्धियों में सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय), नए डिग्री कॉलेजों का संचालन, बिहार स्कूल लाइव क्लासेज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नए राशन कार्ड, सहयोग शिविरों की उपलब्धियां, पंचायत विकास दिवस, आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजनाएं, प्रगति एवं समृद्धि यात्रा के तहत शिलान्यासित परियोजनाओं की प्रगति, पर्यटन, उद्योग, निवेश और रोजगार सृजन शामिल हैं।

# सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों की प्रगति की नगर आयुक्त ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम कटिहार के प्रशाल भवन में नगर आयुक्त संतोष कुमार की अध्यक्षता में सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन एवं प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने विभिन्न प्रशाखाओं में लंबित एवं निष्पादित आवेदनों की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित शाखा प्रभारियों को सभी आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, इसलिए किसी भी आवेदन का अनावश्यक लंबित रहना स्वीकार्य नहीं होगा।नगर आयुक्त संतोष कुमार ने सभी शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आमजन को बेहतर एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर उसका निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।बैठक में नगर निगम की सभी प्रशाखाओं के प्रभारी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इस दौरान कनीय अभियंता अजय कुमार सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार, मो. नुर अली खान, प्रधान सहायक परवेज सलीम, अमरेंद्र झा, अभिषेक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



# आर्म्स एक्ट के तहत तीन वर्ष की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** व्यवहार न्यायालय दाउदनगर के अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विकास कुमार की अदालत ने आर्म्स एक्ट के तहत एक युवक को दोषी बताते हुए तीन वर्ष व तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्राप्त विवरण के अनुसार दाउदनगर थाना कांड संख्या 685/2025 में अभियुक्त पवन कुमार उर्फ गोलू को आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराया गया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि अभियुक्त को पुलिस ने दो देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। अभियुक्त की आयु लगभग 22 वर्ष होने, उसके विरुद्ध किसी पूर्व आपराधिक इतिहास के अभाव तथा उसके सुधार की संभावना को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने उदार दृष्टिकोण अपनाया। फलस्वरूप, न्यायालय ने अभियुक्त को धारा 25(1-बी)(ए) आर्म्स एक्ट के तहत 02 वर्ष के कारावास एवं 3000 रुपये के अर्थदंड तथा धारा 26 आर्म्स एक्ट के तहत 01 वर्ष के कारावास एवं 2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। दोनों सजाएँ साथ-साथ चलेंगी। मतलब मात्र दो वर्ष जेल में रहना होगा। हालांकि दोषी को आगे भी न्यायिक अपील का अधिकार है।

# निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने का एसडीओ का निर्देश

**यूरिया 266.50 व डीएपी 1350 रुपए प्रति बैग**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन ने शुक्रवार को किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक मिले इसका निर्देश सम्बधित अधिकारियों को दिया। इस संबन्ध में उनकी अध्यक्षता में बैठक हुई। धरती माता बचाओ निगरानी समिति की बैठक में समिति के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा उपस्थित थोक उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि किसी भी कीमत पर अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री नहीं होनी चाहिए। इसके लिए आप लोग खुदरा विक्रेताओं को सूचित करें। साथ ही यह भी बताया गया कि जबरन अन्य प्रोडक्ट खुदरा विक्रेताओं को नहीं दिया जाए। रासायनिक खाद को कम मात्रा में प्रयोग करने हेतु किसानों को प्रेरित करने पर जोर दिया गया। एसडीओ द्वारा उपस्थित प्रखंड कृषि पदाधिकारी को बताया गया कि प्रत्येक दिन उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते रहें। इससे अधिक मूल्य पर बिक्री की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अवगत कराएं। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजनीकांत भारती द्वारा अवगत कराया गया कि प्रायः खुदरा उर्वरक विक्रेताओं द्वारा शिकायत की जाती है कि थोक विक्रेता निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध नहीं कराते हैं। जिसके कारण परेशानी होती है। इस पर उपस्थित थोक विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देशित किया गया कि सरकार द्वारा निर्धारित मूल पर ही उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। किसी भी परिस्थिति में इसकी शिकायत आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि यूरिया उर्वरक 266.50 पैसा प्रति बैग, डीएपी 1350 रुपए प्रति बैग की दर सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। इस मौके पर दाउदनगर अनुमंडल के सभी थोक उर्वरक विक्रेता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दाउदनगर अनिल कुमार, गोह के राहुल कृष्णमूर्ति, हसपुरा के रंजीत कुमार तथा दाउदनगर प्रक्षेत्र के सत्यम आनंद, कृषि विभाग के अकाउंटेंट श्रीकांत कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने सम्मान समारोह में केंद्र की नीतियों पर साधा निशाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद) ।** कुटुंबा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को अंबा स्थित ओम मैरेज हॉल में सम्मान समारोह सह प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा ने कार्यकताओं से संवाद करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। प्रेस वार्ता में उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए नीट पेपर लीक, अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ कथित दुर्व्यवहार, किसानों की समस्याओं, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य आम जनता के बीच जाकर संगठन को सशक्त बनाना और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करना है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष आनंद शंकर सिंह, जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मिथिलेश राम सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह का आयोजन प्रखंड कांग्रेस कमेटी,



# छात्र-छात्राओं से कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुराना शहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में शुक्रवार को प्रखंड के कई कोचिंग के निदेशक के साथ थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने एक आपातकालीन बैठक की। बैठक में थानाध्यक्ष ने सभी निदेशक से विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों द्वारा किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घट सके। साथ में किसी भी विद्यार्थी पर कोई मुकदमा न हो ताकि भविष्य खराब न हो सके। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यह शहर शुरू से अनुशासन का परिचय देते चला आ रहा है। यहाँ के विद्यार्थी की छवि सराहनीय रहा है। विद्यार्थियों के कारण ही अनुमंडल का नाम रौशन हो रहा है। बैठक में उपस्थित सभी कोचिंग संस्थानों के निदेशक को शांति एवं सौहार्द बनाए रखने, विद्यार्थियों को अफवाहों से दूर रखने तथा किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन में शामिल न होने के लिए जागरूक करने की अपील की गई। समाज में शांति एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए थानाध्यक्ष द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



# श्रावणी मेला को लेकर मंदिर कमेटी के साथ एसडीओ ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** गोरखनाथ धाम में श्रावण माह में लगने वाले मेले की तैयारी को लेकर मंदिर कमेटी के पदेन अध्यक्ष सह एसडीओ राजु कुमार ने कमेटी सदस्यों के साथ बैठक कर शिवभक्तों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखे जाने पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि मंदिर समिति सदस्यों के साथ इस पर विस्तृत चर्चा हुई है।सभी सुझावों पर विचार कर निर्णय लिया जायेगा। किसी भी कांवरियां को किसी भी तरह की परेशानी न हो। इसका पूरा ध्यान रखा जायेगा। दंडाधिकारी, पुलिस बल के अलावा मेडिकल टीम की भी तैनाती रहेगी। इस दौरान पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे विकस कार्यों का जायजा ले कर संबंधित अधिकारी एवं संवेदक को आवश्यक निर्देश दिये। मंदिर कमेटी के सचिव पिंटू यादव ने कहा कि भक्तजनों के सुविधा केलिए कई प्रबंध किये जा रहे है। शुद्ध पेयजल, पर्याप्त शौचालय, ठहराव और विश्राम आश्रय, मेडिकल टीम सहित कई अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जायेगा। इसके लिए कमेटी के द्वारा कार्य आरंभ कर दिया गया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी स्थानीय सुरक्षा दस्ता की तैनाती कर पुख्ता इंतजाम किया जा रहे है। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेटिंग, सुरक्षा बल की तैनाती और ट्रैफिक कंट्रोल के लिए भी समुचित व्यवस्था स्थानीय पुलिस कर रही है। वही इस मौके पर मंदिर कमेटी के सचिव पिंटू यादव, सन्नी यादव, प्रदीप शर्मा सहित अन्य मंदिर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे ।



# चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** महान स्वतंत्रता सेनानी एवं अदम्य साहस के पर्याय अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती नगर भवन में पूरी भव्यता और राष्ट्रभक्ति के जज्बे के साथ मनाई गई। लोकमंच और सर्व ब्राह्मण समाज कटिहार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में जिले भर से हजारों की संख्या में

ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। आयोजन में लोगों ने अमर शहीद मॉ भारती के पुत्र को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।वहीं समाज के सामाजिक और सांस्कृतिक एकजुटता का शंखनाद भी किया। वक्ताओं ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अमर सिपाही के जीवन मूल्यों, उनके उच्च आदर्शों और मातृभूमि के प्रति असीम भक्ति को याद किया। चंद्रशेखर आजाद की वह त्याग भावना समाज के हर वर्ग के विशेषकर युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार किया। चंद्रशेखर आजाद के दिये नारे-दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, लेकिन आजाद रहे हैं,आजाद ही रहेंगे के उद्घोष से पूरा नगर भवन गूंज उठा। मौके पर वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि आयोजन केवल जयंती मनाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने में भी अपनी सशक्त भूमिका निभाएगा। आशीष झा उर्फ बब्बू ने समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि हमें देश और समाज के हित में अपने पूर्वजों के निःस्वार्थ योगदान को नहीं भूलना चाहिए। यह समारोह संगठन को नई ऊर्जा और समाज को नई दिशा देने में पूरी तरह सफल रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के क्रांतिकारी विचारों और उनके त्याग को आज की नई पीढ़ी तक पहुंचाना था। नवीन चंद्र झा की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह की शुरूआत चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और विद्वान पंडितों द्वारा सस्वर स्वस्तिवाचन के साथ पारंपरिक तरीके से हुआ। मंचासीन प्रबुद्धजनों ने आजाद के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला। समारोह में सिर्फ वैचारिक गोष्ठी ही नहीं हुई, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मौजूद सैकड़ों युवाओं ने मातृभूमि की रक्षा और राष्ट्रभक्ति की शपथ भी ली। मंच संचालन महेंद्र झा ने किया। जिले के कई शिक्षाविदों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी इस ऐतिहासिक आयोजन में सम्मिलित हुए।



# रिफाइनरी ने सीएसआर के तहत स्वास्थ्य और शिक्षा को दिया बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 23 जुलाई को विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में निदेशक (रिफाइनरीज़) अरविंद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश, कार्यकारी निदेशक (परियोजना) जी.आर.के. मूर्ति, कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा सहित सभी मुख्य महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। श्री कुमार ने क्षय रोग (टीबी) की शीघ्र एवं सटीक जांच के लिए जिला स्वास्थ्य प्रशासन को अत्याधुनिक ट्रूनत मशीन समर्पित की। यह मशीन टीबी रोगियों के त्वरित निदान में सहायक होगी और जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और सक्षम बनाएगी। रिफाइनरी द्वारा टीबी रोगियों के पोषण स्तर में सुधार के लिए पोषण किट (न्यूट्रिशन बास्केट्स) भी उपलब्ध कराई गईं। इन किटों का वितरण जिला टीबी पदाधिकारी के माध्यम से किया जाएगा, ताकि उपचाररत मरीजों को पोषण सहायता मिल सके। शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से श्री कुमार ने पॉलिटेक्निक कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को 'ज्ञानोदय छात्रवृत्ति' प्रमाण-पत्र प्रदान किए। छात्रवृत्ति प्राप्त छात्रों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए बधाई देते हुए उन्होंने उन्हें भविष्य में और उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। बरौनी रिफाइनरी के इन प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, टीबी उन्मूलन अभियान में सहयोग देने और शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। रिफाइनरी ने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान और राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रतिबद्धता एक बार फिर दोहराई है।

## आपसी विवाद में महिला घायल

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी थाना क्षेत्र के निंगा पंचायत के पश्चिम टोला में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में 30 वर्षीया महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान मुसर्रत परवीन, पति रामातुल्ला उर्फ मिठ्ठू, निवासी निंगा पश्चिम टोला के रूप में हुई है।घटना के बाद पीड़िता ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लहूलुहान अवस्था में महिला को इलाज के लिए बरौनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर मौजूद डॉ सुनील कुमार के नेतृत्व में जीएनएम रेखा कुमारी, एएनएम हिना कुमारी और स्वास्थ्य कर्मी धर्मेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। महिला की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, बेगूसराय रेफर कर दिया गया। टीम में एसआई ललन किशोर शाह, चालक गोपाल कुमार और महिला पुलिस बल हनी भूषण एवं ब्यूटी कुमारी शामिल थीं।

## पीएनबी, आरा मंडल द्वारा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** पंजाब नैशनल बैंक, आरा मंडल द्वारा रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन होटल आरा ग्रांड में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल प्रमुख उत्पल कुमार द्वारा की गई। क्लस्टर अप्रोच के अंतर्गत यह कार्यक्रम एक साथ सात स्थानों आरा, बक्सर, बिहिया, गिद्धा, भभुआ, कुदरा तथा अखोड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी वित्तीय आवश्यकताओं के अनुरूप बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा बैंकिंग सेवाओं को ग्राहकों के निकट तक पहुंचाना था। इस आउटरिच कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत कुल 244 लीड जेनरेट की कई, जिनकी अनुमानित राशि लगभग रु. 75 करोड़ रही तथा रु. 13.50 करोड़ की स्वीकृति दे दी गई। आरा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक स्वाति सिंह, पीएलपी प्रमुख अमित कुमार तथा जिला अग्रणी प्रबंधक (एलडीएम) विभूति पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल कार्यालय एवं विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी, बड़ी संख्या में किसान, उद्यमी, व्यापारी तथा सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मण्डल प्रमुख उत्पल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती कृषि, एमएसएमई एवं रिटेल जैसे तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर आधारित है। कृषि देश की जीवनरेखा है, एमएसएमई रोजगार सृजन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करता है तथा रिटेल बैंकिंग प्रत्येक परिवार के सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम है। पंजाब नैशनल बैंक का उद्देश्य केवल बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्राहक के जीवन में विश्वास, सुविधा और समृद्धि का सहभागी बनना है। कार्यक्रम के दौरान आरा मण्डल के मो. सोहेल अहमद, प्रबन्धक, धर्मवीर कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक तथा पंकज कुमार गौतम द्वारा रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई ऋण, डिजिटल बैंकिंग, सरकारी प्रायोजित योजनाओं तथा अन्य बैंकिंग उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम में चयनित ग्राहकों को रिटेल, कृषि, एमएसएमई हेतु ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन अमूल्य दर्शन, जीएडी, वरिष्ठ प्रबन्धक ने किया




## जिला मछुआरा संघ का वार्षिक सम्मेलन आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला मछुआरा संघ पावर हाउस चौक इकाई का वार्षिक सम्मेलन गुरुवार को अशोक वाटिका क्लब, मछली बाजार मुंगेरीगंज में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मोहम्मद रियाज उर्फ भगलू ने की।सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भाकपा नेता अनिल कुमार अंजान ने कहा कि 'राष्ट्र निर्माण में जो तबका सबसे ज्यादा पसीना बहा रहा है। आज उसी को हाशिये पर रखा गया है। मछुआरा समाज का कदम-कदम पर शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्षों से पावर हाउस चौक पर मछली विक्रेता फुटपाथ पर दुकान चला रहे हैं। इन्हें बीच-बीच में शासन और प्रशासन का कोपभाजन बनना पड़ता है। कूड़ा-कचरा के बीच जीवन बिताने को मजबूर इन दर्जनों महिला दुकानदारों के लिए शौचालय और पेयजल तक की व्यवस्था नहीं है। ऊपर से अपराधियों द्वारा अवैध वसूली भी की जाती है। श्री अंजान ने मांग की कि नगर प्रशासन रेलवे की चहारदीवारी के बगल से नाला निर्माण कराकर दुकान चलाने योग्य गंदगी मुक्त जगह आवंटित करे। साथ ही शौचालय, बिजली और पेयजल की व्यवस्था की जाए। बदले में मछुआरे समुचित शुल्क देने को तैयार हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि तमाम विकृतियों के खिलाफ आने वाले समय में आंदोलन किया जाएगा। सम्मेलन में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष अनिलकुमार, उपाध्यक्ष मोहम्मद रियाज, सचिव उत्तम कुमार उर्फ भोलू, बनाये गए।

## भागलपुर में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** महिला एवं बाल विकास निगम के मिशन शक्ति योजना के तहत शुक्रवार को जिले के सबौर प्रखंड में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। मौके पर डीएचईभी के जिला मिशन समन्वयक तबरेज़ खान, फाइनेंशियल लिटरेसी स्पेशलिस्ट अभिषेक सुमन, सबौर की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शोभा रानी, जिला समन्वयक अरविंद पाण्डे एवं जिला परियोजना सहायक पूजा काले सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। सखी वार्ता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर एवं महिला हेल्पलाइन सहित महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज तथा लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में भी महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसे केवल जागरूकता कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए संवादात्मक सत्र के रूप में आयोजित किया गया। उपस्थित महिलाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं एवं कठिनाइयों की जानकारी ली गई। पदाधिकारियों द्वारा उनकी शंकाओं का समाधान करते हुए पात्र लाभार्थियों को संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह के विरुद्ध विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया गया। महिलाओं को बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए इसके खिलाफ सामूहिक रूप से आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अपने परिवार, गांव एवं समुदाय में बाल विवाह की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने तथा बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि महिलाओं तक सरकारी योजनाओं की सही जानकारी पहुंचाना, योजनाओं के लाभ से उन्हें जोड़ना, उनकी समस्याओं के समाधान में सहयोग करना तथा उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना ‟सखी वार्ता" का प्रमुख उद्देश्य है। उपस्थित महिलाओं से कार्यक्रम में प्राप्त जानकारी को अपने परिवार, आस-पड़ोस एवं समुदाय की अन्य महिलाओं और किशोरियों तक पहुंचाने की भी अपील की गई।




## छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।।** प्रखण्ड के राधा देवी कन्या मध्य विद्यालय में शुक्रवार को पुलिस प्रशासन की ओर से अपराध नियंत्रण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक विभाकर कुमार ने की। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण आम लोगों के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने मानव तस्करी, बंधुआ श्रम, बाल श्रम, राहजनी, लूट, हत्या एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति, दुर्घटना, आगजनी अथवा रास्ता भटक जाने जैसी परिस्थितियों में सहायता के लिए डायल 112 पर संपर्क किया जा सकता है, जिस पर पुलिस तत्काल सहायता उपलब्ध कराती है। थानाध्यक्ष ने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि ठग फर्जी कॉल कर लोगों से ओटीपी और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी लेकर खाते से रुपये निकाल लेते हैं। उन्होंने लोगों से किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं करने तथा साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।उन्होंने महिला उत्पीड़न, बाल श्रम एवं अन्य सामाजिक अपराधों की सूचना बिना किसी भय के पुलिस को देने की अपील करते हुए कहा कि बिहार पुलिस जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए हर समय तत्पर है।

**रंग अंकुर बाल अभिनय की कार्यशाला प्रारंभ** : बेगूसराय। कला एवं संस्कृति विभाग तथा सरस्वती विद्या निकेतन, बीपी इंटर स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में सुरभि रूरल डेवलपमेंट एंड वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित 'रंग अंकुर' बाल अभिनय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएल-36-26; दिनांक 23.07.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस रखने वाले तथा नीचे वर्णित कार्य सम्पन्न करने में आर्थिक रूप से सक्षम प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** आसनसोल मंडल: अंडाल एवं दुर्गापुर स्टील एक्सचेंज यार्ड के वर्तमान कंबाइंड रनिंग रूम का विस्तार तथा दुर्गापुर स्टील एक्सचेंज यार्ड क्रू लॉबी का उन्नयन, पांडवेश्वर के रनिंग रूम का विस्तार। **निविदा मूल्य:** रु. 78,52,666; **बयाना राशि:** रु. 1,57,100; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समय:** 24.08.2026 को 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-194/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोइलवर।** संभावित छात्र आंदोलन और बंद के मद्देनजर कोईलवर थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से सहयोग और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। एसडीपीओ सदर-2 रणजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित फ्लैग मार्च में कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र, अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार मंडल, क्यूआरटी बल, थाना रिजर्व तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने कोईलवर बाजार, प्रमुख चौक-चौराहों, रेलवे स्टेशन और अन्य संवेदनशील स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों से बचने, शांति बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। एसडीपीओ सदर-2 रणजीत कुमार सिंह ने कहा, क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति को शांति भंग करने या अफवाह फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरुद्ध कांग्रेस का प्रदर्शन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी प्रखंड कार्यालय के समक्ष जंतर-मंतर तथा पटना में छात्र आंदोलनों के दौरान हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष निशा शर्मा ने किया। कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग उठाई। प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिला नेता सुरेश पासवान ने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक की घटना सरकार की शिक्षा व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुद्दे को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर दिल्ली और पटना में पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया। प्रदर्शन में संगठन प्रभारी सुमनजीत सुमन, मो. अहमद, श्रीराम सिंह, बलबीर शर्मा, शिवशंकर सिंह, कालेश्वर तांती, संजय कुमार पोपन, श्याम शर्मा, रघुपति रजक, प्रियंका, वीणा सविता, रेणु, कोमल, प्रिया, फूल कुमारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




**फार्मेट सी-1**

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

**अपराधिक मामलो के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **रेखा कुमारी**

राजनैतिक दल का नाम: **राष्ट्रिय जनता दल**

निर्वाचन का नाम: बिहार विधानसभा उपचुनाव 2026

*निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 182- बांकीपुर

मै रेखा कुमारी, उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजानिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत के बारे में निम्नलिखित विवरणों कीघोषणा करती हूँ.

(1) लंबित आपराधिक मामले

| क्रम स0. | न्यायलय का नाम | मामले की सं. एवं दिनांक | मामले की स्थिति | सम्बंधित अधिनियमों की धाराए एवं अपराध का संछिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A.C.J.M. 11, PATNA | G.R.NO. 033607 (दिनांक पता नहीं) | लंबित | Sec.- 308,379,467,468,34 IPC, PROPERTY DISPUTE |

(2) आपराधिक मामलो के लिए दोषसिद्धि के मामले के संबंद में विवरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेशो की तारिख | अपराध और अधिरोपित दंड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

## राज्य सरकार की उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार हेतु आज होगा विशेष कार्यक्रम

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्य सचिव के निर्देशानुसार बिहार सरकार की विगत दिनों की उपलब्धियों, विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु शनिवार को जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय आयोजन का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा तथा आम नागरिकों को सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों से अवगत कराया जाएगा। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला स्तर पर उप विकास आयुक्त-सह- सीईओ रवि राकेश को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है, जबकि प्रखंड स्तर पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी होंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, जीविका समूहों, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय उद्यमियों तथा आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला मुख्यालय स्थित समीक्षा भवन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन एवं टेलीविजन के माध्यम से किया जाएगा। वहीं सभी प्रखंड मुख्यालयों एवं पंचायत सरकार भवनों में भी स्थानीय स्तर पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम स्थलों पर एलईडी स्क्रीन, ध्वनि विस्तारक यंत्र, विद्युत आपूर्ति, इंटरनेट कनेक्टिविटी, पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

# सिद्धो-कान्हो सहकारी संघ की वार्षिक आम सभा संपन्न, किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर भवन में शुक्रवार को सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड की वार्षिक आम सभा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कृषि एवं वनोपज के संग्रहण, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग और विपणन को मजबूत बनाने के साथ-साथ संघ को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई।उपायुक्त ने कहा कि सहकारिता किसानों और वनोपज संग्रहकर्ताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिया कि धान, गेहूं, मडुआ, कोदो, महुआ, हर्रा, बहेड़ा, आंवला, चिरौंजी, लाख, रेशम समेत अन्य उत्पादों के संग्रहण, भंडारण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग और विपणन की बेहतर व्यवस्था विकसित की जाए ताकि किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके बैठक में संघ के वार्षिक बजट, व्यय अनुमोदन, कर्मचारियों की सेवा शर्तों, बैंकिंग व्यवस्था, आय के नए स्रोतों के सृजन और सहकारी समितियों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण से जुड़े प्रस्तावों पर आवश्यक निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए उन्होंने सदस्य समितियों के प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, आधुनिक विपणन व्यवस्था और राज्य व राष्ट्रीय बाजारों तक उत्पादों की पहुंच बढ़ाने पर विशेष बल दिया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों, कर्मचारियों और सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया बैठक में पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी सहित संघ के पदाधिकारी, सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।







# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बिहार भेजी जा रही 18 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** हजारीबाग पुलिस ने चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार भेजी जा रही 18 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस दौरान पुलिस ने मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया, जबकि तस्करी में प्रयुक्त दो कारों को भी जब्त कर लिया। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को 23 जुलाई को गुप्त सूचना मिली थी कि कमलवार से अंबाजीत जाने वाली सड़क पर एक सफेद रंग की कार से शराब लाकर दूसरी कार में लोड कर बिहार भेजी जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम जब कमलवार मोड़ से लगभग 500 मीटर आगे अंबाजीत रोड पहुंची तो दो कारें आमने-सामने खड़ी मिलीं। दोनों वाहनों की डिक्की खुली थी और कुछ लोग एक कार से दूसरी कार में सामान लोड कर रहे थे। पुलिस को देखते ही वे भागने लगे, लेकिन पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए तीनों आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चौपारण थाना क्षेत्र के दवगर मोहल्ला निवासी सोनू कुमार दास (35 वर्ष) तथा बिहार के गया जिले के डोभी थाना अंतर्गत करमोनी गांव निवासी आशीष कुमार (20 वर्ष) और संतोष कुमार यादव (20 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा दोनों वाहनों की तलाशी लेने पर हुंडई वरना कार से ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की की 11 पेटी तथा अल्टो कार से 7 पेटी बरामद हुई। कुल 18 पेटी में 864 पीस अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसके संबंध में आरोपित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि शराब को बगोदर से हुंडई वरना कार में लाया गया था और उसे अल्टो कार के माध्यम से बिहार भेजने की तैयारी चल रही थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा दोनों कारों और अवैध शराब को जब्त कर लिया। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही राधा प्रेम किशोर, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक श्रवण कुमार पासवान, सहायक अवर निरीक्षक बादल महतो एवं चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### भवन निर्माण विभाग में मंत्री प्रतिनिधि बने आदिल रशीद

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आदिल रशीद को भवन निर्माण विभाग का मंत्री प्रतिनिधि नियुक्त किया है।नियुक्ति के बाद आदिल रशीद ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपे गए इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता होगी आदिल रशीद ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह सहित पूरे झामुमो परिवार का भी धन्यवाद देते हुए कहा कि संगठन के विश्वास और सहयोग से उन्हें जनता की सेवा का अवसर मिला है।उन्होंने कहा कि भवन निर्माण विभाग से जुड़े आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे तथा जनता और विभाग के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।आदिल रशीद ने विश्वास जताया कि मंत्री द्वारा सौंपे गए इस महत्वपूर्ण दायित्व पर वे पूरी तरह खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे और विभागीय कार्यों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### डीएवी हजारीबाग ने क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2026-27 में लहराया परचम

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएवी पब्लिक स्कूल, कैनरी हिल रोड, हजारीबाग ने डीएवी क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2026-27 (क्लस्टर-कक्ष) में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज एवं योग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पुरस्कार अपने नाम किए। द्विदिवसीय इस प्रतियोगिता में समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री अविनाश कुमार, आईपीएस, कमांडेंट, खअढ-7, पदमा, हजारीबाग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री हर्ष अजमेरा, निदेशक, आरोग्यम हॉस्पिटल, हजारीबाग थे। प्रतियोगिता का प्रमुख आकर्षण विद्यालय की बास्केटबॉल टीमों का शानदार प्रदर्शन रहा। डीएवी हजारीबाग ने अंडर-17 बालक एवं अंडर-17 बालिका बास्केटबॉल वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इसके अलावा भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने वॉलीबॉल, शतरंज एवं योग की विभिन्न स्पर्धाओं में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री अविनाश कुमार, आईपीएस ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व और दृढ़ संकल्प का विकास करता है। वहीं प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार ने विजेताओं एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत और विद्यालय की उत्कृष्ट खेल संस्कृति का परिणाम बताया। भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ इस प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ। डीएवी हजारीबाग की इस उपलब्धि ने एक बार फिर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया।

### राष्ट्रीय खेल क्लस्टर-6 के लिए 115 खिलाड़ी व 8 प्रबंधक देवघर रवाना

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विभिन्न खेलों में डीपी एवं राष्ट्रीय खेल क्लस्टर-6 में भाग लेने के लिए शुक्रवार को गिरिडीह पब्लिक स्कूल से 115 खिलाड़ियों एवं 8 प्रबंधकों का दल देवघर के लिए रवाना हुआ। यह प्रतियोगिता 24 से 31 जुलाई तक आयोजित होगी दल में क्रिकेट, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, खो-खो, शतरंज, जूडो, ताइक्वांडो और बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ी शामिल हैं। विद्यालय के प्रबंधक के रूप में विवेक डे तथा शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी टीम के साथ गए हैं। कुल 123 सदस्यीय दल प्रतियोगिता में भाग लेगा।रवानगी से पूर्व विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश गोयल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अनुशासन, मेहनत और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करें तथा विद्यालय और जिले का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित करें।

### छात्र आंदोलन की आड़ में समाहरणालय पर उपद्रव करनेवाले 23 आरोपी गिरफ्तार

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को नीट पेपर लीक मामले में विरोध मार्च निकाला गया था।बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के निकाली गयी इस विरोध मार्च की आड़ में कुछ उपद्रवी तत्वों ने समाहरणालय पहुंचकर उपद्रव मचाया था। विधि व्यवस्था संधारण में लगे पुलिस बल पर पत्थर बरसाये थे। समाहरणालय द्वार को तोड़ने का प्रयास किया गया था। पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल उपद्रवी तत्वों की सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त सबूत के आधार पर इस उपद्रव में शामिल 72 उपद्रवियों के फोटो जारी किये थे। कटिहार पुलिस ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए जन सहयोग से कटिहार स्टेशन से 23 वां उपद्रवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनकी पहचान अहसन रजा (20) पिता तफ्फिक रजा, साकिन मौलानापुर, थाना सुधानी, जिला कटिहार के रुप में हुई है। गिरफ्तार उपद्रवी को न्यायिक हिरासत मे भेजकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई मे जुट गयी है।

### अतिक्रमण एवं प्लास्टिक रखने वाले दुकानदारों पर नगर पंचायत का चला डंडा

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार एवं स्वच्छता पदाधिकारी सुश्री अरुणिमा पूर्वी एवं नगर पंचायत बारसोई के कार्यालय कर्मियों की नेतृत्व में मस्जिद चौक, बुद्धिगंज हाट एवं फल पट्टी क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक,अतिक्रमण एवं स्वच्छता नियमों के अनुपालन को लेकर विशेष जांच एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दुकानदारों से प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण करने, डस्टबिन नहीं रखने तथा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर नियमानुसार जुमाना लगाया गया। इस संबंध में नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार ने नगर पंचायत बारसोई द्वारा सभी दुकानदारों एवं व्यवसायियों से अपील की गई कि वे अपनी-अपनी दुकानों पर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें, प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः बंद करें तथा सड़क एवं नालियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। नगर पंचायत ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी नियमित रूप से जांच अभियान चलाकर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक ने आठवीं के छात्रों को बांटीं निःशुल्क साइकिलें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** केबीएसएस चौपारण परिसर में कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक मनोज कुमार यादव व बीडीओ नितेश भास्कर ने मध्य विद्यालय सिंहपुर के बच्चों को स्वयं साइकिलें सौंपी। साइकिल मिलते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए आवागमन को आसान बनाना है। बीडीओ नितेश भास्कर ने सरकारी योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विधायक ने केबीएसएस के शिक्षकों और छात्रों से बातचीत कर स्थानीय शैक्षणिक सुविधाओं का जायजा लिया तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अंकित यादव, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव व रामस्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि विराज रविदास, मंडल अध्यक्ष रेवाशंकर साव एवं कुलदीप पांडेय, प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिलीप राणा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक काली राम, शिक्षक उत्तम कुमार, शिव कुमार, नागेश्वर वर्मा, समाजसेवी सत्येंद्र सिंह, सियाराम सिंह, शिव कुमार यादव, भीम दांगी, अशोक पासवान सहित अन्य थे।



# केजीबीवी पीरटांड़ में छात्राओं को साइबर सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) अभियान के तहत जिला समाज कल्याण शाखा, गिरिडीह ने शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), पीरटांड़ में पौधारोपण एवं साइबर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में कक्षा 8वीं से 12वीं तक की करीब 230 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से हुई, जिसमें छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया गया। साथ ही बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण को समाज के विकास का आधार बताया गया साइबर जागरूकता सत्र में छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और लिंक, साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, ओटीपी और बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा करने के जोखिमों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें मजबूत पासवर्ड के उपयोग, व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने और संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों को तुरंत शिकायत करने की सलाह दी गई शिविर में 1930 साइबर हेल्पलाइन और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई। इसके अलावा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समेत महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

# जनता दरबार में 70 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनीं, कई मामलों का समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह के उपायुक्त रामनिवास यादव ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार आयोजित कर जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे 70 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के निर्देश दिए जनता दरबार में बिजली बिल, भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक विवाद, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मामलों की शिकायतें प्रमुख रहीं। उपायुक्त ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया, जबकि शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। इससे लोगों की समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान होता है और प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत होता है। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने तथा जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव हो, उनका नियमानुसार तुरंत निपटारा करने के निर्देश दिए।



# गांडेय में फर्जी आरटीओ चालान बनाकर साइबर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गांडेय थाना क्षेत्र से फर्जी आरटीओ चालान बनाकर लोगों से ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर थाना एवं गांडेय थाना की संयुक्त टीम ने की।पुलिस के अनुसार, गांडेय थाना क्षेत्र के ग्राम पुर्णडीह स्थित एक किराये के मकान में बैठकर आरोपी मोबाइल फोन के माध्यम से लोगों को फर्जी आरटीओ चालान भेजते थे। इसके अलावा आरटीओ ऑफिस एवं डॉक्टर के नाम पर अपॉइंटमेंट बुकिंग का झांसा देकर भी साइबर ठगी को अंजाम दिया जाता था गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कैफ अंसारी (21 वर्ष) और इरशाद अंसारी (19 वर्ष), दोनों निवासी बड़कीसरैया, थाना गांडेय, जिला गिरिडीह के रूप में हुई है छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 मोबाइल फोन, 7 सिम कार्ड, 1 आई-पैड और 2 मोटरसाइकिल बरामद किए हैं इस संबंध में साइबर थाना गिरिडीह में कांड संख्या 22/2026 दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है यह कार्रवाई साइबर थाना प्रभारी पु.नि. रामेश्वर भगत के नेतृत्व में गठित टीम ने गांडेय थाना पुलिस एवं पुलिस लाइन से प्राप्त सशस्त्र बल के सहयोग से की।



# खेलो इंडिया अस्मिता वुशु सिटी लीग का आयोजन 26 जुलाई को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल खेलो इंडिया अस्मिता वुशु सिटी लीग का आयोजन 26 जुलाई (रविवार) को गिरिडीह के मोहनपुर स्थित द बैलेंस पाथ एकेडमी में होगा। प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड वुशु संघ के तत्वावधान में गिरिडीह जिला वुशु संघ द्वारा कराया जाएगा जिला वुशु संघ के अध्यक्ष संदीप दंगाइच ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को वुशु में अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच उपलब्ध कराना तथा खेलों के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़ाना है। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु और भार वर्ग की महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगी।उन्होंने बताया कि जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता का संचालन वुशु संघ के तकनीकी अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों की देखरेख में किया जाएगा आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों से निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेज और खेल सामग्री के साथ उपस्थित होने की अपील की है। साथ ही अभिभावकों, खेल प्रेमियों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का अनुरोध किया गया है।

# सोनम वांगचुक के अनशन समाप्त करने पर राजद जिलाध्यक्ष इरफान आलम का सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने छात्र आंदोलन और सोनम वांगचुक के अनशन समाप्त करने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा के हाथों जूस पीकर सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त करना उन्हें अन्ना हजारे आंदोलन की याद दिलाता है इरफान आलम ने कहा कि जैसे अन्ना हजारे ने लोकपाल विधेयक पर सरकार के आश्वासन के बाद अपना अनशन समाप्त किया था, उसी प्रकार सोनम वांगचुक ने भी शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मूल मांग पूरी हुए बिना प्रधानमंत्री के आश्वासन पर अपना अनशन समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाने और दोषियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन छात्रों की प्रमुख मांग अभी भी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की है राजद जिलाध्यक्ष ने कहा कि छात्र आंदोलन अब व्यापक स्वरूप ले चुका है और बड़ी संख्या में छात्र अपनी मांगों पर कायम हैं। उनके अनुसार, यदि सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है तो आंदोलन और तेज हो सकता है इरफान आलम ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में आंदोलन को मजबूत और स्पष्ट नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुए 1974 के छात्र आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि उस आंदोलन ने व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई पीढ़ी भी लोकतांत्रिक तरीके से अपने अधिकारों और व्यवस्था सुधार के लिए आगे आएगी।

# इनर व्हील क्लब ने शुरू किया मशरूम उत्पादन प्रकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स ने पारसाटांड़ पंचायत भवन के समीप मशरूम उत्पादन के लिए कोल्ड स्टोर का उद्घाटन किया। परियोजना का शुभारंभ रांची से आई डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी नीता नारायण ने किया इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा, रांची की अध्यक्ष नीता शेखर, सचिव शालिनी सिन्हा, चार्टर प्रेसिडेंट श्रीमती दीपा चौहान सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सभी ने इस पहल को ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। परियोजना के पहले चरण में पांच ग्रामीण महिलाओं को मशरूम उत्पादन से जोड़ा जाएगा। कोल्ड स्टोर की सुविधा मिलने से उत्पाद सुरक्षित रहेगा और महिलाओं को नियमित आय का अवसर मिलेगा, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी क्लब की अध्यक्ष प्रीति भास्कर ने कहा कि इनर व्हील का उद्देश्य केवल सेवा करना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में स्थायी बदलाव लाना है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना पांच परिवारों के उज्ज्वल भविष्य की नींव बनेगी और आगे भी ऐसे आजीविका आधारित प्रकल्प संचालित किए जाएंगे परियोजना के सफल संचालन में पीडीसी श्रीमती पूनम सहाय का विशेष सहयोग रहा। क्लब की सचिव श्रीमती नमिता वर्मा ने सभी अतिथियों, ग्रामीणों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण से जुड़े जनहितकारी कार्य करती रहेगी कार्यक्रम में क्लब की सदस्याएं, ग्रामीण महिलाएं, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# प्रदर्शन के मद्देनजर अलर्ट मोड में औरंगाबाद प्रशासन

## चौक-चौराहों पर बढ़ाई गई चौकसी


डीएम अभिलाषा शर्मा


एसपी उपेन्द्रनाथ शर्मा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नीट पेपर लीक के मद्देनजर जिले में छात्रों के संभावित प्रदर्शन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। किसी भी अप्रिय घटना और कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। जिला मुख्यालय के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही पुलिस की गश्ती टीम लगातार शहर का भ्रमण कर रही है और प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही पर पैनी नजर रखी जा रही है। प्रशासन किसी भी परिस्थिति में मामले में नजर रखे हुए है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बंद के दौरान जबरन दुकानें बंद कराने, सड़क जाम करने, अफवाह फैलाने या सरकारी एवं सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिले के सभी थाना क्षेत्रों को अलर्ट मोड पर रखा गया है और अतिरिक्त पुलिस बल को भी हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप सहित अन्य माध्यमों पर भ्रामक, अफवाह फैलाने वाली या किसी भी वर्ग को भड़काने वाली पोस्ट करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम लोगों से अपील की गई है कि किसी भी अपुष्ट सूचना पर भरोसा न करें और बिना सत्यापन के उसे साझा करने से बचें। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा के नेतृत्व में पुलिस टीम हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध है। जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन का कहना है कि फिलहाल जिले में स्थिति पूरी तरह सामान्य है, लेकिन एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। इस दौरान जिला मुख्यालय के रमेश चौक, समाहरणालय परिसर, धर्मशाला चौक, ओवरब्रिज, महाराजगंज रोड सहित शहर के कई अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है जो हमेशा अलर्ट मोड में रहेंगी।

## 25 व 26 जुलाई को बंद रहेंगे शैक्षणिक संस्थान

### डीएलएड एवं बीबीओएसई की होंगी परीक्षाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला दंडाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा विधि-व्यवस्था के मद्देनजर जारी आदेश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने 25 से 26 जुलाई तक जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, प्री-स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों को पूर्णतः बंद रखने का आदेश जारी किया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि में डीएलएड (फ़ेस-टू-फ़ेस) परीक्षा 2026 एवं बीबीओएसई की प्रायोगिक परीक्षा 2026 पूर्व निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर संचालित होगी। सभी केन्द्राधीक्षक, प्रति नियुक्त शिक्षक एवं कर्मी समय पर परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी परीक्षार्थियों को निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर पूर्ण शुचिता एवं अनुशासन के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने का निर्देश दिया गया है। जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं प्रधान शिक्षक को निर्देशित किया गया है कि 25 एवं 26 जुलाई को विद्यालय पूर्णतः बंद रहेंगे तथा इस अवधि में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति नहीं होगी। संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को उक्त आदेश का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने सभी शैक्षणिक संस्थानों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से जारी आदेश का पूर्णतः पालन करने की अपील की है।

## एचआइवी की रोकथाम को लेकर चलेगा विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना परियोजना निदेशक द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एचआईवी एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद जिले से उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपमा सिंह, जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. रविरंजन तथा एआरटी केंद्र के डाटा मैनेजर ओम प्रकाश सिंह शामिल हुए। बैठक के दौरान राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित प्रथम 95, द्वितीय 95 एवं तृतीय 95 लक्ष्यों की शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत समीक्षा की गई। परियोजना निदेशक द्वारा निर्देश दिया गया कि जिले में एचआईवी संक्रमण से प्रभावित व्यक्तियों की अधिकाधिक पहचान सुनिश्चित करने के लिए चिन्हित उच्च जोखिम वाले समूहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में दिन एवं रात्रि स्वास्थ्य शिविरों का नियमित आयोजन किया जाए। साथ ही, चिन्हित एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने, एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) से जोड़ने, उपचार की निरंतरता बनाए रखने तथा गर्भवती महिलाओं से शिशुओं में एचआईवी संक्रमण के संचरण (माता-पिता से बच्चे में संक्रमण की रोकथाम) की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विभिन्न सहयोगी संस्थाओं एवं विकास साझेदारों के साथ समन्वय स्थापित कर जागरूकता, जांच, परामर्श एवं उपचार संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि जिले में एचआईवी संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के उद्देश्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सके।

## संदिग्ध परिस्थितियों में ढाबा कर्मी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारुन थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित एक ढाबे में संदिग्ध परिस्थितियों में कार्यरत एक कर्मी की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ राज्य के रायगढ़ जिले के पूंजी पथरा थाना क्षेत्र के गेरवानी गांव निवासी 48 वर्षीय दलबीर सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने मौत पर संदेह जताते हुए हत्या का आरोप लगाया है और पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शुक्रवार के पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के पुत्र राजेंद्र सिंह और दामाद दीपक ने बताया कि गुरुवार की शाम ढाबा मालिक राजवीर ने उन्हें सूचना दी थी कि दलबीर सिंह की अचानक तबीयत खराब हो गई है, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने के बाद उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, घटना संदिग्ध प्रतीत होने पर उसी समय बारुण थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के पुत्र ने बताया कि उनके पिता पहले ढाबा मालिक की गाड़ी चलाया करते थे और बाद में होटल में भी काम करने लगे थे। उन्होंने कहा कि उनके पिता को किसी भी प्रकार की बीमारी नहीं थी। ऐसे में अचानक हुई मौत कई सवाल खड़े कर रही है। बेटे और दामाद ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस पदाधिकारी से मामले की गहन जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में बारुण थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अपराधियों व शराब तस्करों पर पुलिस की कड़ी नजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपराध नियंत्रण, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा शराब तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने देर रात सघन वाहन जांच अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोक कर उनकी गहन जांच की गई। वाहनों की डिक्की, सीटों के नीचे तथा अन्य हिस्सों की तलाशी ली गई। साथ ही वाहन चालकों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल की गई। बिना वैध कागजात वाले वाहनों और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों से पूछताछ भी की गई। पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों, चोरों, शराब तस्करों एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। देर रात चलाए गए इस अभियान के दौरान प्रमुख चौक-चौराहों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की क्रमवार जांच की गई। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

## युवाओं में अनुशासन और व्यक्तित्व विकास का सर्वोत्तम मंच है एनसीसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** 13 बिहार बटालियन एनसीसी, औरंगाबाद के नवपदस्थापित कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रवीण कुमार तोमर ने 3/13 कंपनी एनसीसी, राम लखन सिंह यादव कॉलेज का औपचारिक भ्रमण एवं निरीक्षण किया। उनके साथ एडम ऑफिसर कर्नल प्रदीप तक्षक तथा सूबेदार मेजर रमेश पात्रा भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विजय रजक एवं एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके उपरांत 3/13 कंपनी एनसीसी के कैडेटों ने गार्ड कमांडर अंडर ऑफिसर विकास कुमार के नेतृत्व में कमांडिंग ऑफिसर को शानदार गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी स्वीकार करते हुए कर्नल प्रवीण कुमार तोमर ने कैडेटों के अनुशासन, एकरूपता, आत्मविश्वास एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। भ्रमण के दौरान कमांडिंग ऑफिसर ने एनसीसी कार्यालय, प्रशिक्षण अभिलेखों, प्रशासनिक व्यवस्था, कैडेट गतिविधियों तथा एनसीसी से जुड़े विभिन्न कार्यों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कैडेटों से संवाद करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रभक्ति, सेवा भावना एवं व्यक्तित्व विकास का सर्वोत्तम मंच है। प्रत्येक कैडेट को प्रशिक्षण के प्रत्येक अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए स्वयं को एक जिम्मेदार एवं आदर्श नागरिक के रूप में विकसित करना चाहिए। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विजय रजक ने कहा कि महाविद्यालय में एनसीसी इकाई विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कॉलेज प्रशासन एनसीसी की सभी गतिविधियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों को निरंतर सहयोग प्रदान करता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर नैक समन्वयक डॉ. तरुण माथुर, परीक्षा समन्वयक डॉ. अरविंद कुमार, प्रधान सहायक कार्तिकेय कुमार तिवारी, लेखापाल विवेक कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## विभिन्न मामलों में जेल भेजे गए 25 लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 25 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार, हत्या प्रयास के शीर्ष में 11, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 12 तथा अन्य मामलों में 15 लोगों की गिरफ्तारी की गई। एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है। 843.20 लीटर देसी शराब, एक कार एवं एक बाइक जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 962 वाहनों की जांच की गई जिसमें 58000 रुपये शमन की राशि वसूल की गई। 20 वारंट का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साइबर पुलिस द्वारा 27785 रुपये रिकवर किया गया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

## प्रत्येक परिवादों का निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण हो समाधान

### दाखिल ।।खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड आदि से संबंधित आए कई मामले

**जनता दरबार**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सात निश्चय-3 अंतर्गत ह्लसबका सम्मान जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे।जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

## औरंगाबाद में प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण पर जिलास्तरीय कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिले के सभी मध्य विद्यालयों में प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण (पीबीएल) कार्यक्रम का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलास्तरीय एक दिवसीय समीक्षा सह उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सभी प्रखंडों की टेक्निकल टीम के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला को जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) संतोष कुमार तथा सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने संबोधित किया। दया शंकर ने कहा कि विद्यालयों में प्रोजेक्ट आधारित और प्रयोग आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सीखने का अवसर दिया जाए। उन्होंने कहा कि जब बच्चे स्वयं प्रयोग करके सीखते हैं, तभी वास्तविक और प्रभावी शिक्षा प्राप्त होती है। संतोष कुमार ने प्रखंड स्तरीय टेक्निकल टीम से कहा कि वे मध्य विद्यालयों में गणित और विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षकों को तकनीकी सहयोग दें तथा प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण कार्यक्रम को शत-प्रतिशत पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि यह पद्धति शिक्षण को रुचिकर और सरल बनाती है तथा बच्चों को गणित और विज्ञान की अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करती है। जिला टेक्निकल टीम के चंद्रशेखर प्रसाद साहू, मृदुला सिन्हा, शोभा कुमारी और राजीव रंजन सिंह ने बताया कि कक्षा 6, 7 और 8 में गणित एवं विज्ञान विषय का एक प्रोजेक्ट प्रत्येक माह पूरा करना अनिवार्य है। जिन शिक्षकों को तकनीकी जानकारी का अभाव है, उन्हें सहयोग देकर प्रोजेक्ट का अंतिम सबमिशन सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यशाला में टेक्निकल टीम को इंस्पायर अवार्ड के लिए कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के विज्ञान संबंधी आइडिया का नामांकन कराने का भी निर्देश दिया गया। प्रत्येक विद्यालय से पांच विद्यार्थियों के आइडिया अपलोड किए जाएंगे। चयनित आइडिया पर विद्यार्थी को 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। संतोष कुमार ने चेतावनी दी कि जिन विद्यालयों में अभी तक पीबीएल प्रोजेक्ट शुरू नहीं हुआ है, वहां के प्रधानाध्यापक तथा गणित-विज्ञान शिक्षकों से कारण बताओ नोटिस मांगा जाएगा। जिन विद्यालयों में गणित-विज्ञान शिक्षक नहीं हैं, वहां प्रधानाध्यापक किसी कार्यरत शिक्षक को नामित कर पीबीएल कार्यक्रम का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों में भी बेहतर कार्य करना हमारी क्षमता है और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही सबसे बड़ा लक्ष्य है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी. बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

## अब केवल स्मृतियों में शेष हैं कबरिया और पहिरोपना की रस्में और लोक परंपराएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बरसात की पहली फुहारों के साथ जब खेतों की मिट्टी सोंधी महक बिखेरती है और धान के नन्हे पौधे पानी से लबालब खेतों में अपनी नई यात्रा शुरू करते हैं, तब केवल फसल ही नहीं उगती, बल्कि लोकजीवन की सदियों पुरानी संस्कृति भी सांस लेती है। कभी धान की रोपनी केवल खेती का काम नहीं, बल्कि लोकगीतों, आशीर्वादों, आस्था और सामूहिक श्रम का उत्सव हुआ करती थी। आज खेत तो वैसे ही हैं, पानी भी है और धान की पौध भी, लेकिन कबरिया की जयकार, रोपनहारों का उल्लास और धरती माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाली परंपराएं धीरे-धीरे समय की धूल में दबती जा रही हैं। इन दिनों खेतों में बिहन कबारने और धान की रोपनी का काम पूरे जोर-शोर से चल रहा है। लेकिन इसके साथ जुड़ी अनेक सांस्कृतिक परंपराएं अब लगभग विलुप्त हो चुकी हैं। आधुनिकता और बदलती सामाजिक परिस्थितियों ने उन लोकरीतियों को पीछे छोड़ दिया है, जो कभी ग्रामीण जीवन की आत्मा हुआ करती थीं। किसान बताते हैं कि पहले बिहन कबारते समय कबरिया सामूहिक जयकारा लगाते थे। उस जयघोष से खेतों में उत्साह का वातावरण बन जाता था। रोपनी शुरू होने से पहले रोपनहार महिलाएं किसान के घर जाती थीं। किसान की पत्नी सभी रोपनहारों की मांग में सिंदूर भरती थी, उन्हें सरसों का तेल लगाती थी और खोंइछा देती थी। खोंइछा में चावल और गुड़ रहता था। रोपनहार उसे लेकर खेत में जाते, धरती माता के नाम पर उसका अंश अर्पित करते और प्रार्थना करते कि किसान की फसल भरपूर हो, ताकि किसान भी सुखी रहे और खेतों में मेहनत करने वालों का भी पेट भर सके। दिनभर रोपनी के बाद शाम को रोपनहार फिर किसान के घर पहुंचते थे। वहां उन्हें लुकमा दिया जाता था। लुकमा में फूला हुआ चना, मटर और चावल से बना करसर होता था, जिसे वे अपने घर ले जाते थे। यह केवल भोजन नहीं, बल्कि किसान और खेतिहर मजदूर के बीच आत्मीयता, सम्मान और साझेदारी का प्रतीक था। आज यह परंपरा पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। धान की खेती में उठारो या बनउखाड़ भी एक महत्वपूर्ण लोक परंपरा थी। जिस दिन किसी किसान के सभी बिहन उखाड़ लिए जाते थे, उस दिन को उठारो कहा जाता था। रोपनहार महिलाएं बिहन का गुच्छा सिर पर रखकर किसान के घर जाती थीं। किसान उन्हें बन या दक्षिणा देता था, जिसमें चावल, कपड़ा और नकद राशि होती थी। इसे स्थानीय भाषा में गवछी कहा जाता था। किसान इस दक्षिणा का एक भाग अपने गृह देवता को भी अर्पित करता था। यह श्रम के सम्मान और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अद्भुत उदाहरण था। ग्रामीण समाज के बुजुर्ग मानते हैं कि खेती केवल उत्पादन का साधन नहीं थी, बल्कि मनुष्य, प्रकृति और ईश्वर के बीच विश्वास का सेतु थी। आज मशीनों ने श्रम को आसान बना दिया है, लेकिन उन लोकरीतियों की आत्मीयता, सामूहिकता और सांस्कृतिक ऊष्मा धीरे-धीरे इतिहास बनती जा रही है।

## सीडीपीओ को दी गई विदाई

**अंबा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कुटुंबा की निवर्तमान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्वेता कुमारी के स्थानांतरण पर शुक्रवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सेविका मंजू कुमारी ने की, जबकि संचालन रूबी कुमारी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेविका, सहायिका एवं परियोजना कर्मी उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए सेविका श्रीकांति तिवारी ने कहा कि श्वेता कुमारी के नेतृत्व में सभी को सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नए कार्यस्थल पर सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।